राइन ने अपने प्रयोगों से इन तथ्यों को उद्घाटित किया–

1. भौतिक माध्यमों और संचार व्यवस्था के अभाव में भी एक मन दूसरे मन को प्रभावित कर सकता है। 2. बिना किसी ज्ञान–संवेदी यंत्र की सहायता के मन पदार्थ से सक्रिय ज्ञानात्मक संबंध स्थापित कर सकता है। 3. इस प्रक्रिया में दिक्काल की ओर से कोई बाधा उपस्थित नहीं होती।

टायरिल ने एक बड़ी महत्त्वपूर्ण बात का उल्लेख करते हुए कहा– अधिकतर अन्वेषक अपने प्रयोगों में भौतिक विज्ञानों की तरह प्रायोगिक दशाओं पर बल देते समय इस तथ्य की पूर्णत: उपेक्षा कर देते हैं कि अतीन्द्रिय प्रत्यक्षण में मात्र भौतिक दशाओं का ही महत्त्व नहीं होता, वरन् मनोवैज्ञानिक दशाएं भी बड़ी महत्त्वपूर्ण हुआ करती हैं। मात्र इन्द्रियों से ही मानव व्यक्तित्व की समग्रता को ग्रहण करना संभव नहीं, उसका बहुत बड़ा अंश इन्द्रियातीत रहता है। उनकी दृष्टि से परासामान्य और सामान्य जैसा भेद भी अवास्तविक है। हर व्यक्ति में ऐसी क्षमता होती है। प्रयोगकर्ता का कार्य ग्राही के मन के अवरोधों को दूर कर इस क्षमता की अभिव्यक्ति को प्रेरित करना होता है और इसके लिए व्यक्तिगत प्रभाव की भी अपेक्षा रहती है।

टायरिल के अनुसार अधिचेतना की क्रिया काल–निरपेक्ष होती है तथा विचार संक्रमण की प्रक्रिया में किसी प्रकार के भौतिक कार्य–कारण संबंध को खोजना उचित नहीं है। टेलीपेथी पर अपने विचारों का समाहार करते हुए टायरिल लिखते हैं–"In telepathy, person whose body is in one place can have knowledge of what is in the mind of a person whose body is at

1. A change in the inner state of a spiritual affects the inner state of material elements of body which it animates directly by a kind of telepathic report.
2. Bergson put forward in connection with normal memory and sense perception. C.D., Broad : Religion, Philosophy and Psychical Research, Kegan Paul, London, p. 22-23

another place without any physical action taking place in the intervening space. Action in the physical world can, moreover, be taken as a result of knowledge so acquired, thus something can happen in the ordinary world as the result of telepathy which would not happen otherwise."

प्राइस की दृष्टि में विचार संक्रमण अभिज्ञान न होकर एक विशेष प्रकार का अनुप्रेषण है।[1] हमारे मन का अवचेतन दूसरे मन के अवचेतन अंश से कार्य-कारण रूप से सम्बन्धित है। अतः प्राइस विचार संक्रमण की उत्पत्ति अभिग्राहक और अभिप्रेषक के बीच अनुभव की एकरूपता पर आधारित मानते हैं। बर्गसां की तरह प्राइस भी विचार-संक्रमण की अनवरतता में निरोधात्मक रचनातंत्र को अवरोधक मानते हैं। जब यह अवरोध प्रशांत अवस्था में क्षीण हो जाता है, मन विचार-संक्रमण की क्रिया को ग्रहण करने में सक्षम हो जाता है।

वाटली कैरिंटन के अनुसार एक समान वातावरण से मनों में एक जैसे बोध उत्पन्न होते हैं। विचार-संक्रमण के समय अभिप्रेषक के मन में कोई विषय होता है तो स्वभावतः ही उस विषय से सम्बद्ध अनेक प्रकार के विचार भी रहते हैं और प्रयोगकाल में सम्बद्ध भाव भी जुड़े रहते हैं। चूंकि अभिप्रेषक और अभिग्राहक- दोनों के मन में अवचेतन या अचेतन रूप से कुछ सामान्य रहता है अतः अभिग्राहक के मन में वे विचार उभर आते हैं।

टेलीपेथी विषयक भारतीय चिंतन परामनोविज्ञान की मान्यताओं से भिन्न है। पातंजल योग के विभूतिपाद में परचित्त ज्ञान का स्पष्ट उल्लेख है।[2] यहां स्वचित्त ज्ञान का भी उल्लेख किया या है।[3] परचित ज्ञान के लिए दूसरे व्यक्ति की चित्तवृत्ति में संयम करने का निर्देश है। संयम का अर्थ भी महत्त्वपूर्ण है- त्रयमेकत्रसंयम,[4] अर्थात् धारणा, ध्यान और समाधि तीनों एक ही विषय को सिद्ध करने के लिए मिलें तो ''संयम'' कहा जाएगा। योगशास्त्र का परचित्त बोध परामनोविज्ञान के समान है या नहीं, इस प्रश्न पर विचार करें तो प्राइस का मत उभर कर सामने आता है, जहां विचार संक्रमण को अभिज्ञान न मानकर एक विशेष प्रकार का अनुप्रेषण मानते हैं।

बौद्ध दर्शन में चेतोपर्यज्ञान[5] (परचित्त बोध) को माना गया है जो एकाग्र (समाहित) मन के द्वारा ही संभव है। जैनदर्शन के मनःपर्यवज्ञान को टेलीपेथी के समकक्ष कुछ अन्तर में रखा जा सकता है और वह अंतर यह है कि जानने वाली आत्मा है न कि मन। जैनदर्शन के अनुसार मनःपर्यवज्ञान इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना साक्षात् आत्मा से होता है। चेतोपर्यज्ञान और मनःपर्यवज्ञान में दूसरे के विचारों को जाना जा सकता है पर विचार संप्रेषण नहीं किया जा सकता।

दूर-दृष्टि (Clairvoyance)- परामनोविज्ञान में दूर-दृष्टि को भौतिक पदार्थों या घटनाओं

1. Telepathy, says Price, is more like intution than like knowledge.
2-4. योगसूत्र, 3.19-20, 3.34, 3.4
5. David J. Kaluphana : Buddhist Philosophy, p. 22-23. Telepathy (Cetopariyanana), which enables one to comprehend the general state as well as the functioning of another's mind.

की अतीन्द्रिय जानकारी के अर्थ में लिया गया है।[1]

डॉ. रायन किसी व्यक्ति की मानसिक अवस्था या विचारों से भिन्न किसी वस्तु अथवा वस्तुपरक घटनाओं के इन्द्रिय-निरपेक्ष बोध को दूर-दृष्टि कहते हैं।[2] रायन विचार संक्रमण और दूर-दृष्टि के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहते हैं-"At any rate, it would be difficult to offer any specific fundamental difference between the two types of manifestation of extra-sensory-perception, except, of course, in the target perceived—the one subjective and other objective.[3]" ''मेन द अननॉन'' में कहा गया है- भविष्य दर्शन और टेलीपेथी वैज्ञानिक पर्यवेक्षण के मूलाधार हैं। जो इस शक्ति से युक्त हैं, वे अन्य व्यक्तियों के गुप्त विचारों को इन्द्रिय ज्ञान को प्रयुक्त किए बिना ही ग्रहण कर लेते हैं। वे दूरी और समय से परे की घटनाओं को भी ग्रहण करते हैं। यह अतीन्द्रिय ज्ञान कुछ व्यक्तियों में स्वभावतः होता है जबकि कुछ में प्रयत्न द्वारा प्रकट होता है। मेक्डूगल लिखते हैं- ''भविष्य दर्शन का प्राचीन सिद्धान्त भली भांति प्रस्थापित है।''

दूरदृष्टि के प्रयागों में सर्वप्रथम कार्डों के प्रयागे होते थे, जिसमें प्रेषक व ग्राही के बीच दूरी रखी जाती थी तथा प्रेषक एक-एक कार्ड को उलटा उठाकर उसे बिना देखे दूसरी जगह रख देता था तथा ग्राही उस कार्ड के प्रतीक चिह्नों को नोट कर लेता था। इस तरह के कार्डों के प्रयोग हजारों मीलों की दूरी से भी किये गये। कैरिंगटन ने इन प्रयोगों के बाद चित्रों की विधि अपनाई। चित्र को वह अपनी प्रयोगशाला में यादृच्छिक रूप से टांग दिया करता था, दूर बैठे अनेक व्यक्ति उस लक्षित वस्तु के चित्र बनाते थे। इन प्रयोगों की सफलताओं की संख्या मात्र संयोग से पा सकने की तुलना में कहीं अधिक थी। इनमें कई ऐसे व्यक्ति भी पाये गये जिन्होंने लक्षित वस्तु का चित्रण वस्तु के टांगे जाने से पूर्व किया और कई ऐसे भी थे जिन्होंने लक्षित वस्तु का चित्रण एक या दो दिन बाद किया लेकिन सर्वाधिक चित्रण उसी दिन हुआ जब वह चित्र टांगा गया था। अमेरिकन साइकिकल रिसर्च सोसायटी के निदेशक डॉ. ओसिस ने भी विभिन्न दूरियों से ऐसे प्रयोग किये और अपने अध्ययन से स्पष्ट किया कि अभिप्रेषकों की मनोदशा का ग्राही की सफलताओं पर स्पष्ट असर पड़ता है। संशयमुक्त और संकल्पशील अभिप्रेषक संशयशील और जल्दबाज व्यक्तियों से कहीं अधिक सफल होते हैं।

1960 के लगभग चैकोस्लोवाकिया के भौतिक एवं जीव रसायनशास्त्री एवं परामनोविज्ञानी डॉ. मिलान रिज्ल ने कुछ व्यक्तियों को सम्मोहित करके उनमें अतीन्द्रिय प्रत्यक्षण की क्षमता विकसित करने के प्रयोग किये। इन प्रयोगों से ऐसा स्पष्ट संकेत मिला कि सम्मोहन द्वारा कुछ व्यक्तियों में अतीन्द्रिय प्रत्यक्षण की क्षमता उत्पन्न की जा सकती है। आठवें दशक में अमेरिकन

---

1. Clairvoyance—Extra-sensory awareness of physical objects or events. Parapsychology-sources of information, p. 239
2. Dr. J.B. Rhine and J.G. Pratt. Parapsychology, p.13
3. वही, पृ. 9-10

रिसर्च इन्स्टीट्यूट में डॉ. टार्ग एवं डॉ. हेराल्ड ने अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से युगान्तकारी महत्त्वपूर्ण प्रयोग किये। उनका कथन है-"हमने अपने अवलोकन से इस कठिन सत्य को पाया है कि कोई भी व्यक्ति अतीन्द्रिय-दर्शन का अनुभव कर सकता है।[1]

योगशास्त्र में चित्त की स्थिरता के लिए विषयवती प्रवृत्ति का वर्णन हुआ है। अर्थात् संयम के बल से जब सूक्ष्म शब्दादि विषयों की चित्तवृत्ति सिद्ध होती है, तो चित्त की स्थिरता संपादित होती है।[2] संयम को प्राप्त हुआ साधक ही विषयवती प्रवृत्ति उत्पक्न कर सकता है और भूतजय, इन्द्रियजय तथा प्रातिभश्रवणादि सिद्धियों को प्रत्यक्ष कर सकता है। व्यास भाष्य करते हुए कहते हैं- नासिका के अग्रभाग में संयम करने से दिव्यगंध का, जिह्वाग्र में संयम करने से दिव्यरस का, तालु में संयम करने से दिव्यरूप का, जिह्वा मध्य में संयम करने से दिव्यस्पर्श का एवं जिह्वामूल में संयम करने से दिव्यशब्द का ज्ञान होता है .... इतना ही नहीं चंद्र, आदित्य, ग्रह, मणि, दीप और रश्मि आदि में संयम करने से जो दिव्यज्ञान उत्पन्न होगा, वह भी तद्-तद् देशविषयक विषयवती होगा।[3] इन सबका समाहार दिव्य दृष्टि में हो जाता है।

ज्योतिष्मती आलोक के विषय[4]

सूक्ष्म पदार्थ ज्ञान	व्यवहित पदार्थ ज्ञान	विप्रकृष्ट पदार्थ ज्ञान
देवयोनिभूतादियोनि	(अन्दर ढके हुए पदार्थ) सुवर्णनिधि आदि	सुदूर स्टीमर आदि
सूक्ष्मशरीरी	तिजोरी के अंतर्गत पदार्थ	ब्रह्मांड के भीतर
पितृयोनि	जमीन के भीतर के पदार्थ समुद्रान्तर्गत	देशान्तर्गत जल के अन्दर दूरगत
बेक्टेरिया (सूक्ष्मजीव)	जेब के भीतर के पदार्थ	पृथ्वी के अंदर दूरगत
सिद्धलोक इत्यादि	शरीर के भीतरपर्वतादि के भीतर	चंद्रादिग्रहों के अंतर्गत आदि

इसी प्रकार ज्योतिष्मती प्रवृत्ति में साधक को विभिन्न प्रकार का आलोक दिखाई देता है।[1] इस आलोक में संयम करने से साधक को सूक्ष्म व्यवधानरहित (व्यवहित) एवं सुदूर पड़ी हुई वस्तुओं का ज्ञान होता है।

योगशास्त्र की ये सिद्धियाँ परामनोविज्ञान की दूरदृष्टि की सीमा की ओर संकेत करती हैं। महाभारत में भी संजय को व्यास द्वारा धृतराष्ट्र को युद्ध का संपूर्ण एवं सूक्ष्म वृत्तांत सुनाने के लिए दूरदृष्टि दी हुई थी। इसमें संजय दूसरे के मन की एवं अत्यन्त सूक्ष्मातिसूक्ष्म बातों की जानकारी

1. माइन्ड रीच, पृ.6
2. विषयवती का प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनस स्थिति-निबंधिनी, योशास्त्र, 1.35
3. नासिकाग्रे धारयतोऽस्य या दिव्यगंधसंवित्सा गंधप्रवृत्ति। जिह्वाग्रे रस संवित्। तालुनि रूपसंवित्। जिह्वामध्ये स्पर्शसंवित्। जिह्वामूले शब्द संवित्। एतेन चन्द्रादित्यग्रहमणिदीपरश्म्यादिषु प्रवृत्तिरुत्पन्ना विषयवत्येव वेदितव्या। योसूत्र 1.35,व्यासभाष्य
4. योगसूत्र, पृ. 278

भी धृतराष्ट्र को देता रहा था और यह भी ज्ञातव्य है कि यह शक्ति संजय में युद्धकाल तक ही रही थी।

बौद्धदर्शन में भी दिव्यदृष्टि (दिव्यचक्षु) को स्वीकार किया गया है। **जैनदर्शन** का अवधिज्ञान भी इसी तरह का है। पर बौद्धदर्शन और जैन दर्शन के इन अतीन्द्रिय ज्ञानों को परामनोविज्ञान की दूरदृष्टि की शक्तियों के सीमित अर्थ में ही तुल्य कहा जा सकता है।

पूर्वाभास (Precognition) एवं भूताभास (Retrocognition)- किसी घटना के होने से पूर्व ज्ञानप्राप्ति के किसी मान्य साधन के उपयोग के बिना उस घटना का ज्ञान हो जाना पूर्वाभास है। ज्ञान प्राप्ति के मान्य साधनों के उपयोग के बिना अतीत में हुई घटना का ज्ञान भूताभास है।

कैरिंग्टन के प्रत्यक्षानुभूति के प्रयोगों के दौरान यह पाया गया- प्रयोग कक्ष में जिस दिन चित्र टांगे गये, परीक्षार्थियों द्वारा सर्वाधिक संख्या में चित्र उसी दिन अंकित किये गये पर कुछ परीक्षार्थियों ने प्रयोगकक्ष में चित्र टांगने के एक दिन पूर्व तथा कुछ परीक्षार्थियों ने एक दिन बाद में उस चित्र को अंकित किया था। तब कैरिंग्टन का ध्यान इस ओर गया- परीक्षार्थियों में अतीन्द्रिय ज्ञान नहीं वरन् पूर्वाभास एवं भूताभास अभिव्यक्त हुआ है।

पूर्वाभास के अनुभव विज्ञान के लिए विकट चुनौती प्रस्तुत कर रहे हैं, क्योंकि इनसे विज्ञान के आधारभूत कार्य-कारण सिद्धान्त पर प्रहार होता है। अभी जब किसी घटना का ''कारण'' ही उत्पन्न नहीं हुआ तो उसके भविष्य में ''परिणाम'' का ज्ञान कैसे संभव हो जाता है?

प्रख्यात अंतरिक्ष विज्ञानी फैड हॉयल का मानना है- काल आगे से पीछे की ओर भी जा सकता है। फेयनमां ने ब्रह्मांड में प्रतिपदार्थ के गोलाकार पिंडों की खोज की है, जिन्हें वह पॉजिट्रॉन कहता है। ये पॉजिट्रॉन काल में पीछे की ओर भी चलते हैं। फेयनमां ने उनकी गति का चित्र फिल्म पर उतारा है। अंतरिक्ष विज्ञानी इस संभावना पर तेजी से कार्य कर रहे हैं कि अंतरिक्ष में हमारे सौरमंडल को छोड़कर कुछ सौरमंडल ऐसे भी हैं, जो पूरी तरह प्रतिपदार्थ के बने हैं और उनमें काल-प्रवाह उल्टी दिशा में होता है। उन्होंने टेंकयोन नामक ब्रह्मांडीय कणों की कल्पना की है, जो प्रकाश से भी तेज गति से चलते हैं तथा अतीत की ओर जाते हैं। यदि ऐसा है तो भविष्य को अतीत में देखना संभव है।''[1]

पूर्वाभास व भूताभास के कई उदाहरण हमें उपलब्ध हैं। भूतपूर्व अमेरिकन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन द्वारा अपनी मृत्यु के आभास को कई वैज्ञानिकों ने पूर्वाभास का उदाहरण माना है।

11 अप्रैल 1865 की शाम को व्हाइट हाऊस में राष्ट्रपति लिंकन और उनकी पत्नी ने अपने मित्रों को दावत पर निमंत्रण दिया। क्योंकि कुछ ही समय पूर्व ''ली'' ने ग्रांट के समक्ष आत्मसमर्पण किया था और युद्ध समाप्त हो गया था। हर्षोल्लास के वातावरण में भी लिंकन उदास

1. वही, 1.36, व्यासभाष्य, तुलनीय श्वेताश्वेतरोपनिषद्, 2.11

व खोये-खोये से थे। श्रीमती लिंकन के पूछने पर लिंकन ने बताया- उन्होंने स्वप्न में देखा कि एक रात अचानक किसी के रोने की आवाजें सुनकर वे जाग पड़े। वे उठकर व्हाइट हाऊस में इन आवाजों का कारण जानने हेतु चक्कर लगाने लगे। जब पूर्व की तरफ एक कक्ष में पहुंचे तो वहां एक दारुण दृश्य देखकर स्तब्ध रह गये- एक व्यक्ति के पास कुछ सिपाही खड़े हैं और वहां एकत्र बहुत से अन्य व्यक्ति रो रहे हैं।

''क्या व्हाइट हाऊस में किसी की मृत्यु हुई है?'' उन्होंने एक सिपाही से प्रश्न किया।

''हाँ'', राष्ट्रपति को उत्तर मिला- राष्ट्रपति महोदय की किसी ने हत्या कर दी है।

चार ही दिन के भीतर लिंकन व्हाइट हाऊस में मृत पाये गये, उनकी हत्या कर दी गई थी। इस तरह की बहुत सी पूर्वाभासी-घटनाएं हुई हैं। सभी अन्वेषक इस बात पर सहमत हैं कि अतीन्द्रिय बोध के सर्वाधिक अनुभव मृत्यु, दुर्घटना या किसी अन्य मानवीय संकट से संबंधित होते हैं। भूताभास के अन्तर्गत अनेकों पूर्वजन्म संबंधी घटनाएं सुनने को मिलती हैं।

योगशास्त्र में धर्म, लक्षण और अवस्था इन तीन परिणामों पर संयम करने से भूतकाल और भविष्यकाल के ज्ञान को स्वीकारा गया है।[2] योगशास्त्र के अनुसार पदार्थ का सर्वथा नाश नहीं होता, उनका तिरोभाव होता रहता है[3] इसलिए भूत, भविष्य के पदार्थों के अस्तित्व को अस्वीकारा नहीं जा सकता। बौद्ध दर्शन में भी भूताभास को स्वीकार किया गया है। अपनी स्वयं की पिछली घटनाओं को देखने की योग्यता भूताभास है। यह स्मृति (सत्ति) पर निर्भर है और भूतकाल के अस्तित्व की स्मृति समाधि से प्राप्त की जा सकती है। इसे बौद्धदर्शन में पूर्वनिवासानुस्मृतिज्ञान के नाम से जाना जाता है।[4] जैनदर्शन में भी पूर्वाभास की अनेक घटनाएं आगमों में मिलती हैं तथा पूर्वजन्म के ज्ञान को वहां जातिस्मृति ज्ञान कहा गया है, जो मतिज्ञानान्तर्गत ही है।

अन्वेषण कार्य की व्यापकता- विश्व भर में बहुत से संस्थान और व्यक्ति परामनोविज्ञान के अन्वेषण कार्य में लगे हैं। विश्व में परासामान्य क्षमताओं पर विधिवत् शोध कार्य पिछले सौ वर्षों से चल रहा है। पर भारतीय योग में ये अतीन्द्रिय ज्ञान शक्तियाँ दर्शन के प्रारंभिक काल से ही चर्चित हो रही हैं। योग सिद्धियों के लौकिक एवं लोकोत्तर- ये दो प्रकार किये गये हैं। परामनोविज्ञान का अध्ययन क्षेत्र अभी तक केवल सामान्य लोक जीवन में परिलक्षित होने वाली परासामान्य क्षमताओं तक ही सीमित है। वैज्ञानिक जांच के लिए ऐसी सीमा रेखा अनिवार्य भी है। अन्तर्राष्ट्रीय परामनोविज्ञान शोध के क्षेत्र में भारत के महत्त्वपूर्ण योगदान की अपेक्षा है। जिन परासामान्य क्षमताओं की संभावनाओं की ओर विदेशी विद्वान् संकेत कर रहे हैं, उनका महत्त्व भारतीय विद्वत् समाज की दृष्टि में अविलम्ब आना चाहिए।

1 नवभारत टाइम्स, वार्षिकांक- 1976 पृ. 25

2. परिणामत्रय संयमादतीताऽनातज्ञानम्, योगशास्त्र, 3.16

3. वही, 4.12

4. बुद्धिस्ट फिलासफी, पृ. 22

सौन्दर्य दृष्टि एवं भारतीय रङ्गमञ्च : एक चिन्तन

डॉ. पी. के. पण्डा

सौन्दर्य का विवेचन वर्तमान समय में एक स्वतंत्रशास्त्र के रूप में विकसित है। सौन्दर्य के विविध पक्षों पर विविध दृष्टियों से विचार एवं मूल्याङ्कन किया जा रहा है। सौन्दर्य विषयक भारतीय दृष्टिकोण के उपस्थापन की दृष्टि से महामाहेश्वर अभिवनगुप्त की भूमिका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। समग्र संस्कृत साहित्य अपने सौन्दर्य से अभिप्रेरित होकर जनमानस को सौन्दर्यानुभूतिजन्य परम आनन्द की अनुभूति कराता है। सम्पूर्ण प्रकृति अद्‌भुत संरचना है और अपने आप में इसका अनुपम सौन्दर्य दर्शनीय, विचारणीय और सराहनीय है। आकाश मण्डल, ग्रह, नक्षत्र तथा रात्रिकाल में उदित होने वाले चन्द्रमा तथा तारे, प्रातः कालीन उदित सूर्य की अनुपम छटा, सन्ध्या एवं प्रातः की प्राकृतिक मनोहारी छटा तथा प्रकृति की संरचना में पक्षी समुदायों का मधुरिम कलरव, नद–नदी, पर्वत, छोह, कन्दराओं का लालित्यपूर्ण सौन्दर्य तथा वृक्ष–लताओं एवं विविध प्रकार के पल्लिवित एवं पुष्पित उद्यानों का सौन्दर्य किसके मन को हठात् आकर्षित नहीं करता? अर्थात् सबके चित्त को आकर्षित करता है। यद्यपि इस विश्वब्रह्माण्ड में बहुत से पदार्थ व्यक्ति को अच्छे लगने वाले नहीं होते जिनसे व्यक्ति ऊब जाता है तथापि प्रकृति के विविध प्रकार के माधुर्यमय सौन्दर्यों से व्यक्ति का हृदय आप्लावित हो जाता है। सुन्दरता वह हृदयग्राही तत्त्व है जिसके द्वारा जनमानस (पर्यवेक्षक समुदाय) का मन अनायास ही आवर्जित हो जाया करता है। जैसे प्रातः कालीन उषा की लालिमा, रात्रि की दुधिया चाँदनी में उदित चन्द्रदर्शन, वसन्त ऋतु में उद्यानों में खिले हुए फूलों का सुन्दर परिदृश्य तथा पल्लवित एवं पुष्पित होने वाले विविध प्रकार के वृक्षों तथा पुष्पों के (कोंपल) कोमल पत्ते किसके चित्त को चुरा नहीं लेते हैं? निश्चित रूप से कुछ क्षणों के लिये ही सही, परन्तु उस कालावधि पर्यन्त व्यक्ति विगलितवेद्यान्तर अवस्था को प्राप्त कर आत्मविभोर (भावविभोर) हो जाता है।

प्रकृति ही अपने सौन्दर्यात्मक स्वरूप के द्वारा मानव मस्तिष्क तक पहुँच कर स्वयं को द्विविध रूपों में परिवर्तित करती है। विषय और विषयी रूप में प्रकृति का सौन्दर्यात्मक स्वरूप चिन्तनीय है। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पाँच तत्त्व सौन्दर्य के विषय हैं जो प्रकृति के प्रमुख तत्त्व हैं। इनसे ही विश्व ब्रह्मण्ड की सत्ता का बोध होता है। इन समस्त विषयों का साक्षात् दर्शन एवं अनुभव करने वाला तत्त्व व्यक्ति का अन्तःकरण हुआ करता है। अन्तःकरण की भी

संज्ञा मन, बुद्धि और अंहकार रूप में विद्यमान है। अन्तःकरण समस्त विषयों का आस्वाद (साक्षात्कार) साक्षात् नहीं अपितु श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, घ्राण एवं रसनेन्द्रिय द्वारा किया करता है। अतः अन्तःकरण विषयी है। रूप-रसादि विषय हैं तथा इन दोनों के संयोग का माध्यम हमारी इन्द्रियाँ हैं। इस प्रकार सौन्दर्य का अवबोध एक दार्शनिक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ करता है। समग्र संस्कृत साहित्य सौन्दर्य का अनुपम बोध कराता है। भारतीय सौन्दर्य का दृष्टिकोण ध्वनि और रस इन दोनों ही सिद्धान्तों की परिधि में घूमता रहता है। जैसे आदिकवि वाल्मीकि का यह ध्वनि सम्पन्न श्लोक जो सम्पूर्ण संस्कृत वाङ्मय का मूल और अनुपम ध्यन्यात्मक सौन्दर्य से सम्पन्न है जिसमें महाकवि का शोक श्लोक रूप में परिणत हो गया है-

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।

यत् क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।[1]

आचार्य आनन्दवर्धन ने इसके अनुपम सौन्दर्य को ही ध्यान में रखकर इसे काव्यात्म के रूप में प्रतिष्ठित किया है। उनका कथन है-

काव्यस्यात्मा स एवार्थस्तथा चादिकवेः पुरा।

क्रौञ्चद्वन्द्ववियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वमागतः।।[2]

अर्थात् काव्य का आत्मा वही (प्रतीयमान रस) अर्थ है। इसी से प्राचीन काल में क्रौञ्च पक्षी के जोड़े के वियोग से उत्पन्न आदिकवि वाल्मीकि का शोक (करुण रस का स्थायीभाव) श्लोक (काव्य) रूप में परिणत हुआ। प्रतीयमानार्थ का विवेचन करते हुए आचार्य आनन्दवर्धन ने बतलाया कि जिस प्रकार स्त्री विशेष में लावण्य नाम का एक अनुपम तत्त्व उसके समग्र सौन्दर्य सम्पन्न अङ्गों यथा-नासिका, मुख, कपोल, अधरोष्ठ तथा नेत्रादि से व्यक्तिरिक्त होता है उसी प्रकार काव्य में सौन्दर्य सम्पन्न प्रतीयमान अर्थ कुछ अलग ही तत्त्व है। काव्य के अन्य समस्त तत्त्वों से, जो सहृदय के हृदय को अपने सौन्दर्यपूर्ण अर्थ से भावविभोर करके विगलितवेद्यान्तर स्थिति में पहुँचाकर स्थिर कर देता है। आचार्य आनन्दवर्धन का कथन है-

प्रतीयमानं पुनरन्यदेव वस्त्वस्ति वाणीषु महाकवीनाम्।

यत् तत् प्रसिद्धावयवातिरिक्तं विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु।।[3]

अर्थात् प्रतीयमान (अर्थ) कुछ और ही चीज है जो रमणियों के प्रसिद्ध (मुख, नेत्र और नासिकादि) अवयवों से भिन्न उनके लावण्य के समान, महाकवियों की सूक्तियों में वाच्य अर्थ से अलग ही भासित होता है। लावण्य पद यहाँ मुख्य पद है अतः व्याख्येय है। 'लुनाति इति लवणं' की व्युत्पत्ति से लू छेदने धातु से कर्ता अर्थ में ल्युट् प्रत्यय के योग से लवण पद व्युत्पन्न होता

1. वाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड 2/15
2. ध्वन्यालोक 1/5
3. वही 1/4

है जिसका अर्थ है वह तत्त्व जो काट देता है। लवण का स्वरूप भी वास्तव में यही है कि वह जिस तत्त्व के साथ योजित कर दिया जाय वह उस लोहा, लकड़ी तथा पत्थर को काट (गला) देता है। इस प्रकार काटने का भाव जिसमें हो उसे लावण्य कहा जायेगा। लावण्य वह तत्त्व है जिसका साक्षात्कार होते ही इन्द्रियों का अपने विषयों के साथ सम्बन्ध विच्छिन्न हो जाता है और विषय में अवस्थित भाव का साक्षात् मन से ही अनुभव होने लगता है। इसी को विगलितवेद्यान्तर होने की अवस्था कहा जाता है। यह इसलिए होता है कि सौन्दर्य का साक्षात्कार करते ही प्राणवायु स्पन्दित हो उठते हैं जिससे उनका पूर्वतः चला आ रहा इन्द्रियार्थ–सन्निकर्ष भङ्ग हो जाता है तथा इस प्रकार वह व्यक्ति की चेतना को प्रभावित करता है जिसकी परिणति निरातिशय आनन्द में होती है। इस प्रकार यह अतिशयानन्दमय लावण्य रूप सौन्दर्य विगलितवेद्यान्तर अवस्था का कारण है।

महाकवि कालिदास ने सौन्दर्यातिशय का बोध कराने वाले इस लावण्य पद का प्रयोग कुमारसम्भवम् में पार्वती के सौन्दर्य–वर्णन–प्रसङ्ग में किया है। कवि का मत है कि पार्वती की रूपराशि में किसी भी बात की कमी नहीं थी अपितु तब तक उत्पादित सौन्दर्याधान की सम्पूर्ण सामग्री केवल पार्वती की जंघाओं के निर्माण में विनिमय हो गयी। अतः शेष अङ्गों की रचना के लिए विधाता को नूतन सौन्दर्याधायक तत्त्वों की उद्भावना करनी पडी। कवि कालिदास कहते हैं–

वृत्तानुपूर्वे च न चाति दीर्घे जंघे शुभे सृष्टवतस्तदीये।
शेषाङ्गनिर्माणविधौ विधार्तुलावण्य उत्पाद्य इवास यत्नः॥[1]

आचार्य अभिनवगुप्त ने लावण्य पद की व्याख्या करते हुए कहा है–**लावण्यं हि नामावयसंस्थानाभिव्यंग्यमवयवव्यतिरिक्तं धर्मान्तरमेव। न चावयवानामेव निर्दोषता वा भूषणयोगी वा लावण्यम्।**[2] अर्थात् लावण्य अवयव संस्थानों से अभिव्यञ्जित होने वाला अवयवों से व्यतिरिक्त उनका एक भिन्न धर्म होता है। अवयवों की निर्दोषता या अलंकारता लावण्य नहीं है अपितु उनसे व्यतिरिक्त ही एक विलक्षण वस्तु है।

इस प्रकार वर्णित अनिन्द्य सौन्दर्य की समझ भी बिना पारखी के कोई नहीं कर सकता है। अतः आचार्यों ने सहृदय जैसे कलासौन्दर्य तत्त्व के मर्मज्ञों का भी, उनकी सूक्ष्म बुद्धि तथा पारखी नजर के आधार पर वर्णन किया है। क्योंकि सामान्य स्तर पर सौन्दर्य का अववोध तो सभी कर सकते हैं परन्तु विशेष स्तर तक तो सौन्दर्य का पारखी व्यक्ति (सहृदय) ही पहुँचा सकता है। अतः आचार्य आनन्दवर्धन का कथन है–

तद्वत् सचेतसां सोऽर्थो वाच्यार्थविमुखात्मनाम्।
बुद्धौ तत्वार्थदर्शिन्यां झटित्येवावभासते॥[3]

1. कुमारसंभवम् 1/35
2. ध्वन्यालोक लोचन–का० 1/4
3. वही 1/12

अर्थात् वाच्यार्थ से विमुख (उससे विश्रान्तिरूप परितोष को प्राप्त न करने वाले) सहृदयों की तत्त्वदर्शन समर्थ बुद्धि में वह (प्रतीयमान- सौन्दर्य सम्पन्न) अर्थ तुरन्त ही प्रतीत हो जाता है। आचार्य अभिनवगुप्त जिन्होंने ध्वन्यालोक पर लोचन नाम्नी महत्त्वपूर्ण टीका लिखी, उन्होंने सहृदयता के रहस्य का उद्घाटन करते हुए कहा है- **येषां निरन्तरकाव्यानुशीलनाभ्यासवशाद् विशदीभूते मनोमुकुरे वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता ते स्वहृदयसंवादभाजः सहृदयाः॥**[1] अर्थात् कलात्मक अभिव्यक्तियों के निरन्तर अनुशीलन करते रहने से जिनका हृदयरूपी दर्पण स्वच्छ होकर स्फटिक मणि के समान पारदर्शी हो जाता है तथा जो वर्ण्यविषय के रूप में ही परिणत होने लगता है और समान पारदर्शी हो जाता है और उनकी अन्तरात्मा का जब उससे सम्वाद होने लगता है तो उन्हें सहृदय समझना चाहिए। इस प्रकार सहृदय व्यक्ति ही ध्वनि एवं रस सम्पन्न काव्यार्थ तत्त्व के आस्वादयिता हुआ करते हैं। सौन्दर्य, रमणीयता तथा विच्छित्ति सम्पन्न काव्यकृतियों का काव्यार्थ ही सौन्दर्य से सम्पन्न हो सहृदयों के हृदय को आकर्षित और आह्लादित करता है।

आचार्य ब्रजमोहन चतुर्वेदी ने अपने सौन्दर्यकारिका नामक ग्रन्थ में सौन्दर्य के अपर पर्याय पदों की संख्या अठ्ठारह बतलायी है। कारिका में आचार्य चतुर्वेदी का कथन है-

रमणीयता च शुचिता लावण्यं चारुता च सौन्दर्यम्।
शोभा कान्तिः सुषमा श्रीश्च रूपं च सौकुमार्यम्॥
सौभाग्यं विच्छित्तिः कला च मुग्धताऽथ मनोहारिता।
अभिरामता मधुरता दश चाष्टौ सौन्दर्यपर्यायाः॥[2]

अर्थात् रमणीयता, शुचिता, लावण्य, चारुता, सौन्दर्य, शोभा, कान्ति, सुषमा, श्री, रूप, सौकुमार्य, सौभाग्य, विच्छित्ति, कला, मुग्धता, मनोहारिता, अभिरामता तथा मधुरता आदि पद सौन्दर्य के ही पर्याय हैं। इन सबसे भी सौन्दर्य का ही अवबोध हुआ करता है। ये समस्त पद सौन्दर्य का ही कथन, विश्लेषण करने वाले पद हैं।

सौन्दर्य के घटक तत्त्वों (सामग्री) के रूप में 1. वयः 2.रूप 3.वचः 4. हाव-भाव। इन चार तत्त्वों का परिगणन किया गया है। वयः अवस्था रूप है। वचः वाणी स्वरूप है। रूप आकृति स्वरूप अर्थात् बनावट से तात्पर्य रखता है अर्थात् अंग-प्रत्यंग के योग से निर्मित अवयव संस्थान। हाव-भाव और हेला स्त्रियों के शरीरज अलंकार कहे गये हैं। भारतीय रङ्गमञ्च के ये चार तत्त्व मूलाधार हैं। इन्हीं सौन्दर्य के स्वरूपाधायक चार प्रमुख तत्त्वों पर सम्पूर्ण लालित्यकला निर्भर है। ये चार तत्त्व ही ललित कलाओं, नाट्यकलाओं के मूलकेन्द्र हैं। कलाकार स्त्री के रूप, सौन्दर्य, उसकी अवस्था उनके हाव-भाव और अलंकार को ही अभिव्यक्त करके सहृदय हृदय को आकर्षित करने का यत्न करता है। कलाकार अपनी कृतियों में इन्हीं चार घटक तत्त्वों का आधान्य

---

1. वही 1/1 पर लोचन
2. सौन्दर्यकारिका-3/5

करके अपनी कलाकृति को सर्वोत्तम स्वरूप प्रदान करता है। यही बात नाट्यकला पर भी लागू होती है। नाट्यकार आचार्य धनञ्जय का कथन है-

अवस्थानुकृतिर्नाट्यं रूपं दृश्यतयोच्यते।

रूपकं तत्समारोपाद् दशधैव रसाश्रयम्।।[1]

अर्थात् नायकों एवं अन्य पात्रों की विभिन्न अवस्था का अनुकरण ही नाट्य कहलाता है। दृश्य (अर्थात् चक्षुर्ग्राह्य) होने के कारण यही नाट्य रूप भी कहलाता है। रामादि की अवस्था का नट में आरोप होने के कारण वह नाट्य 'रूपक' नाम से भी कहा जाता है। नायक के भेद से रस का आश्रय लेकर रहने वाला यह नाट्य मात्र दस प्रकार का होता है। इस प्रकार भारतीय रंगमञ्च में आङ्गिक, वाचिक, सात्त्विक और आहार्य चार प्रकार के अभिनय हुआ करते हैं जो इन्हीं सौन्दर्य के चार प्रमुख घटक तत्त्वों के अनुसार ही नाटक में प्रयुक्त होते हैं जिनसे जनमानस सौन्दर्य के मूल प्रयोजन आनन्द का अनुभव करता है। अतः सौन्दर्य और भारतीय रंगमञ्च तथा भारतीय रङ्गमञ्च और सौन्दर्य एक दूसरे के पूरक हैं। इन दोनों में अबिनाभाव सम्बन्ध है। एक दूसरे के बिना दोनों अधूरे हैं। इसलिए नाटक के बिना सौन्दर्य तथा सौन्दर्य के बिना नाटक (अभिनय) शून्य है। आचार्य भरत से लेकर अभिनवगुप्त तक नाट्यशास्त्रीय एवं काव्यशास्त्रीय सौन्दर्य पर गम्भीर चर्चाएँ हुई हैं तथा चित्र तथा संगीत आदि से होने वाली अनुभूतियों में भी मूलतः रस विद्यमान रहता है। इसलिए उनके अनुसार रस समस्त कलाजन्य अनुभूतियों में विशेष है। रस सार्वभौम प्रतीक है। व्यापक स्तर पर होने वाली सौन्दर्यानुभूति का नाम रस है। इसी प्रकार रसानुभूति, सौन्दर्यानुभूति, आनन्दानुभूति तथा आत्मानुभूति आदि पर्यायवाची पद हैं। नाटक विश्व की, समाज की, व्यक्ति विशेष की वास्तविकता की अभिव्यक्ति अभिनय कला के माध्यम से कराता है जिसमें पात्रों और दर्शकों की भूमिका मुख्य होती है। चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला, संगीत तथा नृत्यादि नाटक में सम्मिलित रहते हैं। नाटक प्रकृति का रूपान्तर है जिसमें दर्शक, अभिनयकर्ता (अभिनेता-पात्र), निर्देशक, रंगकर्मी आदि समस्त की भूमिका रहती है। इसके साथ-साथ कथावस्तु एवं सम्वाद के निमित्त भाषा का भी महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। पात्रों की सजीनता के माध्यम सामाजिक एवं सांस्कृतिक सौन्दर्याभिव्यक्ति के लिए भाषा का विशेष स्थान है। भाषा में सम्प्रेषणीयता, शब्दार्थ, भावार्थ की सम्यक अभिव्यक्ति के माध्यम से कथा रोचक बनती है और उसका विस्तार होता है। भाषा के अन्तर्गत नाटकों में लोक भाषा भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे लोकसंस्कृति की सौन्दर्याभिव्यक्ति हुआ करती है। लोकभाषा में विरचित लोककथाएँ अथवा काव्य इसके प्रमाण हैं। यथा-रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्राण जाइ पर वचन न जाई।। इस चौपाई में अवधी भाषा लोक भाषा है अवधप्रान्त की, जिसमें रघुकुल की रीति (नियमावली) का सौन्दर्यबोध अभिव्यक्त हुआ है। इसी प्रकार अन्य लोक भाषाओं में तत् तत् लोक संस्कृतियों का सौन्दर्य अभिव्यक्ति हुआ है। यथा राजा विक्रमादित्य कालीन सभ्यता एवं संस्कृति तथा उनकी न्याय, नीति और नियति का

1. दशरूपक- 1/7

सौन्दर्यबोध उनकी जनमानस में प्रसिद्ध ख्याति से होता है। लोक भाषाओं के माध्यम से प्राचीन सांस्कृतिक विरासतों को संजोया जा सकता है तथा पुर्नस्थापना की जा सकती है। भारतीय समाजिक परिदृश्य को प्रस्तुत करने वाला मृच्छकटिक नाटक संस्कृत साहित्य की अपूर्व देन है जिसमें सामाजिक चेतना की सौन्दर्यपूर्ण अभिव्यक्ति हुई है। वर्तमान में कोई भी व्यक्ति यदि राजघाट महात्मा गॉधी की समाधि स्थल पर जाता है तो उसे हे राम! शब्द में जो आध्यात्मिक सौन्दर्य बोध होता है वह अन्यन्त्र बहुशः कथनों में प्राप्त नहीं होता है। सत्य, अहिंसा और त्याग ही इसका मूलमन्त्र है। श्रीमद्भगवद्गीता में कर्म, ज्ञान एवं भक्ति का समन्वयात्मक धार्मिक और दार्शनिक सौन्दर्य बोध वास्तव में लोकव्यवहार परक है। महात्माबुद्ध द्वारा परिभषित 'निर्वाण' शब्द का आध्यात्मिक सौन्दर्य बोध हृदय को उद्वेलित कर देता हैं। इसी प्रकार आधुनिक रंगमंच की कुछ कथाएँ हैं जो सामाजिक तथा शैक्षिक सौन्दर्याभिव्यक्ति करने में सक्षम हैं। जैसे पिपली लाइव तथा थ्री इडिएट्स आदि फिल्मों महगांई जैसी सामाजिक समस्या और शिक्षा संबन्धी आधुनिक समस्या को आदर्शपूर्ण सौन्दर्य के रूप अभिव्यक्त किया गया है। इस प्रकार भारतीय रंगमंच में भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, मानवीय मूल्यों की, मानवधर्म की, समन्वय एवं समरसता की भावना की सर्वत्र सौन्दर्याभिव्यक्ति हुई है जो अपने आप में अत्यन्त सराहनीय है।

न्याय में तर्क–मीमांसा

प्रथम भाग

डॉ. अरुण मिश्र

कार्य–कारण भाव की स्थापना के लिये या अनुमान में व्याप्ति सम्बन्ध की स्थापना के लिये सहचार मात्र पर्याप्त नहीं होता है। सहचार में व्यभिचार की शंका की निवृत्ति के लिये तर्क नामक प्रत्यय को अवधारित किया गया है। इसीलिये विश्वनाथ भाषापरिच्छेद में तर्क को शंका निवर्त्तक कहते हैं। इस तर्क नामक प्रत्यय का विश्लेषण कर इसका स्वरूप तथा लक्षण स्पष्ट करना एवं इसका फल निर्धारित करना इस लेख का लक्ष्य है। तर्क का सामान्य परिचय देते हुए तर्कभाषाकार श्री केशव मिश्र अनिष्ट की प्राप्ति को तर्क कहते हैं। उनके अनुसार जिस धर्मी में व्यापक का होना इष्ट नहीं है, उस धर्मी में सिद्ध व्याप्ति से सम्बन्ध रखने वाले दो धर्मों में व्याप्य के अंगीकार से अनिष्ट व्यापक की आपत्ति तर्क कहलाता है। जैसे– यदि यहाँ घट होता तो भूतल की भाँति दिखाई देता। ''तर्कोऽनिष्टप्रसंगः। स च सिद्धव्याप्तिकयोर्धमयोर्व्याप्यांगीकारेण अनिष्टव्यापकप्रसङ्गजनरूपः। यथा– यद्यत्र घटोऽभविष्यत् तर्हि भूतलमिवाद्रक्ष्यत् इति।[1]'' प्रमाणों का सहायक इस तर्क को संशय से भिन्न कहा गया है। बाल–बोध के लिये लिखे गये इस ग्रंथ से लेख का लक्ष्य प्राप्त नहीं होता है, अतएव न्यायशास्त्र के अन्य मौलिक ग्रंथों की सहायता ली गयी है। न्यायशास्त्र के विकास को निम्न तीन भागों में विभाजित किया जाता है– प्राचीन न्याय, मध्यवर्त्ती न्याय और नव्य न्याय। तदनुसार ही लेख के खंडों का विभाजन किया गया है। लेख के प्रथम खंड में लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्राचीन न्याय के ग्रंथों की सहायता ली गयी है। प्राचीन न्याय में तर्क की अवधारणा का क्रमिक विकास गौतमीय न्यायसूत्र, वात्स्यायन का भाष्य, उद्योतकर का वार्त्तिकम्, वाचस्पति मिश्र की तात्पर्यटीका, एवं उदयनाचार्य की परिशुद्धि में देखने को मिलता है। लेख के इस प्रथम खंड में इन चार ग्रंथों के आधार पर तर्क के स्वरूप, लक्षण, एवं फल की व्याख्या की गयी है। इस न्याय–चतुर्ग्रंथिका में तर्क का जिस प्रकारक चर्चा की गयी है वह उदयनाचार्य की न्यायकुसुमाञ्जलिः में उठाये गये तर्क के प्रसंग में समस्या एवं निराकरण से भिन्न होने के कारण प्रथम खंड में ही न्यायकुसुमाञ्जलिः के परिप्रेक्ष्य में तर्क की व्याख्या की गयी है। लेख का द्वितीय खंड मध्यवर्त्ती नैयायिक भासर्वज्ञ का न्यायभूषणम् तथा श्रीवल्लभाचार्य की न्यायलीलावती को समर्पित है। न्यायभाष्य से प्रभावित न्यायभूषणम् नामक अपने इस ग्रंथ में भासर्वज्ञ तर्क पर संक्षिप्त चर्चा ही

1. तर्कभाषा, केशव मिश्र, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृ. 582, 1995

करते हैं तथापि उस संक्षिप्त चर्चा में भी वे अपनी मौलिकता का परिचय दे देते हैं। भासर्वज्ञ का नामोल्लेख श्रीवल्लभाचार्य अपने न्यायलीलावती में अनेक बार करते हैं, इससे स्पष्ट है कि श्रीवल्लभाचार्य भासर्वज्ञ के पश्चात् अवतरित होते हैं। अतएव द्वितीय खंड में न्यायभूषणम् के पश्चात् न्यायलीलावती में किये गये तर्क विषयक चर्चा प्रस्तुत किया गया है। न्यायलीलावती के उपर श्री शंकर मिश्र का कंठाभरणम्, श्री वर्धमानोपाध्याय का प्रकाश एवं श्री भगीरथ ठक्कुर की प्रकाशविवृति प्रसिद्ध है। इन तीनों के आलोक में न्यायलीलावती को आलोकित करने का प्रयास किया गया है। लेख का चतुर्थ खंड गंगेशोपाध्याय की तत्त्वचिन्तामणि: के व्याप्तिग्रहोपाय एवं तर्क प्रकरण पर आधारित है। उनके मत को प्रस्तुत करने के लिये श्री मथुरानाथ तर्कवागीश के रहस्य टीका की सहायता ली गयी है। चतुर्थ खंड में लेख का उपसंहार किया गया है।

प्रथम सूत्र में अवयव के पश्चात् तर्क का उद्देश होने से उद्देश के क्रम का अनुसरण करते हुए अवयव सूत्र के अनन्तर तर्क का लक्षण करते हुए सूत्रकार गौतम कहते हैं कि ''अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे कारणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्क:।[1]'' सामान्यत: ज्ञात धर्मी में एक पक्ष के अनुकूल कारण का दर्शन होने से उस पक्ष में संभावना प्रत्यय अर्थात भवितव्यता का अवभास होने पर उस पक्ष के ग्राहक प्रमाणों को लेकर उससे इतर पक्ष की शिथिलता के सम्पादन में उन प्रमाणों को तत्त्वज्ञान के लिये प्रवर्त्त कराने वाला ऊह तर्क कहलाता है। यह सूत्रार्थ जयन्त भट्ट के निम्नलिखित पंक्ति से स्पष्ट है– ''अविज्ञातत्त्वे सामान्यतो ज्ञाते धर्मिण्येकपक्षानुकूलकारणदर्शनात्तस्मिन् सम्भावनाप्रत्ययो भवितव्यतावभास: तस्मिंस्तदितरपक्षशैथिल्यापादने तद्ग्राहकप्रमाणमनुगृह्य तानि सुखं प्रवर्तयंस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्क इति।[2]'' ऊह और तर्क दोनों ही पर्यायवाची शब्द है, अत: सूत्र में दोनों का प्रयोग क्यों किया गया है? तर्क के लक्षण का प्रतिपादन ही ऊह के प्रयोग का प्रयोजन है। ऊहरूपत्व होना ही तर्क का लक्षण है। सूत्र में इतर पद का प्रयोग कारण विशेष और फल निर्देश के लिये किया गया है। 'कारणोपपत्तित:'' पद का प्रयोग कारण के निर्देश के लिये, 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे' का प्रयोग विषय के निर्देश के लिये, तथा 'तत्त्वज्ञानार्थ' का प्रयोग फल के निर्देश के लिये किया गया है। ''ऊह इति पर्यायाभिधाने किं प्रयोजनम्? लक्षणप्रतिपादनमेव। तदेव हि तर्कस्य लक्षणं यदूहरूपत्वम्। इतरस्तु सूत्रे कारणविशेषाय फलनिर्देशाय च। कारणोपपत्तित इति कारणनिर्देश:। अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे इति विषयनिर्देश:। तत्त्वज्ञानार्थ इति फलनिर्देश:।[3] कभी कभी तर्क पद का प्रयोग अनुमान के लिये भी किया जाता है, अत: यहाँ भी तर्क को अनुमान न समझ लिया जाय इसीलिये ऊह पद का प्रयोग तर्क के विशेषण के रूप में किया गया है। यह तर्क ऊह है, अनुमान नही। तर्क की तत्त्वज्ञानार्थता भी प्रमाणों के अनुग्राहक के रूप से होता है, साक्षात् भाव से नहीं। ''तदिहापि

1. भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, सूत्र 1/1/40, पृ. 36, 1997
2. न्यायमञ्जरी, तृतीयो भाग:, जयन्त भट्ट, श्री गौरीनाथ शास्त्री (संपा.), संपूर्णानन्द संस्कृतविश्वविद्यालय,वाराणसी, पृ. 107, 1984
3. वही, पृ. 109

तर्कोऽनुमानं मा विज्ञायीत्यूहग्रहणम्। ऊहोऽत्र तर्क उच्यते नानुमानम्। तत्त्वज्ञानार्थप्यस्य प्रमाणानुग्राहकत्वेन न साक्षात्।[1]''

भाष्यकार सूत्रार्थ स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि अर्थ का तत्त्व अविज्ञायमान होने में ज्ञाता को उसे जानने की जिज्ञासा होती है। ज्ञाता की यह जिज्ञासा 'मुझे अर्थ के तत्त्व को जानना चाहिये' के रूप में अभिव्यक्त होता है। जिज्ञासित वस्तु के दो विरोधी धर्मों में भेद होने से ज्ञाता यह विचार करता है कि वस्तु इस प्रकारक है वा इस प्रकारक नहीं है। जिन दो विमृश्यमान धर्मों में से जिस किसी एक धर्म का प्रमाण संभव होता है, उस धर्म का प्रमाण संभव होने से ज्ञाता उसे स्वीकार कर लेता है। यहाँ प्रमाण नामक कारण हेतु है। प्रमाण नामक हेतु संभव होने से यह कहा जाता है कि वस्तु इस प्रकारक होना चाहिये इतर प्रकारक नहीं। भाष्यकार के शब्दों में– ''अविज्ञायमानतत्त्वेऽर्थे जिज्ञासा तावज्जायते जानीयेममर्थमिति। अथ जिज्ञासितस्य वस्तुनो व्याहतौ धर्मौ विभागेन विमृशति, किं स्विदित्थम् आहोस्विन्नेत्थमिति। विमृश्यमानयोर्धर्मयोरेकतरं कारणोपपत्त्यानुजानाति संभवत्यस्मिन् कारणं प्रमाणं हेतुरिति। कारणोपपत्त्या स्यादेवमेतत् नेतरदिति।[2]''

वार्त्तिककार के अनुसार कारणोपपत्ति पद का अर्थ प्रमाणोपपत्ति होता है और उपपत्तिः पद का अर्थ संभव होता है। इस प्रकार यह अर्थ होना चाहिये कि इस विमृश्यमान में प्रमाण संभव है और जिस विमृश्यमान में प्रमाण संभव होता है उसे हम स्वीकार करते हैं। ''कारणोपपत्तितः इति। प्रमाणोपपत्तितः। उपपत्तिः संभवः। संभवति एतस्मिन् प्रमाणमिति मवेदयमर्थ इति।[3]'' भाष्यकार ने कारणोपपत्ति पद को विच्छेद करके स्पष्ट नहीं किया है। वार्त्तिकम् में यह पद स्पष्ट किया गया है परन्तु वार्त्तिककार भी अपने स्पष्टीकरण में कारण पद को स्पष्ट करना छोड़ दिया है। इस पद को संपूर्णता में वाचस्पति मिश्र ने स्पष्ट किया है। कारणोपपत्ति में दो पद है– कारण और उपपत्ति। कारण का अर्थ प्रमाण, और उपपत्ति का अर्थ संभव होता है। इस प्रकार कारणोपपत्ति से यह कहा जाता है कि दो में से अमुक विमृश्यमान में प्रमाण संभव होता है। ''कारणोपपत्त्येति व्याचष्टेसंभवत्यस्मिन् कारणं प्रमाणमिति। अत्र च कारणमित्यस्य व्याख्यानं प्रमाणमिति। उपपत्तिव्याख्यानं संभवतीति।[4]'' उदयनाचार्य कारणोपपत्तिः पद के लिये प्रमाणाभ्यनुज्ञा पद का प्रयोग करते हैं। वह स्वयं कहते हैं कि ''कारणोपपत्तिः प्रमाणाभ्यनुज्ञा[5]''।

---

1. वही, पृ. 110
2. सवात्स्यायनभाष्यं गौतमीयन्यायदर्शनम्, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई. दिल्ली, पृ. 36, 1997
3. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्,नई दिल्ली, पृ. 133, 1997
4. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 261, 1996
5. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यपरिशुद्धिः, उदयनाचार्य, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्,¸, नई दिल्ली, पृ. 304, 1996

सूत्रार्थ स्पष्ट करने के लिये भाष्यकार द्वारा प्रयुक्त पदों का अर्थ स्पष्ट करने के पश्चात् वाचस्पति कहते हैं कि जिस विषय में प्रमाण प्रवर्त होने के लिये उद्यत होता है उसके विपर्यय की आशंका में तावत् प्रमाण प्रवर्त नहीं होता यावत अनिष्टापत्ति से विपर्यय की आशंका का निराकरण नहीं हो जाता है। विपर्यय की अशंका का निराकरण ही अपने विषय में प्रमाण का संभव होना होता है, और इस प्रकार सूत्र में प्रयुक्त उपपत्ति पद की व्याख्या की जाती है। उस प्रमाण के संभव होने से कर्तव्यता रूपेण प्रमाण के विषय का सामान्य ज्ञान होने से विशोधित विषय में प्रमाण के प्रति ऊह प्रवर्त होता है। उस संभावित प्रमाण का आश्रय असिद्ध होने से उसे स्वत: विषय के निश्चय का योग नहीं होता है, फलत: यह कहना चाहिये कि ऊह अर्थात् प्रमाण को संभव होना ही विषय के निश्चय का हेतु नहीं है और विषय का निश्चय प्रमाण से होता है। ''एतदुक्तं भवति, यस्मिन् विषये प्रमाणं प्रवर्तितुमुद्यतं तद्विपर्ययाशंकायां न तावत् प्रमाणं प्रवर्तते, न यावदनिष्टापत्त्या विपर्ययाशंका अपनीयते। तदपनय एव च स्वविषये प्रमाणसंभव इति चोपपत्तिरिति व्याख्यायते। तया प्रमाणस्योपपत्त्या इति कर्तव्यतया प्रमाणविषयमभ्यनुजानत्या विशोधिते विषये प्रमाणमप्रत्यूहं प्रवर्तते। न चोपपत्तिरेवास्तु निश्चयहेतु: कृतं प्रमाणेनेति वक्तव्यम्। उपपत्तेः स्वतन्त्रया आश्रयासिद्धतया स्वतो निश्चयायोगात्।[1]''

वाचस्पति सूत्र के तात्पर्य को व्यक्त करते हुए कहते हैं कि तर्क का यह लक्षण तर्क को उसके समानजातीय संशयादि और असमानजातीय इच्छादि से भिन्न करता है। यद्यपि संशय के जिज्ञासा में भी दो अर्थों के अविज्ञात–तत्त्व प्रवर्त होते हैं, अर्थात् वहाँ भी दो अर्थ होते हैं, और उनके तत्त्व अविज्ञात होते हैं, तथापि किसी एक के लिये वहाँ प्रमाण संभव नहीं होता है। वाचस्पति के अनुसार तर्क और संशय में यही भेद है। यहाँ वाचस्पति की पंक्ति द्रष्टव्य है– ''समानजातीयात् संशयादेरसमानजातीयात् चेच्छादेर्व्यवच्छिद्यते। यद्यपि संशयजिज्ञासे अप्यविज्ञाततत्त्वेऽर्थे प्रवर्तेते, तथापि न कारणोपपत्तित इति तयोर्व्यवच्छेद इति।[2]

वाचस्पति भाष्यकार के मत को आगे बढ़ाते हुए तर्क या ऊह को अनिष्टापत्ति कहते हैं तथा उससे प्रमाण के विषय को विशोधित करते हैं। अनिष्टापत्ति से विपर्यय की आशंका का निराकरण किया जाता है और उससे प्रमाण का विषय विशोधित होता है। ऊह से विशोधित विषय में ही प्रमाण प्रवर्त होता है। वाचस्पति के अनुसार ऊह या तर्क का आश्रय असिद्ध होने से वह विषय के निश्चय का हेतु नहीं होता है, विषय का निश्चय प्रमाण से ही होता है। न्याय एक परिष्कार करने की पद्धति है और वाचस्पति तर्क या ऊह को उसके समानजातीय और असमानजातीय से भेद कर उसके लक्षण को और अधिक परिष्कृत करते हैं तथा उदयनाचार्य को आगे बढ़ने के लिये पृष्ठभूमि तैयार करते हैं।

---

1. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्,, नई दिल्ली, पृ. 261, 1996
2. वही, पृ. 262

उदयनाचार्य अपने न्यायवार्त्तिकतात्पर्यपरिशुद्धि में कहते हैं कि दो विरोधी धर्मों में भेद होने से ज्ञाता को उभयकोटिक समान संशय होता है कि वस्तु इस प्रकार है वा इस प्रकारक नहीं है। इस उभयकोटिक समान संशय का श्रोत अर्थ के अविज्ञायमान–तत्त्व को जानने की जिज्ञासा होती है । उस जिज्ञासा का निराकरण कर नियत विषय को जन्म देने के लिये तर्क से प्रमाण का विषय अभ्यनुज्ञात होता है अर्थात् हम कहते हैं कि उस विषय में प्रमाण संभव है। उदयनाचार्य के शब्दों में– ''उभयकोटिसमसंशय प्रभवसमजिज्ञासामपनीय नियतविषयांजनयता तर्केण प्रमाणविषयोऽभ्यनुज्ञातो भवति।[1]'' यह कहना कि दो विमृश्यमानों में से अमुक विमृश्यमान में कारण रूप प्रमाण संभव है ऊह का व्यापार कहलाता है। उदयनाचार्य कहते हैं कि अपने इस व्यापार से फल की सिद्धि में व्यापार करता हुआ ऊह तर्क कहलता है। उनके अनुसार सूत्र में अविज्ञात–तत्त्व नामक पद का प्रयोग यह ज्ञापन करने के लिये किया गया है कि वह तर्क आपादित सन्देह में और सन्देह की स्थिति में प्रवर्त होता है। परिशुद्धिः की पंक्ति यहाँ द्रष्टव्य है– ''तेनायं सूत्रार्थः, प्रमाणाम्यनुज्ञा व्यापारेण फलसिद्धौ व्याप्रियमाण ऊहस्तर्क इति। स चापादित सन्देहे सन्देहापन्ने च प्रवर्तत इति ज्ञापनार्थ मविज्ञाततत्त्व इत्युक्तम्।[2]'' सूत्र में कारणोपपत्तितः पद का प्रयोग कभी इस भाव से भी किया जाता है, जिससे हम यह कह पाते हैं कि तर्क आहार्य हेतु से उत्पन्न होता है। ''स चाहार्यहेतोरुत्पद्यत इति ज्ञापनार्थं कारणोपपत्तित इति पदं तदर्थतयापि क्वचिद् व्याख्यात्।[3]'' उदयनाचार्य अनिष्ट प्रसंग को तर्क का स्वरूप कहते हैं और उसे निम्न पाँच प्रकारों में विभाजित करते हैं– आत्माश्रय, इतरेतराश्रय, चक्रक, अनवस्था और प्रमाणबाधितार्थ। ये अनिष्ट प्रसंग ही आचार्य दो में से एक में स्वीकार करते हैं। ''स्वरूपमनिष्टप्रसंगः। स चात्माश्रयेतरेतराश्रयचक्रकानवस्थाप्रमाण) बाधितार्थप्रसंगभेदेन पञ्चविधः। एते हि एकत्र भवन्तोऽन्यतरम् अभ्यनुजानन्ति।[4]'' तर्क का विषय अविज्ञत–तत्त्व होता है विज्ञात–तत्त्व नहीं। ''तदस्य विषयोऽविज्ञाततत्त्वः।[5]''

उदयनाचार्य का वैशिष्ट्य यह है कि वे अपने पूर्वाचार्यो से भिन्न व्यापार करते हुए ऊह को तर्क कहते हैं। ऊह मात्र उनके अनुसार तर्क नहीं है। पूर्वाचार्यों द्वारा की गयी कारणोपपत्ति पद की व्याख्या के अतिरिक्त एक और व्याख्या करते हैं तथा तर्क को आहार्य हेतु से उत्पन्न मानते हैं। आहार्य और अनाहार्य हेतु की व्याख्या न्यायकुसुमाञ्जलिः में उपलब्ध होने के कारण आगे किया जायेगा। वाचस्पति अनिष्टापत्ति की चर्चा मात्र करते हैं, वे उसके प्रकारों का वर्णन नहीं करते, परन्तु उदयनाचार्य उसके प्रकारों का वर्णन कर अनिष्टापत्ति की अवधारणा को विकसित करते हैं। अनिष्टापत्ति की इस अवधारणा को उदयनाचार्य अपनी न्यायकुसुमाञ्जलिः में स्वक्रियाव्याघात

---

1. न्यायवार्तिकतात्पर्यपरिशुद्धिः, उदयनाचार्य, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, , नई दिल्ली, पृ. 304, 1996
2. वही, पृ. 304
3. वही, पृ. 304
4. वही, पृ. 304
5. वही, पृ. 304

नामक प्रत्यय से व्यक्त करते हैं। वे कहते हैं कि वही आशंका की जाती है जिस आशंका के विषय-वस्तु में स्व-क्रिया का व्याघात नहीं होता है। उदयनाचार्य के इस मत का खंडन श्रीहर्ष अपने खंडनखंडखाद्य में करते हैं और आगे जाकर गंगेशोपाध्याय श्रीहर्ष के मत का खंडन कर उदयनाचार्य के मत का अनुसरण करते हैं।

तर्क में जिज्ञासा और संशय के सम्बन्ध का स्पष्टीकरण भाष्यकार द्वारा प्रतिपादित सूत्रार्थ से होता है। सूत्रार्थ से स्पष्ट है कि अर्थ के तत्त्व को अविज्ञायमान होने में पहले उसे जानने की जिज्ञासा होती है और तत्पश्चात् संशय होता है कि वस्तु इस प्रकारक है वा नहीं है। यहाँ वाचस्पति का कहना है कि यद्यपि संशय के पश्चात् ही जिज्ञासा होती है, तथापि जिज्ञासा के पश्चात् भी संशय होता है। उनके अनुसार संशय तर्क की प्रवृत्ति का अंग होता है, फलतः जिज्ञासा के पश्चात् संशय यहाँ विवक्षित है। ऊह का दूसरा नाम तर्क से ही दोनों पक्षों में एक के निषेध से दूसरा प्रमाण का विषय होने से नियत जिज्ञासा से दूसरे का प्रमाण संभव होता है। वाचस्पति कहते हैं कि संशय को तर्क की प्रवृत्ति के प्रति अंगता विषय की निकटता के कारण होता है। तात्पर्यटीका में कहा गया है कि– ''यद्यपि संशयस्य पश्चादेव जिज्ञासा भवति, तथापि जिज्ञासायाः परस्तादपि संशयो भवति। स चात्र विवक्षितः। तर्कप्रवृत्त्यंगत्वात्। तर्केण हि प्रसंगापरनाम्ना द्वयोः पक्षयोरेकतरनिषेधेनैकतरः प्रमाणविषयतया अभ्यनुज्ञातव्य इति विषयप्रत्यासत्त्या तर्कप्रवृत्तिं प्रत्यंगता संशयस्येति।[1]''

सूत्रार्थ स्पष्ट करने के पश्चात् भाष्यकार तर्क का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे कहते हैं कि ज्ञाता (आत्मा) जो ज्ञातव्य अर्थ को जानता है उसे तत्त्वतः जानने की जिज्ञासा होती है। यहाँ यह विमर्श है कि वह ज्ञाता उत्पत्ति-धर्मक है वा अनुत्पत्ति-धर्मक। जिसका उत्पत्ति होता है वह अनित्य और जिसका उत्पत्ति नहीं होता है वह नित्य होता है। यह संशय कि ज्ञाता इस प्रकारक है वा इस प्रकारक नहीं है विमर्श कहलाता है। जिसका तत्त्व अविज्ञात होता है वह विमृश्यमान कहलाता है। अर्थ का तत्त्व अविज्ञात होने से ही वह विमर्श का विषय होता है। विमृश्यमान अर्थ के अविज्ञात-तत्त्व में जिस धर्म के प्रमाण की संभावना की उत्पत्ति होती है, उस धर्म को स्वीकार करते हैं। नित्य आत्मा ही अपने द्वारा किये गये कर्म के फल का अनुभव करता है। संसार, अर्थात् दुःख और अपवर्ग, अनुत्पत्ति-धर्मक ज्ञाता (नित्य आत्मा) में होना चाहिये, और पुनः उत्पत्ति-धर्मक ज्ञाता (अनित्य आत्मा) में नहीं होना चाहिये। दुःख, जन्म, प्रवृत्ति, दोष और मिथ्याज्ञानों के एक के पूर्व एक के कार्य से अन्त में दुःख, और एक के उत्तर एक के लोप से अपवर्ग होता है। मिथ्या ज्ञान दोष का, दोष प्रवृत्ति का, प्रवृत्ति जन्म का, जन्म दुःख का कारण होता है। वाचस्पति कहते हैं कि 'अनेन संसारो दर्शितः[2]' अर्थात् भाष्यकार द्वारा इससे संसार (दुःख) का निरूपण किया गया है। पुनः उत्तरोत्तर के लोप से अपवर्ग दिखाया गया है। वाचस्पति इसे 'अनेनापवर्गः' से व्यक्त करते

1. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्,, नई दिल्ली, पृ. 261, 1996
2. वही, पृ. 261

हैं। भाष्यकार कहते हैं कि उत्पत्ति-धर्मक ज्ञाता देह, इन्द्रिय, विषय-बुद्धि, और वेदनाओं से सम्बद्ध होता है और उत्पन्न ज्ञाता को उसके द्वारा किये कर्म के फल का भोग नहीं हो पाता है। जो उत्पन्न होता है वह नष्ट हो जाता है, अतः अविद्यमान या नष्ट को उसके द्वारा किये गये कर्म के फल का भोग नहीं होता है। इस प्रकारक ज्ञाता (आत्मा) को फल का भोग करने के लिये अनेक शरीर के साथ योग या शरीरादि से अत्यन्त वियोग नहीं होना चाहिये। जहाँ ज्ञाता प्रमाण की संभावना नहीं देखता है, उसे वह स्वीकार नहीं करता है। दो विमर्शों में से जिस विमर्श में प्रमाण अनुपपद्यमान होता है वह विमर्श ज्ञाता स्वीकार नहीं करता है। यही ऊह का लक्षण है, और वह ऊह तर्क कहलाता है। ज्ञाता (आत्मा) को उत्पत्ति-धर्मक नहीं होना चाहिये, क्योंकि उत्पत्ति-धर्मक होने से ज्ञाता अनित्य होता है और वह अपने द्वारा किये गये कर्म के फल का भोग नहीं कर सकता है। अतः अनुत्पत्ति-धर्मक होने से ज्ञाता होता है, उत्पत्ति-धर्मक होने से ज्ञाता (आत्मा) नहीं होता है। वार्त्तिककार के अनुसार जो ऊह यह कहता है कि ज्ञाता (आत्मा) अनुत्पत्तिधर्मकेन होना चाहिये तर्क कहलाता है। वार्त्तिकम् की पंक्ति यहाँ द्रष्टव्य है- ''अनुत्पत्ति धर्मकेनानेन भवितव्यमिति य ऊहः स तर्क इति।[1]'' भाष्यकार तर्क के उपरोक्त उदाहरण को निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं- ''तत्र निदर्शनम्, योऽयं ज्ञाता ज्ञातव्यमर्थं जानीते, तं तत्त्वतो जानीयेति जिज्ञासा। स किमुत्पत्तिधर्मकोऽथानुत्पत्तिधर्मक इति विमर्शः। विमृश्यमानेऽविज्ञाततत्त्वेऽर्थे यस्य धर्मस्याभ्यनुज्ञाकारणमुपपद्यते, तमनुजानाति। यद्ययमनुत्पत्तिधर्मकः, ततः स्वकृतस्य कर्मणः फलमनुभवति ज्ञाता। दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरमुत्तरं पूर्वस्य पूर्वस्यकारणम्, उत्तरोत्तरापाये च तदनन्तरापायादपवर्गः इति स्यातां संसारापवर्गौ। उत्पत्तिधर्मके ज्ञातरि पुनर्नस्याताम्। उत्पन्नः खलु ज्ञाता देहेन्द्रियविषयबुद्धिवेदनाभिः संबध्यत इति नास्येदं स्वकृतस्य कर्मणः फलम्। उत्पन्नश्च भूत्वा न भवतीति तस्याविद्यमानस्य निरुद्धस्य वा स्वकृतकर्मणः फलोपभोगो नास्ति। तदेवमेकस्यानेकशरीरयोगः शरीरादिवियोगश्चात्यन्तं न स्यादिति, यत्र कारणमनुपपद्यमानं पश्यति, तन्नानुजानाति, सोऽयमेवलक्षण ऊहस्तर्क इत्युच्यते।[2]''

वाचस्पति भाष्यकार के मत को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि आत्मा (ज्ञाता) के नित्यत्व को स्थापित करने वाला प्रवर्तमान प्रमाण तर्क से अनुग्रहित होता है। इस प्रकार तर्क अनुग्राहक होता है। द्वितीयतः वे कहते हैं कि प्रमाण के विषय के विपर्यय का अनिष्ट के साथ संयोग होने से उस विपर्यय का साक्षात् निष्कासन हो जाता है। तृतीयतः प्रमाण के विषय के विपर्यय की अस्वीकृति ही प्रमाण के विषय के प्रमाण का संभव होना होता है। इन बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए वाचस्पति कहते हैं कि दुःख और अपवर्ग आत्मा के नित्यत्व में होना चाहिये अनित्यत्व में नहीं। अनुत्पत्ति-धर्मक ज्ञाता नित्य, और उत्पत्ति-धर्मक ज्ञाता अनित्य होता है। आत्मा के नित्यत्व को मानने वाले वादी और अनित्यत्व को मानने वाले प्रतिवादी कहे गये हैं। वादी और प्रतिवादी के

1. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 133, 1997
2. सवात्स्यायनभाष्यगौतमीयन्यायदर्शनम्, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 36-37, 1997

प्रति ज्ञाता (आत्मा) के नित्यत्व–विषय को स्थापित करने वाला प्रवर्तमान प्रमाण हमें तर्क से प्राप्त होता है। वाचस्पति के अनुसार अनुत्पत्ति–धर्मक ज्ञाता प्रमाण का विषय और उत्पत्ति–धर्मक ज्ञाता प्रमाण के विषय का विपर्यय होता है। प्रमाण के विषय के विपर्यय को अनिष्ट के साथ संयोग होता है। प्रमाण के विषय के विपर्यय को अनिष्ट के साथ संयोग से ही उसका साक्षात् निष्कासन हो जाता है। निष्कासन के आधार पर वाचस्पति कहते हैं कि प्रमाण के विषय के विपर्यय की अस्वीकृति ही प्रमाण के विषय के प्रमाण का संभव होना है। वाचस्पति के अनुसार भाष्यकार अन्त में उपसंहार करते हुए कहते हैं कि जहाँ हमें प्रमाण अनुपपद्यमान दीखता है हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। वाचस्पति अपने तात्पर्यटीका में लिखते हैं कि ''तेन संसारापवर्गाविच्छन्तौ वादि प्रतिवादिनौ प्रति आत्मनित्यत्वविषयं प्रमाणं प्रवर्तमानमनेन तर्केणानुगृह्यत इति प्रमाणविषयविपर्ययाननुज्ञैव च प्रमाणविषायाभ्यनुज्ञा। अनिष्टप्रसक्त्या विपर्ययस्यैव साक्षात् निवर्तनात्। अत एवान्ते भाष्यकार उपसंजहार–यत्र कारणमनुपपद्यमानं पश्यति, तत् नानुजानातीति।[1]''

न्यायचतुर्ग्रंथिका में सूत्रार्थ स्पष्ट करने की तीन योजनाएं देखने को मिलती हैं। भाष्यकार की योजना, वार्त्तिककार की योजना और वाचस्पति की समन्वयात्मक योजना। भाष्यकार की योजना वार्त्तिककार की योजना से पृथक् है, और वाचस्पति दोनों योजनाओं को समन्वित कर सूत्रार्थ स्पष्ट करते हैं। इन तीनों योजनाओं का पर्यवसान उदयनाचार्य की परिशुद्धि एवं न्यायकुसुमाञ्जलिः में होता है। पीछे भाष्यकार की योजना के आधार पर न्यायचतुर्ग्रंथिका के संदर्भ में सूत्रार्थ को स्पष्ट करते हुए तर्क के उदाहरण को स्पष्ट किया गया है। आगे वार्त्तिककार की योजना का अनुसरण कर सूत्रार्थ को स्पष्ट करने का प्रयास किया जायेगा। वार्त्तिककार सूत्रार्थ को पूर्ववत् ग्रहण करते हुए सूत्र में प्रयुक्त पदों का भाषायी विश्लेषण कर उन्हें वाह्यार्थ के साथ सम्बद्ध करते हैं। वार्तिककार की यह योजना वाचस्पति, उदयनाचार्य, श्रीवल्लभाचार्य होते हुए गंगेशोपाध्याय की तत्त्वचिन्तामणिः में उत्कर्ष पर पहुँचती है। अविज्ञात–तत्त्व में तत्त्व पद का लक्षण प्रस्तुत कर, अविज्ञात–तत्त्व नामक समस्त पद का विग्रह एवं वाह्यार्थ के साथ उनका सम्बन्ध स्थापित कर, तर्क को संशय, निर्णय, एवं अनुमान से पृथक् कर, तर्क का उपयोग तत्त्व–ज्ञान के लिये कर, वार्त्तिककार उद्योतकर तर्क विषयक चर्चा को एक नई दिशा प्रदान करते हैं।

सूत्र का अर्थ वार्त्तिककार पूर्ववत् ग्रहण करते हुए सूत्र में प्रयुक्त अविज्ञात–तत्त्व में तत्त्व पद को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि जिस प्रकारक वह अर्थ होता है उस प्रकारक वह भाव अर्थ का तत्त्व कहलाता है। जिस प्रकारक तथ्य है वही तत्त्व है। यहाँ विपर्यय नहीं होता है। वार्त्तिककार द्वारा दिया गया तत्त्व का यह लक्षण भाष्य से समर्थित है जैसा कि भाष्य के निम्नलिखित पंक्ति से स्पष्ट है– ''अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे इति यथा सोऽर्थो भवति तस्य तथाभावस्तत्त्वम्, अविपर्ययो

---

1. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 261–62, 1996

यथातथ्यम्।[1]'' तत्त्व के इस लक्षण को परिष्कृत करते हुए वाचस्पति कहते हैं कि समानजातीय और असमानजातीय से भिन्न अर्थ का अविपरीत रूप तत्त्व कहलाता है। ''समानासमानजातीय-व्यवच्छिन्नमविपरीतं रूपं तत्त्वमित्यर्थः।[2]'' 'अर्थ के अविज्ञात तत्त्व में' हम तत्त्व को सामान्यतः जानते हैं। तत्त्व को सामान्यतः जानने से तर्क होता है, तत्त्व का निश्चित ज्ञान होने से तर्क नहीं होता है। यह पुनः कैसे कहते हैं कि हम अर्थ का तत्त्व सामान्यतः जानते हैं? 'अर्थ के अविज्ञात-तत्त्व में' नामक पदों के ज्ञान से यह कहा जाता है कि हम अर्थ के तत्त्व को सामान्यतः जानते हैं। इससे यह नहीं कह सकते कि हम अर्थ के तत्त्व को निश्चित रूप से जानते हैं। जिस हेतु से सूत्र में 'अर्थ के अविज्ञात-तत्त्व में' नामक पद कहा गया है उससे यह ज्ञापित होता है कि अर्थ का तत्त्व सामान्यतः जाना जाता है। पुनः यदि अर्थ के तत्त्व का सामान्य ज्ञान भी नहीं हो तो 'अविज्ञात तत्त्व में' नहीं कहना चाहिये, 'अविज्ञात' ही कहना चाहिये। वार्त्तिककार के शब्दों में– ''अस्यार्थः पूर्ववत्। अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे इति। यथा सोऽर्थो भवति सोऽस्य तथाभावस्तत्त्वम्। एतस्मिन् अविज्ञाते सामान्यतोऽधिगते। कुतः पुनरेतत् सामान्यतोऽधिगतमिति? अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे इत्यभिज्ञानात्। यस्मादयमाह-अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे इति, तेन ज्ञापयति, सामान्यतोऽधिगतमिति। यदि पुनः सामान्यमपि नाधिगतं स्यात्, न ब्रूयात् अविज्ञाततत्त्वे इति। अविज्ञात इत्येवं ब्रूयादिति।[3]''

सूत्रकार के अनुसार तत्त्वज्ञानार्थ ऊह तर्क कहलाता है। ऊह से तत्त्वज्ञान नहीं होता है, वह तो तत्त्वज्ञानार्थ ही होता है। यहाँ प्रश्न उठता है कि यह ऊह तत्त्वज्ञानार्थ क्यूँ होता है, उससे तत्त्वज्ञान ही क्यूँ नहीं होता है। यह प्रश्न ऊह की ज्ञानमीमांसीय स्थिति से सम्बन्धित है। जिन दो विमृश्यमानों में से जिस किसी एक विमृश्यमान का प्रमाण संभव है उसे हम स्वीकार करते हैं। यहाँ प्रश्न उठाया गया है कि क्या वह तत्त्व-ज्ञान है वा क्या स्वीकृति तत्त्वज्ञानार्थ होती है? यह प्रश्न ऊह के प्रमाणत्व एवं स्वतंत्रता से भी जुड़ा हुआ है। ऊह से यदि अवधारण हों तो ऊह प्रमाण होगा और उससे तत्त्व-ज्ञान होना चाहिये। यहाँ ऊह स्वतंत्र हो जाता है और प्रमाण की अनुग्राहकता समाप्त हो जाती है। इन कारणों से उद्योतकर एवं वाचस्पति उक्त प्रश्न करते हैं। ऊह का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए यह कहा गया था कि जो ज्ञाता (आत्मा) ज्ञातव्य अर्थ को जानता है उस ज्ञाता को तत्त्वतः जानना चाहिये। हमें यह जानना चाहिये कि क्या यह ज्ञाता (आत्मा) उत्पत्ति-धर्मक है वा अनुत्पत्ति-धर्मक? भाष्य के अनुसार इन दो विमृश्यमानों में से एक को स्वीकार करते हैं। जो ऊह यह कहता है कि ज्ञाता (आत्मा) अनुत्पत्ति-धर्मक होने से अर्थात अनुत्पत्तिधर्मकेन होना चाहिये तर्क कहलाता है। यहाँ प्रश्न उठता है कि वह तत्त्व-ज्ञान ही है तो सूत्रकार ऊह को तत्त्वज्ञानार्थ क्यूँ कहते हैं? वार्त्तिककार

1. सवात्स्यायनभाष्यं गौतमीयन्यायदर्शनम्, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 37, 1997
2. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 262, 1996
3. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 131, 1997

के अनुसार– ''उदाहरणम्, योऽयं ज्ञाता ज्ञातव्यमर्थं जानीते तत्त्वतो जानीयेति किमयमुत्पत्तिधर्मकोऽथानुत्पत्ति-धर्मक इति यावदेकतरमनुजानातीति भाष्यम्। अनुत्पत्तिधर्मकेनानेन भवितव्यमिति य ऊहः स तर्क इति। नन्वेतत् तत्त्वज्ञानमेव, किमुच्यते तत्त्वज्ञानार्थमिति?[1]'' वाचस्पति इसी प्रश्न को तर्क के आकार के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करते हैं।'' वह इस प्रकारक है, इतर नहीं'' एक आकार है, और इस प्रकारक आकार यदि तर्क है तो तत्त्व–ज्ञान नहीं, तत्त्व–ज्ञानार्थ ही क्यों है। अर्थात् तर्क से तत्त्व–ज्ञान क्यों नहीं, वह तत्त्व–ज्ञानार्थ ही क्यों होता है?

भाष्यकार इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कहते हैं कि तत्त्व–ज्ञान अवधारित होता है, परन्तु तर्क से प्राप्त विषय अनवधारित होने से वह तत्त्व–ज्ञान नहीं है। यह इस प्रकार कि ऊह से प्रमाण की संभावना के आधार पर दो में से एक धर्म को स्वीकार करते हैं, न तो अवधारित करते हैं, न व्यवसाय करते हैं, और न निश्चित करते हैं। अतएव ऊह से तत्त्वज्ञान नहीं होता है। अब प्रश्न उठता है कि ऊह तत्त्वज्ञानार्थ कैसे है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए भाष्यकार ऊह के निम्न पक्षों को उद्घाटित करते हैं- (1) ऊह से यह कहा जाता है कि तत्त्व–ज्ञान के विषय का प्रमाण संभव है। प्रमाण का संभव होना अभ्यनुज्ञा कहलाता है। (2) ऊह एक चिन्ता है। ऊह से यह चिन्ता करते हैं कि दो विमृश्यमानों में से किस विमृश्यमान में प्रमाण संभव है, और इससे ऊह तत्त्व–ज्ञान के विषय को विशोधित करता है। इस तरह भाष्यकार कहते हैं कि तत्त्व–ज्ञान के विषय के प्रमाण को संभव होने के लक्षण से विशिष्ट ऊह से चिन्ता के फलस्वरूप तत्त्व–ज्ञान का विषय विशोधित होने के अनन्तर प्रमाण के सामर्थ्य से तत्त्व–ज्ञान उत्पन्न होता है। इस प्रकार ऊह तत्त्व–ज्ञानार्थ होता है, तत्त्व–ज्ञान तो प्रमाण के सामर्थ्य से उत्पन्न होता है। भाष्यकार के शब्दों में– ''कथं पुनरयं तत्त्वज्ञानार्थो न तत्त्वज्ञानमेवेति? अनवधारणात्। अनुजानात्ययमेकतरं धर्मं कारणोपपत्त्या, न त्ववधारयति न व्यवस्यति न निश्चिनोत्येवमेवेदमिति। कथं तत्त्वज्ञानार्थ इति? तत्त्वज्ञानविषयाभ्यनुज्ञालक्षणादुहाद् भावितात् प्रसन्नादनन्तरं प्रमाणसामर्थ्यात् तत्त्वज्ञानमुत्पद्यत इत्येवं तत्त्वज्ञानार्थ इति।[2]''

वार्त्तिककार इन प्रश्नों का उत्तर अनुत्पत्तिधर्मक ज्ञाता (आत्मा) और प्रमाण की उपादेयता के आधार पर देते हुए तथाभूत को प्रमाण का विषय कहकर वाह्यार्थवाद स्थापित करते हैं। पीछे कहा जा चुका है कि वह ऊह जो कहता है कि ज्ञाता (आत्मा) अनुत्पत्ति धर्मक रूप से ग्रहण करना चाहिये तर्क कहलाता है। यदि इस ऊह से तत्त्व–ज्ञान अवधारित नहीं होता है तो अनुत्पत्तिधर्मक ज्ञाता से क्या होना चाहिये? पुनः यह ऊह तत्त्वज्ञानार्थ कैसे होता है, तथा तत्त्वज्ञान कैसे और किसका होता है? इन प्रश्नों का उत्तर ही मूल प्रश्नों का उत्तर है। वार्त्तिककार कहते हैं कि ऊह से जिस विमृश्यमान को स्वीकार करते हैं उसका अवधारण हमें नहीं होता है। यह अवधारित नहीं किया जाता कि अर्थ इस प्रकारक ही है। अवधारण नहीं होने से यह तत्त्वज्ञान नहीं कहा जा सकता है।

---

1. वही, पृ. 133
2. सवात्स्यायनभाष्यं गौतमीयन्यायदर्शनम्, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 37, 1997

यहाँ प्रश्न उठता है कि ऊह से अवधारण नहीं होता है तो अनुत्पत्तिधर्मक ज्ञाता (आत्मा) से क्या होता है? इस प्रश्न के उत्तर में हम कहते हैं कि ऊह से यह कहा जाता है कि प्रमाण के विषय का प्रमाण संभव है। इससे स्पष्ट है कि ऊह से तत्त्वज्ञान नहीं होता है। यहाँ यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि ऊह तत्त्वज्ञानार्थ कैसे होता है? ऊह से प्रमाण के विषय का हम विवेचन करते है। प्रमाण का विषय नामक विवेचित यह अर्थ युक्त होता है। विवेचन के आधार पर हम यह कहने में सक्षम होते हैं कि ऊह तत्त्वज्ञानार्थ होता है। वार्त्तिककार के अनुसार ये प्रवर्तमान प्रमाण तर्क से विवेचित अर्थ को जिस प्रकारक वह होता है उस प्रकार से उस अर्थ को जानता है। अतः ऊह तत्त्वज्ञानार्थ होता है, और प्रमाण से हमें तथाभूत का तत्त्वज्ञान होता है। न्यायभाष्यवार्त्तिकम् की पंक्ति यहाँ द्रष्टव्य है– ''नन्वेतत् तत्त्वज्ञानमेव, किमुच्यते तत्त्वज्ञानार्थमिति? नेदं तत्त्वज्ञानमनवधारणात्। न ह्ययमवधारयति एवमेवेति। किं त्वनुत्पत्तिधर्मकेण ज्ञात्र भवितव्यमितिप्रमाणविषयमभ्यनुजानाति। कथं पुनरयं तत्त्वज्ञानार्थो भवति? प्रमाणविषयविवेचनात्। प्रमाणविषयमनेन विविनक्ति अयमर्थो युक्त इति। प्रमाणानि पुनः प्रवर्तमानानि तर्कविविक्तमर्थं तथाभूतमधिगमयन्तीति।[1]'' वाचस्पति कहते हैं कि तर्क यदि 'वह इस प्रकारक है, इतर नहीं' आकारक है तो वह तत्त्वज्ञान क्यूं नहीं, तत्त्वज्ञानार्थ ही क्यूँ है। ''ननु यदि तर्क एवमेतत्, नेतरदित्येवमाकारः, कथं पुनरयं तत्त्वज्ञानार्थो न तु तत्त्वज्ञानमेवेति।[2]'' वाचस्पति के अनुसार ऊह से अनवधारण होना ही इस समस्या का निदान है। उनके अनुसार प्रमाणों से तत्त्व-ज्ञान निश्चय होता है, फलतः तत्त्व-ज्ञान और तत्त्वज्ञानार्थ में अत्यन्त भेद कहा गया है। ''परिहरति-अनवधारणादिति। पर्यायैर्निश्चयादत्यन्तभेद उक्तः।[3]'' प्रमाण की भाँति तर्क स्वतंत्र नहीं होता है, वह प्रमाण का अनुग्राहक होता है। वाचस्पति के अनुसार भाष्यकार का यह मत कि ऊह के पश्चात् प्रमाण के सामर्थ्य से तत्त्व-ज्ञान उत्पन्न होता है तर्क के स्वातन्त्र्य का खंडन करता है। ''प्रमाणसामर्थ्यादिति तर्कस्य स्वातन्त्र्यमपाकरोति।[4]'' अतः ऊह से तत्त्वज्ञान नहीं अपितु वह तत्त्वज्ञानार्थ होता है। तत्त्वज्ञान तो ऊह के पश्चात प्रमाण के सामर्थ्य से होता है।

यहाँ यह विचारणीय है कि यदि तर्क तत्त्व के निश्चय का साधन नहीं है, अपितु प्रमाण ही तत्त्व-निश्चय का साधन है तो क्यों वाद (1.2.1) में सूत्रकार ने प्रमाण के साथ तर्क का नामोल्लेख किया है? इस प्रश्न का स्पष्ट उल्लेख करते हुए वाचस्पति लिखते हैं– ''स्यादेतत् यदि न तर्कस्तत्त्वनिश्चयसाधनमपि तु प्रमाणमेव, हन्त भोः किमर्थं तर्हि वादे प्रमाणतर्कसाधनेत्युक्तमिति।[5]'' इस प्रश्न का उत्तर देते हुए भाष्यकार कहते हैं कि चूँकि यह तर्क प्रमाणों के विषय के विपर्यय की आशंका को विघटित करता है तथा प्रमाण का होना संभव कहता है, इसीलिये सूत्रकार द्वारा

1. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 133, 1997 नई दिल्ली, पृ. 262, 1996
2. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्,
3. वही, पृ. 262
4. वही, पृ. 262
5. वही, पृ. 262

वाद में प्रमाण के साथ तर्क का उल्लेख किया गया है। भाष्यकार के शब्दों में ''सोऽयं तर्कः प्रमाणानि प्रतिसंदधानः प्रमाणाभ्यनुज्ञानात् प्रमाणसहितो वादेऽपदिष्ट इति।[1]'' यहाँ यह ज्ञातव्य हो कि वाचस्पति के अनुसार प्रतिसंदधान पद का अर्थ यहाँ प्रमाणों के विषय के विपर्यय की शंका से विघटित प्रमाणों से है। ''प्रमाणविषयविपर्ययशंकाविघटितानि प्रमाणानि प्रतिसंदधान इत्यर्थः।[2]''

वार्त्तिककार सूत्र के अविज्ञाततत्त्व नामक पद का भाषायी-विश्लेषण कर सूत्र का ज्ञेय-कैन्द्रित व्याख्या प्रस्तुत करते हैं। इस पद का ज्ञाता-कैन्द्रित व्याख्या वाह्यार्थ का विरोधी होने से तथा इस पद को अर्थ्यमान् होने से ही उद्योतकर और पुनः वाचस्पति सूत्र का ज्ञेय-कैन्द्रित व्याख्या प्रस्तुत करते हैं। इस पद का जिस प्रकार से व्याख्या करते हैं तदनुसार तर्क का लक्षण बनता है। पद के अर्थ्यमानत्व के आधार पर इसे कर्म के रूप में व्याख्या की गयी हैं कर्त्ता के रूप में नहीं। अनेकानेक विरोधी प्रश्नों का उत्तर देते हुये ये नैयायिक भाषा का समीचीन व्याख्या करते हुए उसे वाह्यार्थ से सम्बद्ध करते हैं।

वार्त्तिककार के अनुसार सूत्र में प्रयुक्त 'अविज्ञाततत्त्व' एक समास है। इस समास को तृतीया या षष्ठी विभक्ति से विग्रह किया जा सकता है, और यहाँ यह स्पष्ट नहीं है कि इस पद को 'जिससे (जिस ज्ञाता से) तत्त्व अविज्ञात है 'या' जिसका (जिस अर्थ का) तत्त्व अविज्ञात है' कहें। प्रश्न उठता है कि तृतीया विभक्ति से विग्रह के कारण और षष्ठी विभक्ति से विग्रह के कारण 'अविज्ञाततत्त्व' के अर्थ में क्या भेद हो जाता है? इस भेद को स्पष्ट करने के लिये यह कहना आवश्यक है कि 'वह जिनसे तत्त्व अविज्ञात है' ज्ञाता कैन्द्रित है, और 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' ज्ञेय कैन्द्रित है। इस समास को दोनों में से जिससे विग्रह करते हैं तदनुसार तर्क का लक्षण हो जाता है। यदि तृतीया विभक्ति से विग्रह करते हुए कहें कि 'जिनसे तत्त्व अविज्ञात है' यह अविज्ञात-तत्त्व है, तो वह अविज्ञात-तत्त्व ज्ञाता का विशेषण होता है। तदनुसार उस अविज्ञात-तत्त्व में उसको समझने के लिये ज्ञाता में जो ऊह होता है वह तर्क का लक्षण होता है। षष्ठी विभक्ति से विग्रह करते हुए कहें कि 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है', तो वहाँ उस वस्तु का तत्त्व अविज्ञात होता है। उस अविज्ञात-तत्त्व में षष्ठी से विग्रह करने से उस वस्तु के अविज्ञात-तत्त्व को समझने के लिये जो ऊह होता है वह तर्क कहलाता है। यह ज्ञेय कैन्द्रित विग्रह है। षष्ठी विभक्ति से 'अविज्ञाततत्त्व' के अर्थ का समुचित ग्रहण होता है, अतः अर्थ को ग्रहण करने के सामर्थ्य के आधार पर यह स्पष्ट है कि इस पद को षष्ठी से विग्रह करना ही उचित है। षष्ठी से इस समास को विग्रह करने के उचितत्त्व में अर्थ-ग्रहण के सामर्थ्य को हेतु कहा गया है। ''युक्तत्वे हेतुमाह-युक्तमर्थग्रहणसामर्थ्यादिति।[3]'' वाचस्पति का कहना है कि षष्ठी से विग्रह के

1. सवात्स्यायनभाष्यं गौतमीयन्यायदर्शनम्, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 37, 1997
2. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 262, 1996
3. वही, पृ. 262

परिणामस्वरूप अर्थ उपपन्न होता है, परन्तु तृतीया से विग्रह के परिणामस्वरूप अर्थ अनुपपपन्न रह जाता है। ''अवधारयति–षष्ठीविग्रहेणेति। युक्तम् उपपन्नम्। तृतीयाविग्रहेण त्वनुपपन्नमित्यर्थ:।[1]'' इसीलिये इस समास को षष्ठी से विग्रह करना उचित है। संशयवादी यहाँ कहते हैं कि इस समास को षष्ठी से विग्रह करना उचित नहीं है, क्योंकि यहाँ कोई विशेष हेतु नहीं जिससे कि षष्ठी से विग्रह होने से इस समस्त पद का अर्थ उपपन्न हो। इन संशयवादी के अनुसार 'युक्तम्' पद का प्रयोग कर वार्त्तिककार प्रतिज्ञा मात्र का अभिधान करते हैं। यहाँ हेतु का अभिधान नहीं किया गया है जिससे कि षष्ठी से विग्रह किया जाय। संशयवादी के मत का उल्लेख करते हुए वाचस्पति लिखते हैं– ''संशयवाद्याहविशेषहेत्वभावादिति। युक्तमिति प्रतिज्ञामात्रेणोच्यते, न त्वत्र हेतुरभिधीयत इति भाव:।[2]'' यहाँ कोई विशेष हेतु नहीं है, जिससे यह कहा जा सके कि यह पद तृतीया से विग्रह करने से अवगत हो या षष्ठी से विग्रह करने से अवगत हो। वार्त्तिककार के शब्दों में– ''अविज्ञाततत्त्व इति समासोऽयम्। न चावगम्यते किमविज्ञातं तत्त्वं येन, उताविज्ञातं तत्त्वं यस्येति। कश्चात्र विशेष:? यद्यविज्ञातं तत्त्वं येन सोऽयमविज्ञाततत्त्व: परिच्छेत्ता, तस्मिन्नविज्ञाततत्त्वे परिच्छेत्तरि तदवगमार्थमूहस्तर्क इति प्राप्नोति। अथाप्यविज्ञातं तत्त्वं यस्य तद्वस्त्वविज्ञाततत्त्वम्, तस्मिन्नविज्ञाततत्त्वे इति षष्ठीविग्रहेणातियुक्तमेतत्। न विशेषहेत्वभावात्। नात्र विशेषहेतुरिति किमयं तृतीयाविग्रहेण समास उत षष्ठविग्रहेणेति।[3]''

षष्ठी से समास में अर्थ को ग्रहण करने का सामर्थ्य होता है, अत: यह कहना उचित है कि यह समास षष्ठी से विग्रह होने से जाना जाता है। षष्ठी से विग्रह करने के उचितत्त्व में 'युक्तमर्थग्रहणसामर्थ्यादिति' कहा गया है। यहाँ अर्थ–ग्रहण के सामर्थ्य को षष्ठी से विग्रह करने का हेतु कहा गया है। षष्ठी से विग्रह होने के फलस्वरूप ही सूत्रकार ने सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे' कहा है। यह पद अर्थ्यमान है और इस पद को अर्थ्यमानत्व होने से यह पद कर्म है। उससे ज्ञापित होता है कि यह समास षष्ठी से विग्रह होने से जाना जाता है, और तृतीया से विग्रह होने से यह समास नहीं जाना जाता है। वाचस्पति स्पष्ट कहते हैं कि ''तृतीयाविग्रहेण त्वनुपपन्नमिति[4]''।

यहाँ सूत्र में 'अर्थ' पद के ग्रहण के औचित्य एवं अनौचित्य पर प्रकाश डालते हुए समास करने के औचित्य एवं अनौचित्य पर प्रकाश डाला गया है। कुछ लोग कहते हैं कि अर्थ पद को ग्रहण के विना भी सामर्थ्य के आधार पर इस समास का ज्ञान हो जाने से अर्थ–ग्रहण के सामर्थ्य के आधार पर षष्ठी से विग्रह करना उचित नहीं है। इन लोगों के अनुसार समास के विग्रह के लिये 'अर्थ' पद को ग्रहण करना आवश्यक नहीं है। वे कहते हैं कि 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' में अर्थ को अनुक्त होने में भी वह अर्थ जाना ही जाता है और उसके सामर्थ्य से यह समास षष्ठी

1. वही, पृ. 262
2. वही, पृ. 262
3. न्यायभाश्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 131, 1997
4. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 262, 1996

से विग्रह होता है। इस छिपे हुए अभिप्रेत अर्थ (तात्पर्य) का परिहार करते हुए सूत्र में 'अर्थ' पद को ग्रहण करने के पक्ष में कहते हैं कि इस प्रकार भी समास में सन्देह जस का तस रह जाता है कि समास को तृतीया से विग्रह करें वा षष्ठी से। 'अर्थ' पद को ग्रहण करने के औचित्य पर प्रश्न करने वाले कहते हैं कि अभिष्टार्थ की प्राप्ति के लिये समास करना अनिवार्य नहीं है। ये अभिप्रेत अर्थ को स्वीकार करते हुए समास करने की अनिवार्यता को अस्वीकार करते हैं। उनके अनुसार 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' वाक्य हो सकता है और इससे अभिष्ट अर्थ की प्राप्ति हो जाती है। समास में सन्देह होता है, वाक्य में अभिष्ट अर्थ की प्राप्ति से सन्देह नहीं होता है। अत: समास न हो, 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' वाक्य ही हो। इस वाक्य से अभिष्ट अर्थ की प्राप्ति हो जाती है और वह सन्देह भी नहीं होता जो समास में होता है। सूत्र में 'अर्थ' को ग्रहण करने के पक्षधर ये उत्तरवादी कहते हैं कि यह सही है कि समास किये विना वाक्य से अभिष्टार्थ की प्राप्ति हो जाती है, परन्तु समास लाघव के लिये किया जाता है, अत: समास आवश्यक है। पहले 'अर्थ' पद के अनौचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा गया था कि 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' में अर्थ पद अनुक्त होने में भी वह अर्थ जाना ही जाता है। यह सोचकर कि पहले कहे गये इस कथन से उनका अभिप्राय दर्शित नहीं हुआ वे पुन: कहते हैं कि 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' के सामर्थ्य से 'अर्थ' पद के अनुक्त होने में भी संप्रेषण हो जाता है, अत: 'अर्थ' पद सूत्र में ग्रहण करना आवश्यक नहीं है। सूत्र में 'अर्थ' पद को होने को उचित कहने वाले कहते हैं कि यहाँ उक्त सन्देह होना चाहिये, और तर्क के सभी लक्षण नहीं कहने से उत्पन्न समस्या का प्रसंग उठ जाने से 'अर्थ' पद को ग्रहण करना चाहिये। वाचस्पति कहते हैं कि वार्त्तिककार यहाँ अपने अभिप्राय का उद्घाटन करते हैं। वार्त्तिककार के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए वाचस्पति कहते हैं कि सामर्थ्यप्राप्त अर्थ के अनभिधान में अति-प्रसंग की समस्या उठ जाती है। 'अर्थ' को अवधारित किये विना सामर्थ्य पर आश्रित होकर तर्क का लक्षण करने में संशय का निराकरण नहीं हो पाता है। तर्क को संशय से भिन्न करने के लिये संशय का निराकरण आवश्यक है। अत: संशय के निराकरण के लिये सूत्र में 'अर्थ' पद का ग्रहण कर्तव्य है। वाचस्पति के शब्दों में- ''समस्तानभिधानप्रसंगाच्चेति स्वाभिप्रायोद्घाटनम्। एतदुक्तं भवति, सामर्थ्यप्राप्तस्यानभिधानेऽतिप्रसंग इति न सामर्थ्यमाश्रित्य लक्षणे संशयो निराकरणीय इति तन्निराकरणार्थमर्थग्रहण कर्तव्यमिति।[1]'' यदि सामर्थ्य का आश्रय लेकर अर्थ के ग्रहण का प्रतिषेध करते हैं तो ऊह तर्क होता है और तर्क का शेष लक्षण सामर्थ्यत: जाना जाता है। वार्त्तिककार कहते हैं कि 'अर्थ' पद का ग्रहण आवश्यक है क्योंकि ज्ञाता के निराकरण के लिये इस पद का ग्रहण आवश्यक होता है। ज्ञाता का निराकरण करते हुए वाचस्पति कहते हैं कि एक ही ज्ञाता अनेक ज्ञानों में समान रूप से पाया जा सकता है, इसीलिये ज्ञाता से ज्ञान निरूपित नहीं होता ज्ञेय से ही होता है। वाचस्पति के अनुसार सामर्थ्य पद का यही अर्थ है। ''ज्ञेयेन हि ज्ञानं निरूप्यते न ज्ञात्र, तस्य साधारण्यादिति सामर्थ्यमित्यर्थ:।[2]'' वार्त्तिककार का उक्त मत उनके निम्न

1. वही, पृ. 263
2. वही, पृ. 262

शब्दों से स्पष्ट है– "षष्ठीविग्रहेणेति युक्तम्, अर्थग्रहणसामर्थ्यात्। यस्मादयमाह अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे इति, अर्थ्यमाणत्वात् कर्म, तेन ज्ञापयति षष्ठीसमासौयं न तृतीयाविग्रह इति, अर्थग्रहणमन्तरेणापि सामर्थ्यतोऽधिगतेः। अविज्ञातं तत्त्वं यस्येत्यनुक्तेऽप्यर्थे गम्यत एवैतदर्थ इति। एवमपि समासे सन्देहतादवस्थ्यम्। मा भूत समासो वाक्यमेवास्तु अविज्ञात तत्त्वं यस्येति। भवत्येवभीष्टार्थ प्राप्तिः, लाघवार्थं तु समासकरणम्। अनुक्तेऽप्यर्थशब्दे सामर्थ्यतो गम्यते अविज्ञातं तत्त्वं यस्येति। अत्रोक्तं सन्देह एव स्यादिति। समस्तानभिधानप्रसंगाच्च। यदि च सामर्थ्यम् आश्रित्यार्थग्रहणं प्रतिषिध्यते, तदैवं युक्तमूहस्तर्क इति। सामर्थ्यतः शेषं गम्यत इति। तस्मादर्थग्रहणं ज्ञातृ निराकरणार्थमिति।[1]"

'अर्थ' पद को ग्रहण करने के औचित्य पर प्रकाश डालने के पश्चात् सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्व' नामक पद के होने के औचित्य एवं अनौचित्य पर चर्चा करते हुए उद्योतकर एवं वाचस्पति इस पद के होने के औचित्य के पक्ष में अपना मत प्रस्तुत करते हैं। आगे यह चर्चा की गयी है कि इस पद को नहीं होने या होने से तर्क के लक्षण पर क्या प्रभाव पड़ता है। जो सूत्र में इस पद के होने के विपक्ष में हैं उनके अनुसार इस पद को नहीं होने से कोई बाधा नहीं होती है, परन्तु जो पक्ष में हैं उनके अनुसार बुद्धि के धर्म के निराकरण के लिये सूत्र में इस पद का होना अनिवार्य है। सूत्र के परिणामस्वरूप न्याय में विज्ञात-तत्त्व और अविज्ञात-तत्त्व में एक ऐसा भेदक रेखा खींचा गया है कि ऊह तदनुसार दो श्रेणी में विभक्त हो जाता है। विज्ञात-तत्त्व में ऊह को तर्क नहीं कहा जा सकता है क्योंकि ऐसा कहने से प्रमाण भी तर्क होना चाहिये। सूत्र में 'अविज्ञात-तत्त्व' नहीं कहने से, तर्क के सभी लक्षण नहीं कहने से जो समस्या उठती है उसका निराकरण नहीं हो पाता है। तर्क के सभी लक्षणों को ध्यान में रखते हुए ही यहाँ लाघव का आदर नहीं किया गया है।

जो सूत्र में अविज्ञात-तत्त्व को वक्तव्य नहीं मानते हैं उनका कहना है कि सामर्थ्य से अभिष्टार्थ की प्राप्ति होने से 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' के सामर्थ्य से 'अविज्ञात-तत्त्व' यहाँ वक्तव्य नहीं है। उनका कहना है कि प्रमाण संभव होने से तत्त्वज्ञानार्थ ऊह तर्क कहलाता है। इस कथन में 'जिसका तत्त्व अविज्ञात है' वह जाना जाता है, और इसके सामर्थ्य से अविज्ञात-तत्त्व जाना जाता है। इसे स्पष्ट करते हुए वाचस्पति कहते हैं कि ज्ञात-तत्त्व में तत्त्वज्ञानार्थिता नहीं होती है, इसीलिये अविज्ञात-तत्त्व जाना जाता है क्योंकि उसमें तत्त्वज्ञानार्थिता होती है। वाचस्पति के शब्दों में– "न हि तत्त्वे ज्ञाते तत्त्वज्ञानार्थिता भवति। तस्माद् गम्यते अविज्ञाततत्त्व इति भावः।[2]" अविज्ञात-तत्त्व तर्क का लक्षण है और सूत्र में इसे अवक्तव्य कहने से तर्क के सभी लक्षणों का अभिधान नहीं हो पाता है, फलतः जिसके निराकरण के लिये यह लक्षण किया जाता है उसका निराकरण नहीं हो पाता है। सभी लक्षणों के अनभिधान होने से जो समस्या उत्पन्न होती है उस

1. न्यायभाश्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 131-32, 1997
2. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 263, 1996

उत्पन्न समस्या के फलस्वरूप यह कहना कि सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्व' वक्तव्य नहीं है अनुचित है। सूत्र में अविज्ञाततत्त्व को अवक्तव्य कहने वाले कहते हैं कि तर्क के सभी लक्षणों का अभिधान नहीं होने से कुछ बाधित नहीं होता है। वाचस्पति इनके अविदित अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए कहते हैं उनका इतना ही कथन है कि ऊह तर्क होना चाहिये चाहे वह विज्ञात-तत्त्व में हो या पुनः वह ऊह अविज्ञात-तत्त्व में तत्त्वज्ञानार्थ हो। ''अविदिताभिप्रायश्चोदक आह- मा भूदिति। अस्तूहस्तर्क इत्येतावदेवेत्यर्थः[1]'' वार्त्तिककार उक्त कथन को निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं- ''अविज्ञाततत्त्व इति न वक्तव्यम्, गम्यमानत्वात्। कारणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थम् ऊहस्तर्क इत्युक्ते गम्यत एतत् अविज्ञातं तत्त्वं यस्येति। अत्र तावदुक्तं समस्तानभिधानप्रसंगादिति। मा भूत समस्ताभिधानम्, किं नो बाध्यते?[2]''

सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्व' को आवश्यक मानने वालों के अनुसार यह कहना सर्वथा अनुचित है कि तर्क के सभी लक्षणों का अभिधान नहीं होने से कुछ नहीं होता है। उनके अनुसार तर्क के सभी लक्षणों का अभिधान आवश्यक है। उनका कहना है कि समस्ताभिधान में बुद्धि के धर्म का निराकरणार्थत्व होने से यह कथन अनुचित है कि सूत्र में अविज्ञात-तत्त्व वक्तव्य नहीं है। न्याय के अनुसार बुद्धि को धर्म नहीं होता है अतः बुद्धि के धर्म के निराकरण के लिये सूत्र में 'अविज्ञात-तत्त्व' कहा गया है। अर्थों में ऊह दो प्रकार से होता है- विज्ञाततत्त्व में और अविज्ञाततत्त्व में। सांख्य के अभिप्राय से शुश्रूषा, श्रवण, ग्रहण, धारण, विज्ञान, ऊह, अपोह, तत्त्वाभिनिवेश (तत्त्व को जानने की उत्कट अभिलाषा) बुद्धि के धर्म होते हैं। इनका ऊह विज्ञात तत्त्व से विशिष्ट होता है। ये ऊह विज्ञात-तत्त्व में होते हैं तथा तत्त्व को अवधारित कर जाने जाते हैं। वह अर्थ जो पूर्व में विज्ञात होता है उसको ही विज्ञात होने से हम ऊह से जानते हैं। यह ऊह पूर्व में अनुभूत अर्थ का निर्धारण हैं, परन्तु यह तर्क नहीं कहलाता है। पुनः जो ऊह अर्थ के अविज्ञात तत्त्व में होता है वह तर्क कहलाता है। अविज्ञात-तत्त्व में ऊह को विज्ञात-तत्त्व में ऊह से भिन्न करने के लिये ही सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्व' कहा गया है। वार्त्तिककार लिखते हैं- ''न, बुद्धिधर्मनिराकरणार्थत्वात्। उभयथा खल्वर्थेषूहो भवति विज्ञाततत्त्वे चाविज्ञाततत्त्वे चेति। तत्र तावद् विज्ञाततत्त्व ऊहः शुश्रूषाश्रवणग्रहणधारणविज्ञानोहापोहतत्त्वामिनिवेशा बुद्धिधर्मा इति तत्त्वमवधृतं विजानाति, विज्ञातमूहत इति। किमुक्तं भवति, योऽसावर्थः पूर्वम् अनेन विज्ञातस्तमेवोहत इति पूर्वानुभूतार्थपरिच्छेद ऊह इत्युच्यते, न त्वयं तर्कः। यः पुनरविज्ञाततत्त्वेऽर्थे भवति ऊहः सतर्क इति।[3]''

वाचस्पति सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्व' कहने के औचित्य पर प्रकाश डालने के लिये बुद्धि-धर्म पद की व्याख्या करते हैं तथा जिसे सांख्य द्वारा बुद्धि-धर्म कहा गया है उसे वे आत्म-गुण कहते हैं। वाचस्पति प्रयोजन का अनुसरण करते हुए लाघव का आदर नहीं करते हैं। वाचस्पति के अनुसार बुद्धि द्रव्य नहीं है, इसीलिये बुद्धि में गुण का अभाव होता है। बुद्धि में बुद्धिमत्व का अभाव होने

1. वही, पृ. 263
2. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 132, 1997
3. वही, पृ. 132

से न्याय मत में शुश्रूषादि बुद्धि का धर्म नहीं माना गया है। ये आत्म-गुण हैं। वाचस्पति कहते हैं कि बुद्धि में बुद्धिमत्त्व का अभाव होने से शुश्रूषादि यद्यपि बुद्धि के धर्म नहीं हैं तथापि सांख्य के मतानुसार इन आत्म-गुणों को बुद्धि का धर्म कह दिया गया है। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि इतना कहा जाय कि ऊह तर्क है अर्थात् 'विज्ञात-तत्त्व' नहीं कहा जाय, तो इससे यह निष्पन्न होता है कि विज्ञात-तत्त्व में भी, पुनः तत्त्व-ज्ञान के लिये, पूर्व में अनुभूत अर्थ का निर्धारण करने वाला ऊह भी तर्क होना चाहिये। अर्थात् विज्ञात-तत्त्व में भी पुनः तत्त्वज्ञानार्थ जो ऊह होता है वह ऊह भी तर्क होना चाहिये। परन्तु वह तर्क नहीं है। इसीलिये सूत्र में अविज्ञात-तत्त्व कहा गया है, जिससे कि विज्ञात-तत्त्व में ऊह को अविज्ञात-तत्त्व में ऊह से भिन्न किया जा सके। वाचस्पति कहते हैं कि तर्क योग्य ऊह जिस प्रकारक प्रमाण को संभव होने से होता है, उस प्रकारक प्रमाण का संभव होना अविज्ञात-तत्त्व को ग्रहण किये विना नहीं होता है। वे जो सूत्र में अविज्ञात-तत्त्व को वक्तव्य नहीं मानते कहते हैं कि जिस प्रकार से अविज्ञात-तत्त्व को निर्धारित करने वाला ऊह प्रमाण को संभव होने से होता है, उस प्रकार से ही विज्ञात-तत्त्व को निर्धारित करने वाला ऊह भी प्रमाण को संभव होने से ही होता है, क्योंकि प्रमाण रूपी कारण को असंभव होने में ऊह रूपी कार्य का अभाव होता है। यह इसलिये कि कारण को असंभव होने में कार्य का अभाव होता है। निश्चय ही यहाँ ऊह होता है, परन्तु वह अविज्ञात-तत्त्व नहीं है, वह उससे भिन्न है और जैसा सूत्र में अविज्ञात-तत्त्व को अवक्तव्य कहने वाले का अभिमत है वैसा होने में प्रमाण भी तर्क होना चाहिये। परन्तु प्रमाण तर्क नहीं है। इसी हेतु से सूत्र में 'कारणोपपत्तितः' कहा गया है। विज्ञात-तत्त्व में ऊह का निराकरण कर अविज्ञात-तत्त्व में ऊह को तर्क कहना तथा प्रमाण को तर्क से भिन्न करना सूत्रकार का प्रयोजन है। वाचस्पति के अनुसार सूत्र में प्रयोजन और लाघव में से प्रयोजन का अनुसरण किया गया है न कि लाघव का आदर किया गया है। वाचस्पति के शब्दों में- ''उत्तरवादी स्वाभिप्रायमुद्घाटयति-न बुद्धिधर्मेति। यद्यपि नास्माकं राद्धान्ते शुश्रूषादयो बुद्धिधर्मा बुद्धिमत्त्वस्यैवाभावात्, तथाप्यात्मगुणा अपि सांख्याभिप्रायेण बुद्धिगुणा उक्ताः। एतदुक्तं भवति, यद्यूहस्तर्क इत्येतावदुच्येत, यदि वा तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्क इत्येतावन्मात्रम्, ततो विज्ञातेऽपि तत्त्वे य ऊहः पूर्वानुभूतपरिच्छेदात्मा जायते पुनस्तत्त्वज्ञानार्थं सोऽपि तर्कः स्यात्। तस्मादविज्ञाततत्त्व इति वक्तव्यमित्यर्थः। यद्यपि कारणोपपत्तित इत्येतस्मादयमर्थोऽपि गम्यत एव, तथापि कारणोपपत्तिरेवैवंरूपत्वं नाविज्ञाततत्त्वग्रहणमन्तरेण भवति। तथा हि अधिगतपरिच्छेदात्माप्यूहः कारणस्योपपत्त्या संभवेन जायते, कारणासंभवे कार्यस्याभावात्। न त्वसावविज्ञाततत्त्व इति ततो व्यवच्छेदः। तथा च सति प्रमाणमपि तर्कः स्यात्। अत उक्तं कारणोपपत्तित इति। उक्ते सति प्रयोजनानुसरणम्, न त्विह लाघवादरः सूत्रकारस्येति मन्तव्यम्।[1]''

वार्त्तिककाकर के अभिप्राय को स्पष्ट करने के क्रम में यह कहा जा चुका है कि अविज्ञाततत्त्व में जो ऊह होता है वह तर्क कहलाता है। यहाँ यह भी स्मरणीय है कि 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे' को षष्ठी से विग्रह किया गया है। यहाँ प्रश्न उठता है कि 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे'

1. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 263, 1996

सप्तमी में है, तो पुनः इसे षष्ठी से विग्रह कैसे संभव है, और यदि संभव है तो इससे क्या लाभ है? यहाँ दो पक्ष है। एक पक्ष का कहना है कि सप्तमी में षष्ठी का अभिधान असंभव होने से इस पद को षष्ठी में व्यक्त होना चाहिये। वाह्यार्थवादी नैयायिक का कहना है कि षष्ठी में व्यक्त होने से यह पद वाह्यार्थ को संपूर्णता में व्यक्त नहीं कर पाता है इसीलिये सूत्रकार ने सप्तमी में कहा है। वे पुनः सप्तमी को षष्ठी से विग्रह करने के पक्ष में अपना मत प्रस्तुत करते हैं। जिनके अनुसार यह पद षष्ठी में व्यक्त होना चाहिये वे कहते हैं कि अधिकरण के विषय में (जिस पद में सप्तमी विभक्ति है- षष्ठी का अभिधान असंभव होने से 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे' के स्थान पर 'अविज्ञाततत्त्वस्यार्थस्य' कहना चाहिये। अविज्ञाततत्त्व से विशेषित अर्थ ज्ञायमान होता है अर्थात उसे ज्ञेय होने की योग्यता होती है। ज्ञायमान कर्म होता है, और कर्म में षष्ठी ही होता है, जैसे) घट का ज्ञान। इस प्रकार जो इस पद को षष्ठी में व्यक्त करने के पक्ष में हैं उनका कहा है कि 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे' नहीं कहना चाहिये।

न्याय के अनुसार उक्त कथन सही नहीं है क्योंकि यहाँ एक विभक्ति को दूसरे विभक्ति के अर्थ में ग्रहण किया गया है। इस द्रष्टव्य सप्तमी में षष्ठी का प्रस्ताव ही है, जैसे कि निम्न वैशेषिक-सूत्र में द्रष्टव्य है- वाण में अयुगपत् संयोग-विशेष कर्म के अन्यत्व में अर्थात् विभिन्न कर्मों में हेतु है। इस वैशेषिक-सूत्र में 'वाण में' पद का तात्पर्य 'वाण का' है। यहाँ सूत्र में प्रयुक्त सप्तमी विभक्ति को षष्ठी के अर्थ में ग्रहण किया गया है। इस मत का विरोध करते हुए इस पद को षष्ठी में व्यक्त करने के पक्ष में कहा गया है कि न्याय के इस सूत्र में विभक्ति का परिवर्तन उचित नहीं है। यदि विभक्ति के परिवर्तन से कुछ फल देखते हैं तो परिवर्तन उचित है। जैसे 'उस वाण में अयुपगत् अनेक संयोग-विशेष 'अधिकरण का अर्थ है, और यहाँ अधिकरण के अर्थ को षष्ठी में अभिधान करने से अर्थ का लाभ होता है। विभक्ति के परिवर्तन से कहा गया है कि वाण के जो भी अवयव हैं और उन अवयवों के जो भी संयोग-विशेष हैं, वे विभिन्न कर्मों के हेतु हैं। यहाँ हम फल देखते हैं, परन्तु न्याय-सूत्र में विभक्ति के परिवर्तन से कुछ फल नहीं देखते हैं, इसीलिये न्याय-सूत्र में विभक्ति का परिवर्तन उचित नहीं है। नैयायिक उत्तर देते हुए कहते हैं कि विभक्ति के परिवर्तन को अनुचित कहना अनुचित है। उनके अनुसार सामान्य रूप से ज्ञात के विशेष के ज्ञापन के लिये परिवर्तन आवश्यक है। अर्थ के जिस तत्त्व का सामान्य-ज्ञान होता है उसमें उपस्थित संयोगिन् और समवायिन् नामक विशेष के ज्ञापन के लिये विभक्ति का परिवर्तन आवश्यक है। इसीलिये वाचस्पति कहते हैं कि सामान्य रूप से ज्ञात अर्थ के तत्त्व को विशेष रुप से जानने के लिये 'न न युक्तं इति' कहा गया है। ज्ञात का ये विशेष समवायिन् और संयोगिन् होते हैं। नित्यत्व विशेष आत्मा का समवायिन् है और वह्नि धूम का संयोगिन् होता है। वाचस्पति के शब्दों में- ''परिहरति- न न युक्त इति। सामान्येनाधिगतस्य विशेषेण ज्ञापनार्थम्। नित्यत्वादयो विशेषाः समवायिनो वन्ह्यादयश्च धूमादिसंयोगिन इति।[1]'' षष्ठी में संयोगिन् व्यक्त होते हैं, समवायिन् नहीं।

1. वही, पृ. 264 नई दिल्ली, पृ. 132, 1997

न्याय के अनुसार संयोगिन् और समवायिन् दोनों को व्यक्त करने के लिये ही सूत्र में 'अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे' कहा गया है। उक्त कथनों को वार्त्तिककार निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं) ''षष्ठ्यभिधानमधिकरणार्थासंभवादविज्ञाततत्त्वस्यार्थस्येति वक्तव्यम् अविज्ञाततत्त्वोऽर्थो ज्ञायमानः कर्म भवति। कर्मणि च षष्ठयेव ज्यायसी। यथा घटस्य विज्ञानमिति। न, विभक्तिव्यत्तयात्। षष्ठीस्थल एवैषा सप्तमी द्रष्टव्या। यथा अन्यत्र, इषावयुगपत् संयोगविशेषाः कर्मान्यत्वे हेतुः इति विभक्तिव्यत्तयः। कस्मात्? यदि व्यत्ययेन कश्चिदर्थो लभ्यते, युक्तो व्यत्ययः। यथा तस्मिन्नेव इषावयुगपत् संयोगविशेषा इति अधिकरणार्थः। इषोरपि येऽवयवाः, तेषामपि ये संयोगविशेषास्तेऽपि कर्मान्यत्वे हेतुरिति। न पुनरिह विभक्तिव्यत्ययेन फलं पश्यामः। तस्मात् न युक्तो विभक्तिव्यत्यय इति। न न युक्तः, सामान्याधिगतस्य विशेषज्ञापनार्थम्। यस्यैव सामान्यमधिगतं तद्वर्तिनो विशेषा अप्यवगन्तव्या इति। ते च विशेषाः संयोगिनः समवायिनश्च भवन्तीति।[1]'' नैयायिक तर्क की ज्ञानमीमांसीय स्थिति स्पष्ट करने के लिये उसके स्वरूप के आधार पर उसे संशय, निर्णय, अनुमान और युक्त्यापेक्ष अनुमान से भिन्न करते हैं। तर्क को पृथक् रूप से स्पष्ट करने के औचित्य पर निम्नलिखित तीन प्रश्न किये गये हैं- (1) कुछ लोगों का कहना है कि ऊह संशय और निर्णय से भिन्न नहीं है। यह ऊह निश्चय ही संशय होना चाहिये या निर्णय होना चाहिये। ऊह यदि संशय है तो उससे संकलित होता है और यदि कहें कि निर्णय है तो उससे संकलित होता है। अतः ऊह पृथक् से नहीं कहना चाहिये। (2) कुछ एक देशीय नैयायिक अनुमान को तर्क कहते हैं। उनके अनुसार हेतु, तर्क, न्याय, अन्वीक्षा अनुमान कहा जाता है। अतः इनके मत में भी तर्क को पृथक् स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। (3) कुछ एक देशीय नैयायिक युक्ति की अपेक्षा रखने वाला अनुमान को तर्क कहते हैं। उनके अनुसार तर्क एक ऐसा अनुमान है जो विपर्यय में अनिष्ट प्रसंग की अपेक्षा रखता हैं ''विपर्ययेऽनिष्टप्रसंगापेक्षं तर्क इति।[2]'' यहाँ तर्क साधक-बाधक प्रमाण की या साध्य-साधक के ज्ञान की अपेक्षा रखता है। फलतः तर्क को पृथक् रूप से स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। वार्त्तिककार उक्त कथन को निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं- ''ऊहः संशय निर्णयाभ्यां न भिद्यत। अयं किलोहः संशयो वा स्यात् निर्णयो वा? यदि संशयस्तदा तेन संगृहीत इति पृथक् न पठितव्यः। अथ निर्णयः तदा तेन संगृहीत इति। अपरे तु अनुमानं तर्क इत्याहुः। हेतुस्तर्को न्यायोऽन्वीक्षा इत्यनुमानमाख्यायत इति। अपरे त्वनुमानमेव तर्कं युक्त्यपेक्षं वर्णयन्ति।[3]''

वार्त्तिककार प्रथम प्रश्न का उत्तर देते हुए कहते हैं कि जो ऊह को संशय और निर्णय से भिन्न नहीं कहते उन्हें इन प्रत्ययों के स्वरूप का ज्ञान नहीं है। इन प्रत्ययों के स्वरूप का ज्ञान नहीं होने से ही वे ऊह को संशय और निर्णय से भिन्न नहीं कर पाते हैं। संशय और ऊह दोनों में अर्थ

---

1. न्यायभाष्यंवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्,
2. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 264, 1996
3. न्यायभाष्यंवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 133, 1997

का तत्त्व अविज्ञात होता है और प्रश्नकर्त्ता इस सामान्य से आक्षिप्त हैं। ये आक्षिप्त-हृदय तर्क के स्वरूप का ज्ञान नहीं कर पाते हैं। यहाँ वार्त्तिककार द्वारा प्रयुक्त 'आक्षिप्त' पद का अर्थ आक्षिप्त-हृदय से है। ''आक्षिप्त आक्षिप्तहृदय:, न तु तर्कप्रत्ययस्वरूपं चेतयत इत्यर्थ:।[1]'' संशय और ऊह दोनों में अर्थ का तत्त्व अविज्ञात होता है और प्रश्नकर्त्ता को इनके स्वरूप का ज्ञान नहीं है, अत: वार्त्तिककार इनके स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। इन प्रत्ययों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए वार्त्तिककार कहते हैं कि 'क्या अर्थ इस प्रकारक है?' आकारक अनवधारणात्मक प्रत्यय संशय और 'यह अर्थ इस प्रकारक है' आकारक अवधारणात्मक प्रत्यय निर्णय कहलाता है। दूर में ऊर्ध्व वस्तु को देखकर प्रश्न उठता है कि क्या वह ऊर्ध्व वस्तु ठूंठ (स्थाणु) है वा पुरुष? यहाँ अर्थ अनवधारित है, और दो में से किसी एक के पक्ष में प्रमाण संभव नहीं होने से यह संशय कहलाता है। ऊह संशय से च्युत होता है और प्रमाण की संभावना के सामर्थ्य से होता है। ऊह या तर्क में प्रमाण संभव होता है। ऊह या तर्क के विपरीत संशय में प्रमाण की संभावना नहीं होती है। निर्णय का स्वरूप प्रस्तुत करते हुए वार्त्तिककार कहते हैं कि निर्णय विशेष के दर्शन से होता है और विशेष के अदर्शन से हमें निर्णय प्राप्त नहीं होता है। पुन: तर्क में हमें विशेष का दर्शन नहीं होता है। वाचस्पति का कहना है कि विशेष का दर्शन होने से प्रमाण से विषय का निश्चय होता है। तर्क से विषय का निश्चय नहीं होता है। उनके अनुसार तर्क प्रमाण के विषय की स्वीकृति मात्र देता है। स्वीकृति अनुज्ञान कहलाता है, और तर्क में अनुज्ञानमात्रत्व होता है। तर्क के अनुज्ञानमात्रत्व के फलस्वरूप तर्क से विषय का निश्चय नहीं हो पाता है। वाचस्पति तर्क का यही अर्थ ग्रहण करते हैं। ''विशेषदर्शनादिति विशेषदर्शनात् निश्चय: प्रमाणेन भवति न तर्केण, तदनुज्ञानमात्रत्वात् तर्कस्येत्यर्थ:।[2]''

कुछ एकदेशीय नैयायिक अनुमान को तर्क कहते हैं। तर्क में विशेष का अदर्शन और अनुमान में दर्शन होता है। अनुमान में विशेष का दर्शन होने से अनुमान से विषय का निश्चय होता है। तर्क में विशेष का अदर्शन होने से विषय का निश्चय नहीं होता है। अत: अनुमान को तर्क कहना संगत नहीं है। इस प्रकार इन एकदेशीय नैयायिक के कथन का प्रत्युत्तर हो जाता है। वार्त्तिककार प्रथम प्रश्न का निराकरण कर एकदेशीय नैयायिक के उक्त मत का निराकरण करते हैं जैसा कि वाचस्पति के शब्दों से स्पष्ट है- ''चोदक निराकृत्य सिद्धान्त्यैकदेशिनं निराकरोति एतेनेति।[3]''

तर्क के स्वरूप को स्पष्ट करने के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए वाचस्पति कहते हैं कि यदि तर्क संशय से च्युत और निर्णय तर्क में अप्राप्त होता है तो तर्क का स्वरूप कहना आवश्यक हो जाता है। वाचस्पति के शब्दों में– ''यदि संशयात् प्रच्युतो निर्णयं चाप्राप्त:, तर्हि तस्य स्वरूपं

---

1. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 264, 1996
2. वही, पृ. 264
3. वही, पृ. 264

वक्तव्यमिति।[1]'' तर्क के स्वरूप को व्यक्त करते हुए वार्त्तिककार कहते हैं कि दो विमर्शमानों में यह कहना कि 'यह प्रत्यय होना चाहिये' तर्क का स्वरूप है। इसकी व्याख्या करते हुए वाचस्पति कहते हैं कि प्रमाण के विषय के संदर्भ में प्रमाण को संभव कहना तर्क का स्वरूप है। ''उत्तरम्–भवेदिति, प्रमाणविषयाभ्यामनुज्ञेत्यर्थः[2]''। पीछे के विवरण से यह स्पष्ट है कि तर्क संशय और निर्णय से भिन्न है तथा वह अनुमान भी नहीं है। पीछे के इस विवरण को वार्त्तिककार निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं– ''यत्तावान्निर्णयसंशयाभ्यां नोहो भिद्यत इति तन्न प्रत्ययस्वरूपानवबोधात्। अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे भवतीति सामान्येनाक्षिप्तो भवान्। सत्यमविज्ञाततत्त्वे भवतीति, न पुनः प्रत्ययस्वरूपं व्यज्ञायि भवता। अनवधारणात्मकः प्रत्ययः संशयः किं स्विदिति। अवधारणात्मकः प्रत्यय एवमिदमिति निर्णयः। अयं तु संशयात् प्रच्युतः कारणोपपत्तिसामर्थ्यात्। न संशये कारणोपपत्तिरस्ति। निर्णयं चाप्राप्तो विशेषादर्शनात्। विशेषदर्शनात् निर्णयो भवति। न चास्मिन् विशेषदर्शनमस्ति। एतानुमानं तर्क इत्येतदपि प्रत्युक्तं विशेषादर्शनादिति। किं पुनरस्य स्वरूपम्? भवेदित्येष प्रत्यय इत्येतदस्य स्वरूपमिति।[3]''

कुछ एकदेशीय नैयायिक के अनुसार तर्क एक ऐसा अनुमान है जो युक्ति की अपेक्षा रखता है। इनके मत का निराकरण करते हुए वार्त्तिककार कहते हैं कि ये नैयायिक स्वयं भी अनुमान से तर्क का भेद करते हैं, तो पुनः तर्क को वे युक्त्यापेक्ष अनुमान कैसे कहते हैं। युक्ति के तीन लक्षणों का परीक्षा कर वार्त्तिककार अनुमान से तर्क का भेद करते हैं। (1) प्रमाणोपपत्ति अर्थात् प्रमाण का संभव होना युक्ति का लक्षण है, और वह प्रत्यय जो प्रमाणोपपत्ति की अपेक्षा रखता है तर्क कहलाता है। इस प्रकार यहाँ युक्ति और तर्क में केवल नाम मात्र का भेद है। वार्त्तिककार के इस मत को स्पष्ट करते हुए वाचस्पति कहते हैं कि प्रमाणोपपत्ति यहाँ युक्ति का लक्षण कहा गया है और प्रमाणोपपत्ति से जन्मा प्रत्यय ही तर्क कहलाता है। वह तर्क उनके द्वारा अनुमान कहा जाता है और हमारे द्वारा तर्क कहा जाता है। अतः यहाँ नाम मात्र का भेद है। वाचस्पति के शब्दों में– ''युक्तिरिह प्रमाणोपपत्तिः। तज्जन्मा च प्रत्ययस्तर्क एव। स चानुमानमिति त्वयोच्यते। अस्माभिस्तु तर्क इति संज्ञाभेदमात्रमित्यर्थः।[4]''

(2) इस कथन के विरोध में यह कहा जा सकता है कि प्रमाणोपपत्ति अर्थात् प्रमाण का संभव होना युक्ति का लक्षण नहीं है। ये नैयायिक युक्ति की अपेक्षा रखने वाले अनुमान को तर्क कहते हैं, अतः युक्त्यापेक्षा को स्पष्ट करना आवश्यक है। यहाँ यह कहा गया है कि प्रमाणोपपत्ति से अतिरिक्त युक्ति अनिरूपित रहता है और युक्ति अनिरूपित होने से अपेक्षा का सामर्थ्य (अर्थ) वक्तव्य है। युक्ति यहाँ अपेक्षणीय है और युक्ति को अनिरूपित होने से अपेक्षणीय के विना अपेक्षा

---

1. वही, पृ. 264
2. वही, पृ. 264
3. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 133, 1997
4. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 264, 1996

का निरूपण संभव नहीं होता है। इस समस्या के समाधान में यह कहा जा सकता है कि अनुमान अपने विषय के ज्ञान में जो ही कुछ अपेक्षा करता है वह अपेक्षणीय अनुमान की युक्ति है। इस संदर्भ में वाचस्पति का कथन द्रष्टव्य है– ''प्रसंगोपपत्त्यतिरिक्ताया युक्तेरनिरूपणाद् अपेक्षार्थो वक्तव्यः। न ह्यपेक्षणीयमन्तरेणापेक्षा शक्या निरूपयितुमिति भावः। ननु यदेव किञ्चित् स्वविषयाधिगमे अनुमानमपेक्षते सैवापेक्षणीय युक्तिरनुमानस्य भविष्यतीति।[1]'' इस समाधान के विरोध में वार्त्तिककार पूछते हैं कि अनुमान अपने विषय के ज्ञान में क्या अपेक्षा करता है, इस प्रश्न के उत्तर में यह कहा जा सकता है कि अनुमान अपने विषय के ज्ञान में इतर प्रमाणों की अपेक्षा रखता है और इतर प्रमाण की अपेक्षा युक्ति कहलाती है। वे कह सकते हैं कि इस प्रकारक युक्ति की अपेक्षा रखने वाला अनुमान तर्क कहलाता है। अनुमान युक्त्यापेक्ष कहा गया है, और युक्ति इतरप्रमाणापेक्ष। इस तरह अनुमान इतर प्रमाणापेक्ष हो जाता है। यहाँ अनुमान इन इतर प्रमाणों से उपकृत होता है। अतः इन उपकार करने वाले प्रमाणों को स्पष्ट करना आवश्यक है। ये इतर प्रमाण प्रत्यक्ष और आगम है। यहाँ प्रश्न उठता है कि अनुमान प्रत्यक्ष और आगम से कैसे उपकृत होता है? और इन उपकार करने वाले प्रमाणों को स्पष्ट करना क्यूँ आवश्यक है? यहाँ दोनों प्रश्न एक दूसरे से सम्बन्धित है। प्रथम प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा जा सकता है कि अनुमान तथा प्रत्यक्ष और आगम का विषय एक होता है, फलतः अनुमान, प्रत्यक्ष और आगम से उपकृत होता है। अनुमान अपने विषय के ज्ञान में इन्हीं इतर प्रमाणों की अपेक्षा रखता है। वाचस्पति उक्त कथन को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि यदि उत्पत्ति में अनुमान प्रत्यक्ष और आगम की अपेक्षा रखता है, युक्ति की अपेक्षा नहीं रखता है, तो सब अनुमान का तथा प्रत्यक्ष और आगम का विषय एक होने से उनमें अव्यभिचार होता है। उस प्रकारक अव्यभिचार भाव के कारण उन प्रमाणों को अपने–अपने वैशिष्ट्य का योग नहीं होता है। वैशिष्ट्य का योग नहीं होने से ही उपकार करने वाले इन प्रमाणों को स्पष्ट करना आवश्यक हो जाता है। वाचस्पति के शब्दों में– ''यद्युत्पत्तौ प्रत्यक्षागमापेक्षमनुमानम् न वक्तव्यं युक्त्यपेक्षमिति, सर्वस्यानुमानस्य तथा भावेनाव्यभिचारेण विशेषणायोगादिति भावः।[2]''

अब अनुमान का तथा प्रत्यक्ष और आगम का एक विषय है और उन प्रमाणों को अपने अपने वैशिष्ट्य का योग नहीं है तो अनुमान प्रत्यक्ष और आगम से कैसे उपकृत होता है तथा तर्क को अनुमान कैसे कहा जा सकता है इस समस्या का निराकरण करते हुए यह कहा गया है कि इस प्रकार भी तर्क अनुमान से भिन्न नहीं होना चाहिये। यह अनुमान का भेद है, और इस प्रकारक अनुमान के भेद का प्रमाण में ही अन्तर्भाव हो जाता है। अतः सूत्रकार को तर्क को वाद में पृथक् रूप से कहने की आवश्यकता नहीं है। इस पक्ष को व्यक्त करते हुए वाचस्पति लिखते हैं कि– ''एवमपि तर्को नार्थान्तरं स्यात्। अनुमानभेदस्य चेदृशस्य प्रमाण एवान्तर्भाव इति भावः।[3]''

1. वही, पृ. 264
2. वही, पृ. 264
3. वही, पृ. 264

इन नैयायिक को उत्तर देते हुए वार्त्तिककार कहते हैं कि प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम का विषय एक हों तो विषय एक होने से तीनों प्रमाणों को एक होना चाहिये, परन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं। अवधारण और प्रत्यय दोनों भिन्न होते हैं और दोनों को भिन्न होने से दोनों के दो भिन्न निमित्त होते हैं, जैसे कि प्रत्यक्ष और अनुमान से प्राप्त प्रत्यय के दो भिन्न निमित्त होते हैं। अवधारण का निमित्त प्रमाण और प्रत्यय का निमित्त तर्क होता है, और वे दोनों भिन्न हैं। तर्क को युक्त्यापेक्ष अनुमान नहीं कहा जा सकता है, और वह अनुमान से भिन्न है। यही कारण है कि सूत्रकार तर्क को प्रमाण के पश्चात् स्वतंत्र रूप से रखते हैं। वार्त्तिककार उक्त कथन को निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं– ''यैरप्यनुमानं युक्त्यपेक्षं तर्क इत्युच्यते, तैरप्यनुमानात् तर्कभेद: स्वयमेवोक्त:। युक्ति: प्रमाणोपपत्ति:। तामपेक्ष्यमाणो य: प्रत्यय: स तर्क इति केवलं संज्ञाभेदमात्रम्। अथ न प्रमाणोपपत्तिर्युक्ति:, अनुमानं युक्त्यपेक्षमित्यपेक्षा सामर्थ्यं वक्तव्यम्। स्वविषयाधिगमे चानुमानं किमपेक्षते? अथेतर प्रमाणापेक्षा युक्तिरित्युच्यते? एवमप्यनुग्रहार्थो वक्तव्य:। कथं प्रत्यक्षागमाभ्यामनुमानमनुगृह्यत इति। अथानुमानस्य प्रत्यक्षागमैकविषयत्वम् तत्रपि क: तर्क:? त्रीण्येतानि प्रमाणान्येकविषयतया प्रतिसंहितानीति भवेत्, अवधारण प्रत्ययौ भिन्ननिमित्तौ विशेषवत्त्वात् प्रत्यक्षानुमान प्रत्ययवत्।[61]''

ये नैयायिक कह सकते हैं कि जिस प्रकार अनुमान लिंग और लिंगि (पक्ष) के सम्बन्ध की स्मृति की अपेक्षा से होता है उसी के तुल्य तर्क लिंग और लिंगि (पक्ष) के सम्बन्ध की अपेक्षा से होता है। पफफलत: तर्क अनुमान है। वाचस्पति इनके मत को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि विपर्यय नामक अनिष्ट प्रसंग व्यतिरेकि लिंग होता है। जैसे– 'यदि आत्मा उत्पत्तिमान् हो तो संसार और अपवर्ग नहीं होना चाहिये नामक अनुमान में 'उत्पत्तिमान्' एक व्यतिरेकि–लिंग है। इस अनुमान में उस लिंग का तथा आत्मा नामक लिंगि के बीच का सम्बन्ध का ग्रहण नहीं होता है। वह अगृहीत सम्बन्ध लिंगि में प्रवर्त नहीं होता है। पुन: 'जीवित शरीर आत्मा के विना नहीं होता है, यदि हो तो प्राणादिमान नहीं हो' जीवित शरीर और प्राणादिमान के सम्बन्ध की स्मृति की अपेक्षा से होता है। इस प्रकार ये नैयायिक कहते हैं कि अनुमान के तुल्य तर्क लिंग और लिंगि के सम्बन्ध की स्मृति की अपेक्षा से तथा जीवित शरीर को अप्राणादिमान होने की समस्या से होता है। इसीलिये तर्क अनुमान ही है। इन नैयायिक के मत को वाचस्पति निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं– ''विपर्ययोऽनिष्टप्रसंगो व्यतिरेकि लिंगम्। तच्चागृहीतसम्बन्धं लिंगिनि न प्रवर्तत इति लिंगलिंगि–सम्बन्धस्मृत्यपेक्षत्वादप्राणादिमत्त्वप्रसंगादितिवदनुमानमेवेत्यर्थ:।[62]''

इन नैयायिक को उत्तर देते हुए वार्त्तिककार कहते हैं कि इन्हें तर्क के स्वरूप का ज्ञान नहीं होने से वे तर्क को अनुमान कहते हैं। वार्त्तिककार के अनुसार तर्क में लिंग और लिंगि दोनों

---

1. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 134, 1997
2. न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका, वाचस्पति मिश्र, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 265, 1996

को अज्ञात होने से तर्क लिंग और लिंगि के सम्बन्ध की स्मृति की अपेक्षा से नहीं होता है। जहाँ धर्मी (लिंगि) और साधन-धर्म (लिंग) दोनों ज्ञात होते हैं वहाँ अनुमान होता है। जहाँ पुनः धर्मी मात्र का ज्ञान होता है, लिंग का ज्ञान नहीं होता है, वह तर्क का विषय होता है। इसीलिये यह कहना कि तर्क लिंग और लिंगि के सम्बन्ध की स्मृति की अपेक्षा से होता है अनुचित है। वाचस्पति इसकी व्याख्या करते हुए कहते हैं कि जीवित शरीर नामक धर्मी में प्राणादिमान् नामक साधन-धर्म के दर्शन से आत्मा का अनुमान युक्त है। परन्तु ''यदि आत्मा उत्पत्तिमान् हो तो संसार और अपवर्ग की उपपत्ति न हो' नामक तर्क में आत्मा नामक धर्मी में उत्पत्ति साधन-धर्म है, जिसके दर्शन से संस्कार के उद्बोध होने में लिंग और लिंगि के सम्बन्ध की स्मृति नहीं होनी चाहिये। अतः तर्क लिंग और लिंगि के सम्बन्ध की स्मृति की अपेक्षा से नहीं होता है। वाचस्पति के शब्दों में- ''युक्तं व्यतिरेकिणि जीवच्छरीरे धर्मिणि प्राणादिमत्त्वस्य साधनधर्मस्य दर्शनात्, न तु यद्युत्पत्तिमान् आत्मा अभविष्यत् संसारापवर्गावुपपत्स्येतामित्यत्रत्मनि धर्मिणि साधन धर्म उत्पत्तिरस्ति यद्दर्शनतः संस्कारोद्बोधे सति लिंगलिंगिसम्बन्धस्मृतिर्भवेदिति।[1]''

वार्त्तिककार अनुमान और तर्क में भेद करते हुए कहते हैं कि अनुमान धर्मीगत धर्म की उपलब्धि से होता है अर्थात् धर्मी में विद्यमान धर्म की उपलब्धि से होता है, परन्तु तर्क तो अन्य में विद्यमान धर्म के दर्शन से भी हो जाता है। जैसे- ''इस देश में पुरुष होना चाहिये, क्योंकि यहाँ अश्व वह रहे हैं। अश्वों का वहना इस पुरुष से होना चाहिये।'' अश्वों का वहना पुरुष का धर्म नहीं है। अन्य में विद्यमान धर्म की उपपत्ति से प्राप्त ऊह स्थाणु (ठूंठ) मात्र का व्यवच्छेद करता है और इससे जानते हैं कि इस देश में पुरुष होना चाहिये। इस प्रकार वार्त्तिककार यह सिद्ध करते हैं कि तर्क अनुमान से भिन्न है। वाचस्पति व्याख्या करते हुए कहते हैं कि तर्क में प्रयुक्त हेतु (प्रसंग हेतु) साध्य-धर्मी में केवल असिद्ध ही नहीं होता, अपितु अन्य में विद्यमान होता है। परन्तु अनुमान अन्य धर्मी में ज्ञात धर्म से नहीं होता है। इसीलिये अनुमान से तर्क का स्पष्ट भेद है। वाचस्पति की यह व्याख्या उनके शब्दों से स्पष्ट है- ''न केवलं प्रसंगसाधनं साध्यधर्मिण्यसिद्धम्, अपि त्वन्यगतमेव प्रसंगहेतुः। न त्वनुमानमन्यगताद् धर्मात् प्रवर्तते, तस्मादनुमानादस्य स्फुटो भेद इति।[2]''

वार्त्तिककार के अनुसार तर्क प्रमाणों को संपोषित करता है, इसीलिये सूत्रकार वाद में प्रमाणों के साथ तर्क का उल्लेख पृथक् रूप से करते हैं। तर्क विषय का परिच्छेद नहीं करता है अर्थात् वह विषय का यथार्थ निर्धारण नहीं करता है। वह अपरिच्छेदक है। अपने अपरिच्छेदकत्व के फलस्वरूप तर्क प्रमाण नहीं है। वार्त्तिककार अपने कथन को निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं- ''अनुमानं तर्कः लिंगलिंगिसम्बन्धस्मृत्यपेक्षत्वात् अनुमानवदिति। न, तर्कस्वरूपानवबोधात्। नैव लिंगलिंगिसंबन्धस्मृत्यपेक्षस्तर्कः। कथमिति? द्वयस्यानधिगतेः। यत्र खलु द्वयमधिगम्यते धर्मी साधनधर्मश्च,

63. वही, पृ. 265
64. वही, पृ. 265

तत्रानुमानं प्रवर्तते। यत्र पुनर्धर्मिमात्रधिगतिः, न लिंगाधिगतिरस्ति स तर्कविषयः। तस्मात् लिंगलिंगिसंबन्ध-स्मृत्यपेक्षत्वमयुक्तम्। अनुमानं च धर्मिगतधर्मोपलब्ध्या प्रवर्तते न पुनस्तर्कः। तर्कस्त्वन्यगतधर्मदर्शनेनापि प्रवर्तते, यथा भवितव्यमनेन पुरुषेण, यथा अस्मिन् देशे अश्वा वाह्यन्त इति अश्ववाहनं न पुरुषधर्मः। सोऽयमन्यगतधर्मोपपत्त्या स्थाणुव्यवच्छेदमात्रमूह इति। सोऽयं तर्कः प्रमाणनि संधत्त इति प्रमाणसहितो वादेऽपदिष्टः, न पुनरयं प्रमाणमपरिच्छेदकत्वादिति।[1]''

अभी तक प्रस्तुत तर्क विषयक चर्चा न्यायचतुर्ग्रंथिका पर आधारित था। उदयनाचार्य के तर्क विषयक मत को पूर्णता में समझने के लिये उनकी न्यायकुसुमाञ्जलिः में प्रस्तुत तर्क विषयक चर्चा का उल्लेख आवश्यक है। इस ग्रंथ में तर्क की चर्चा व्याप्ति–ग्रह में शंका–निवारक के रूप में किया गया है। उदयनाचार्य के इस मत का खंडन श्रीहर्ष अपने खंडनखंडखाद्यम् में करते हैं। आगे जाकर गंगेशोपाध्याय श्रीहर्ष के मत को खंडित कर उदयनाचार्य के मत को पुनः स्थापित करते हैं। न्यायकुसुमाञ्जलिः का प्रभाव परवर्त्ती नैयायिकों पर स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। न्यायकुसुमाञ्जलिः के तृतीय स्तवक की सातवीं कारिका में उदयनाचार्य कहते हैं कि व्याप्ति–ग्रह के क्रम में अतीन्द्रिय उपाधियों की शंका यदि है तो अनुमान–प्रमाण निश्चित रूप से मानना होगा और यदि ये शंकायें नहीं है तो अनुमान सुतराम् है ही अर्थात अनुमान को प्रमाण मानने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिये। व्याघात की आशंका की सीमा वहीं तक जाती है जहाँ तक प्रवृत्त्यादि की अनुपपत्तियाँ उपस्थित न हो। वही आशंका की जाती है जिस आशंक्यमान में स्व–क्रिया का व्याघात नहीं होता है। जिस आशंक्यमान में स्वक्रिया का व्याघात हो जाता है वहाँ शंका नहीं करनी चाहिये। तर्क के द्वारा ही व्यभिचार की शंका का निरास किया जाता है। उदयनाचार्य के शब्दों में-

शंका चेदनुमास्त्येव न चेच्छंका ततस्तराम्।
व्याघातावधिराशंका तर्कः शंकाऽवधिर्मतः॥[2]

कुछ लोग हेतु के व्यभिचारित्व को स्थापित कर अनुमान प्रमाण को अस्वीकार करते हैं। उनका कहना है कि सद् हेतु को किसी भी देश और काल में व्यभिचरित नहीं होना चाहिये। व्यभिचरित होने से वह हेतु सद् हेतु नहीं कहा जा सकता है। चूँकि देश और काल अनन्त होते हैं, अतः इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता कि किसी भी अन्य देश और काल में हेतु का व्यभिचार न हो। सभी देश और कालों का प्रत्यक्ष नहीं होता है, अतः उन अप्रत्यक्ष देश और कालों में व्यभिचार की संभावना बनी रहती है। इसका प्रतिरोध नहीं हो सकता कि किसी भी देश और काल में धूम विना वह्नि का न हो। अतः हेतु में व्यभिचार की शंका होने से अनुमान संभव नहीं है। उदयनाचार्य कहते हैं कि इस प्रकार से हेतु के व्यभिचारित्व को स्थापित कर अनुमान प्रमाण

---

1. न्यायभाष्यवार्त्तिकम्, उद्योतकर, अनन्तलाल ठक्कुर (संपा.), भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, पृ. 134, 1997
2. न्यायकुसुमोजलिः, उदयनाचार्य, दुर्गाधर झा (संपा. और व्याख्याकार), वाराणसेय संस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी, पृ. 307, 1973

को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। कालान्तर में व्यभिचार की आशंका भावी काल का आकलन करके ही करनी चाहिये। और वह आकलन अनुमान को अवधारित कर होना चाहिये, किसी अन्य को अवधारित कर नहीं। अनुमान प्रमाण को छोड़कर और किसी भी प्रमाण से यह आकलन संभव नहीं है। उदयनाचार्य के अनुसार भावी मुहूर्त, अहोरात्र, पक्ष, मास और संवत्सरादि अनुमेय ही होते हैं। उनका आकलन अनुमान प्रमाण को माने विना नहीं हो सकता है क्योंकि वे प्रत्यक्ष प्रमाण से जानने योग्य नहीं है। जिस भावी देश और काल के संदर्भ में हेतुओं में व्यभिचार की आशंका का प्रश्न उठाया गया है, वे भावी देश और काल प्रत्यक्ष प्रमाण से जानने योग्य नहीं हैं, अतः जो केवल प्रत्यक्ष को प्रमाण मानते हैं वे भावी देश और काल के संदर्भ में हेतुओं में व्यभिचार की आशंका का प्रश्न नहीं उठा सकते। उनके अनुसार भावी देश और काल अलीक हैं। भावी देश और काल के संदर्भ में हेतुओं में व्यभिचार की आशंका का प्रश्न उठाने के लिये उन्हें अनुमान प्रमाण को मानना ही होगा। अतः यदि व्यभिचार की शंका है, तो अनुमान प्रमाण अवश्य है। स्मरण के आधार पर भी हेतुओं में भावी देश और काल में व्यभिचार की आशंका का प्रश्न नहीं उठाना चाहिये। भावी देश और काल में जिस हेतु की कल्पना करते है वह हेतु अनवगत होता है और अनवगत का स्मरण नहीं होता है क्योंकि स्मरण पूर्वानुभव से उत्पन्न होता है। भावी देश और काल में अनवगत हेतु अनाशंकनीय होते हैं, फलतः उनको अनाशंकनीय होने से स्मरण के आधार पर हेतुओं में व्यभिचार की आशंका नहीं की जा सकती है। अतः अनवगत में या अनाकलन में किसी आधार पर व्यभिचार की शंका नहीं करनी चाहिये। अतः अनुमान प्रमाण स्वीकार है। उदयनाचार्य के शब्दों में– ''कालान्तरे कदाचिद्व्यभिचरिष्यतीति कालं भाविनमाकलय्य शंक्येत। तदाकलनञ्च नानुमानमवधीर्य कस्यचित्। मुहूर्तयामाऽहोरात्रपक्षमासर्त्वयन संवत्सरादयो हि भाविनो भवन्मुहूर्ताद्यनुमेया एव। अनवगतेषु स्मरणस्याप्यनाशंकनीयत्वात्। अनाकलने वा कथमाश्रित्य व्यभिचारः शक्येत्? तथा च सुतरामनुमानस्वीकारः। एवञ्च देशान्तरेऽपि वक्तव्यम्।[1]''

पूर्व पक्ष अनुमान स्वीकार करते हैं, परन्तु मैत्री भाव से पूछते हैं कि आशंका का निवारण कैसे होता है? उदयनाचार्य कहते हैं कि यावत् आशंका होती है तावत् तर्क भी चलता रहता है। वर्तमान तर्क से ही उपाधि-कोटि में या उस पर आश्रित व्यभिचार की कोटि में अनिष्ट की उपलब्धि की इच्छा समाप्त किया जाता है। तर्क द्वारा प्रमाता को जब विपक्ष की इच्छा विच्छिन्न (समाप्त) हो जाती है, वह प्रमाता भूयोदर्शन से उपलब्ध लिंग और साध्य के साहचर्य को निर्धारित कर उसे लिंग के रूप में स्थापित करता है और स्थापित उस करण नाम लिंग से अनुमान नामक क्रिया की परिनिष्पत्ति होती है। अतः अनुमान नामक प्रमाण निर्विघ्न रूप से प्राप्त होता है और वह अनुपपन्न नहीं है। उदयनाचार्य अपने उक्त कथन को निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं– ''स्वीकृत-मनुमानम्, सुहृद्भावेन पृच्छामः कथमाशंका निवर्तनीया इति चेत्। न यावदाशंकं तर्कप्रवृत्तेः। तेन हि वर्तमानेनोपाधिकटौ तदायत्तव्यभिचारकोटौ वाऽनिष्टमुपनयतेच्छा विच्छिद्यते। विच्छिन्नविपक्षेच्छश्च प्रमाता भूयोदर्शनोपलब्धसाहचर्यं लिंगमनाकुलोऽधितिष्ठति, अधिष्ठिताच्च करणात् क्रियापरिनिष्पत्तिरिति

1. वही, पृ. 308

किमनुपपन्नम्[1]?

पूर्व पक्ष का कहना है कि जिस तर्क से व्याप्ति सम्बन्ध की स्थापना में शंकाओं का निवारण किया जाता है, वह तर्क स्वयं भी अविनाभाव संबन्ध की अपेक्षा करके ही प्रवर्त होता है। अतः इस अविनाभाव सम्बन्ध की स्थापना में भी वे शंकायें उपस्थित होती है। पूर्व पक्ष के अनुसार इस शंका का पुनः तर्क से निराकरण होना चाहिये। पूर्व पक्ष के मत को स्पष्ट करने के लियू 'धूम यदि वह्निव्यभिचारी हों तो वह्निजन्य न हों' दृष्टान्त के रूप में लेना चाहिये। इस दृष्टान्त में धूम में वह्निव्यभिचारित्व के द्वारा धूम में वह्निजन्यत्वाभाव की आपत्ति उठायी जाती है। प्रस्तुत उदाहरण में 'वह्निजन्यत्वाभाव' आपाद्य और 'वह्निव्यभिचारित्व' आपादक है। यह आपत्ति तभी संभव है यदि आपादक और आपाद्य नियत सामानाधिकरण्य हों अर्थात् दोनों में अविनाभाव हों। यदि आपादक और आपाद्य का अविनाभाव न मानें तो यह कहा जा सकता है कि धूम वह्निव्यभिचारी होने पर भी वह्निजन्य हो सकता है। इस स्थिति में अनिष्टापत्ति रूप तर्क संभव नहीं होगा। इस तरह तर्क अविनाभाव की अपेक्षा रखता है। पुनः इस अविनाभाव में उपजित शंकाओं को निरस्त करने के लिये दूसरा तर्क, दूसरे के लिये तीसरा, और इस प्रकार तर्कों की एक श्रृंखला चलती है जिससे अनवस्था दोष आ जाता है। पूर्व पक्ष को व्यक्त करते हुये उदयनाचार्य लिखते हैं- ''ननु तर्कोऽप्यविनाभावमपेक्ष्य प्रवर्तते, ततोऽनवस्था भवितव्यम्।[2]''

उदयनाचार्य के अनुसार अनवस्था दोष का आरोप उचित नहीं है क्योंकि शंका से अपादित व्याघात की अपनी सीमा होती है। उस सीमा से परे शंका करना उचित नहीं है। सीमा से परे शंका करने से अपने ही क्रिया का व्याघात हो जाता है। जहाँ अपनी क्रिया का व्याघात का दोष अवतरित नहीं होता है वहीं आशंका की जाती है। यही लोक-मर्यादा है। यदि धूम में वह्निजन्यत्व की शंका सीमा से परे हो तो धूम के लिये वह्नि लाने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये। और यदि ऐसी प्रवृत्ति होती है तो स्व-क्रिया का व्याघात होता है। अत एव वही शंका किया जाता है, जिस अशंक्यमान में स्व-क्रिया के व्याघात नामक दोष का अवतरण नहीं होता है। सीमा से परे शंका करने से हेतु के फल का भाव नहीं होगा अर्थात् कारण-कार्य का भाव ही नहीं होगा। इस स्थिति में हम शंका करने के लिये भी सक्षम नहीं होते हैं। कारण-कार्य भाव में शंका हो तो शंका ही संभव नहीं है क्योंकि शंका भी विना कारण के नहीं होता है। सीमा से परे शंका करने से कारण-कार्य भाव नहीं होगा, और कारण-कार्य भाव नहीं होने में शंका उसी भाँति नहीं होनी चाहिये जिस भाँति 'कार्यकारणभावभंग' रूप हेतु से 'सर्व मिथ्या' रूप कार्य नहीं होना चाहिये। अतः तर्क को व्यभिचार-शंका का निवारक होने में तर्क में अनवस्था दोष नहीं होता है। उदयनाचार्य के अनुसार- ''न शंकाया व्याघातावधित्वात्। तदेव ह्याशंक्यते, यस्मिन्नाशंक्यमाने स्वक्रियाव्याघातादयो दोषा

1. वही, पृ.309
2. वही, पृ. 310

नावतरन्तीति लोकमार्यादा। न हि हेतुफलभावो न भविष्यतीति शंकितुमपि शक्यते। तथा सति शंकैव न स्यात्, सर्वं मिथ्या भविष्यतीत्यादिवत्।[1]''

पूर्व पक्ष के अनुसार व्यभिचार शंका की निवृत्ति उस प्रकार से मान भी लें तथापि अतीन्द्रियोपाधि के निषेध में क्या प्रमाण है? इस प्रश्न के उत्तर में उदयनाचार्य कहते हैं कि अतीन्द्रियोपाधि के निषेध में कोई प्रमाण नहीं होता है क्योंकि प्रमाण से सिद्ध पदार्थ के अभाव में प्रमाण अन्वेषणीय होता है, परन्तु कोई अतीन्द्रियोपाधि प्रमाण से सिद्ध नहीं होता है, अत: उसके अभाव में प्रमाण अन्वेषणीय नहीं है। उदाहरण स्वरूप गगनकुसुम प्रमाण से सिद्ध नहीं है और न ही उसके अभाव में कोई प्रमाण है। उदयनाचार्य के अनुसार हेतु और साध्य के सामानाधिकरण्य में यही अन्वेषणीय है कि उस सामानाधिकरण्य का मूल हेतु और साध्य स्वयं है वा कोई अन्य। अर्थात् साहचर्य में हम अन्य निबन्धन मात्र की शंका करते हैं। अन्य निबन्धन की शंका ही उपाधि-शंका कहलाती है। जैसे कि धूम और वह्नि के सामानाधिकरण्य में यही अन्वेषणीय है कि दोनों के साहचर्य का मूल धूम और वह्नि स्वयं हैं वा आर्द्रेन्धन संयोग। यहाँ यही अन्वेषणीय है कि दोनों के सामानाधिकरण्य का मूल कोई अन्य तो नहीं है। यहाँ यह जिज्ञासा होती है कि धूमवान् पर्वत क्या वह्नि से रहित हो सकता है ? यह विपक्ष की जिज्ञासा कहलाती है, और इस विपक्ष की जिज्ञासा के फलस्वरूप धूम और वह्नि की व्याप्ति का निर्णय नहीं हो पाता है। विपक्ष की जिज्ञासा निबन्धनान्तर की शंका का फल है। शंका फलत: (विपक्ष की जिज्ञासा) और स्वरूपत: नष्ट होना चाहिये। निबन्धनान्तर की शंका और विपक्ष की जिज्ञासा दोनों का ही विनाश अपेक्षित है। विपक्ष की जिज्ञासा को तर्क से आहत कर विनष्ट करते हैं। व्याप्ति निश्चय में किसी बाधा को नहीं होने से अनुमिति हो जाती हैं। अनुमान की प्रवृत्ति में शंका स्वरूपत: (निबन्धनान्तर की शंका) भी नष्ट हो जाती है। अत: कहे गये सभी कथन युक्त है। उदयनाचार्य के शब्दों में-तथापि अतीन्द्रियोपाधिनिषेधे किं प्रमाणमित्युच्यतामिति चेत्, न वै कश्चिदतीन्द्रियोपाधि: प्रमाणसिद्धोऽस्ति, यस्याभावे प्रमाणमन्वेषणीयम्। केवलं साहचर्ये निबन्धनान्तरमात्रं शंक्यते। तत: शंकैव फलत: स्वरूपतश्च निवर्तनीया। तत्र फलमस्याविपक्षस्यापि जिज्ञासा तर्कादाहत्य निवर्तते। ततोऽनुमानप्रवृत्तौ शंकास्वरूपमपीति सर्वं सुस्थम्।''[2]

सूत्रकार तर्क को न्याय : अनुमान– के अंग के रूप में व्युत्पादित करते हैं तथा उसे सोलह पदार्थों में गणना करते हैं। इसका उल्लेख 'अवयव ' के पश्चात् किया गया है, अत: तर्क को अनुमान का अंग कहा गया है। सूत्रकार के इस अभिमत से स्पष्ट है कि तर्क आगम का विरोधी नही है। तर्क को अनुमान का अंग न माने और उसे आगम का विरोधी मानें तो सूत्रकार द्वारा तर्क को सोलह पदार्थो में से एक कहना तथा उसका लक्षण करना व्यर्थ हो जाता है। उदयनाचार्य अपने मंतव्य को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि जो तर्क व्याप्ति- विरोधी व्यभिचार की शंका की निवृत्ति के लिये सक्षम है वह अनुकूल तर्क है और जिस हेतु में वह विद्यमान होता है वह हेतु 'प्रयोजक' कहलाता है। पुन: जिस हेतु में अनुकूल तर्क नहीं होता है वह 'अप्रयोजक' कहलाता

1. वही, पृ. 311
2. वही, पृ. 312-13

है। अप्रयोजक हेतु शंकितोपाधि और निश्चितोपाधि के भेद से दो प्रकारक होते हैं। अन्त में उदयनाचार्य कहते हैं कि यावत् सौ अंशों में से एक अंश से भी अव्यतिरेकित्व शंकाग्रस्त है, तावत् हेतु को साध्य का ज्ञापन होने का सामर्थ्य नहीं होता है। अतः व्याप्ति में शंका का समावेश उसके शतांश में भी नही होना चाहिये। यहाँ न्यायकुसुमाञ्जलिः की पंक्ति द्रष्टव्य है–न चैतदनागमम्, न्यायांगतया तर्क व्युत्पादयतः सूत्रकारस्याभिमतत्वात्। अन्यथा तद्व्युत्पादनवैयर्थ्यात्। तदयं संक्षेपः – यत्रनुकूलतर्को नास्ति सोऽप्रयोजकः। स च द्विविधः शंकितोपाधिर्निश्चितोपाधिश्च। यत्रेदमुच्यतेया-वच्चाव्यतिरेकित्वं शतांशेनापि शंक्यते! विपक्षस्य कुतस्तावद्धेतोर्गमनिकाबलम्।''[1]

लेख के इस खण्ड में गौतम का न्यायसूत्र, वात्स्यायन का भाष्यम् उद्योतकर का वार्त्तिकम्, वाचस्पति की तात्पर्य टीका एवं उदयनाचार्य की परिशुद्धिः के आलोक में तर्क विषयक मतों का उल्लेख किया गया है। उदयनाचार्य के मत को पूर्णरूप से प्रस्तुत करने के लिये न्यायकुसुमाञ्जलिः का भी संदर्भ ग्रहण किया गया है। लेख के अग्रिम खण्ड में भासर्वज्ञ का न्यायभूषणम् तथा श्रीवल्लभाचार्य की न्यायलीलावती के सन्दर्भ में तर्क की चर्चा की जायेगी।

---

1. वही, पृ. 314

उत्तरसीताचरितम् में अभिव्यक्त स्त्री-सशक्तीकरण

डॉ. कमलेश रानी

संस्कृत-साहित्य में महाकाव्य की परम्परा अति प्राचीन है। आदिकवि के रामायण महाकाव्य से महाकाव्य लेखन की परम्परा को विद्वानों ने स्वीकृति प्रदान की है। इस परम्परा के आरम्भ से लेकर वर्तमान समय तक रचे जाने वाले समस्त महाकाव्यों में कवियों ने स्त्रियों के सशक्त चरित्र पर विशेष बल दिया है। वेद, उपनिषद्, रामायण, महाभारतादि सब ग्रन्थों तथा स्मृतियों आदि में भी स्त्री को पुरुष के समान अधिकारिणी बतलाया गया है। तथापि समाज में प्राचीन काल से ही स्त्री पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार होते रहें हैं। इन्हीं अनेक बिन्दुओं को रेखांकित करते हुए प्रारम्भ से लेकर अब तक के रचित महाकाव्यों में कवियों ने स्त्री जीवन के आादर्श एवं उनकी विपरीत परिस्थितियों को उपस्थापित करने का अविस्मरणीय प्रयास किया है।

महाकाव्यों की ही भाँति संस्कृत रचनाकारों ने नाटक, खण्डकाव्य तथा संस्कृत की अन्य विधा में रची गयी रचनाओं में भी स्त्री सशक्तीकरण के सन्दर्भों को उजागृत किया है। सन् 1854 ई. में ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने **विधवा-विवाह** पर संस्कृत में एक पुस्तक को प्रकाशित करवाकर प्रस्तुत सन्दर्भ का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया।[1] 19वीं शदी में बंगाल में राजाराम मोहन राय तथा ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने इस विषय पर यथा सामर्थ्य प्रयास किया तथा इस विषय को लेकर सजग रहने वालों का नेतृत्व भी किया।[2] सन् 1854 ई. में ही रामनारायण तर्करत्न ने **कुलीनसर्वस्व** नाटक की रचना की, जिसमें उन्होंने स्त्रियों की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया।[3] सन् 1860 ई. में श्यामचरण ने **बाल-विवाह** पर **बालोद्वाह** नामक नाटक की रचना की।[4] सन् 1857 ई. में बिहारीलाल नन्दी ने **विधवा-परिणयोत्सव** नामक कृति में **विधवा-विवाह** का प्रबल समर्थन किया। इस प्रकार इस काल की अनेक संस्कृत की पत्र-पत्रिकाओं में नारी-शिक्षा, विधवा-विवाह, बाल-विवाह तथा स्त्रियों की अन्य अनेक दशाओं पर अपने-अपने विचारों को कवियों ने प्रकाशित करने पर बल दिया।[5]

इसी क्रम में आधुनिक आचार्यो ने भी अपने महाकाव्यों में स्त्रियों की दशा पर जनमानस का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया है। डॉ. हरिनारायण दीक्षित ने अपने भीष्मचरितम् नामक महाकाव्य में स्त्री-पुरुष को समान मानते हुए, शिक्षा का अधिकार दोनों को समान रूप से प्राप्त हो, इस बात को इन शब्दों में व्यक्त किया है-

1. संस्कृत काव्य की अर्वाचीन परम्परा- केशवराव मुसलगांवकर एवं संस्कृत साहित्य: 20वीं शताब्दी- राधावल्लभ त्रिपाठी
2. वही
3. वही
4. वही
5. वही

सुपाठनीयाः सुतवत्सुता अपि भेदो विधेयो नच तत्र कश्चन।
गार्हस्थ्ययानस्य कृते ह्युभाविमावावश्यकौ स्तो रथचक्रसन्निभौ।।[1]

प्रस्तुत पद्य में कवि ने पुत्र-पुत्री को समान मानते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को सन्देश दिया है कि माता-पिता का परम उद्देश्य है कि वह अपने बेटे और बेटी को समान रूप से शिक्षा-दीक्षा प्रदान करवावें। प्रस्तुत महाकाव्य के 18वें सर्ग में ही डॉ. दीक्षित ने दहेज प्रथा पर भी विशेष ध्यान देते हुए बतलाया है कि दहेज एक सामाजिक कुरीति है। समाज के प्रत्येक सदस्य को इसका विरोध करना चाहिए, जिससे एक सभ्य समाज का निर्माण हो सके-

पिता च पुत्रस्य विवाहकर्मणि काङ्क्षेद वधूपक्षजनान्न यौतुकम्।
न कल्यवर्तस्य धनस्य लब्धये विमानयेत्सज्जनतां च सद्गुणान्।।[2]

इसी प्रकार अनेक आधुनिक महाकाव्य स्त्री-चरित्र प्रधानात्मक रचे गये हैं, जिनमें स्त्रियों के उज्ज्वल चरित्र और उनके कर्म गौरव को कवियों ने प्रतिष्ठित किया है तथा उन पर समाज के कुछ वर्ग, जिनकी संकुचित बुद्धि अब भी स्त्रियों की अवहेलना करती है; उसका निराकरण प्रस्तुत किया है। जो महाकाव्य स्त्री चरित्र प्रधानात्मक हैं, उनमें से कुछ विशेष इस प्रकार हैं- **उर्मिलीय महाकाव्य** -इसके प्रणेता श्री दिनेश चन्द्र हैं। प्रस्तुत महाकाव्य में उपेक्षित उर्मिला (जो लक्ष्मण की पत्नी थी) के त्याग एवं कर्तव्य परायणता का उपदेश दिया गया है। इसी प्रकार - **सती-परिणय (चन्द्रकान्त तर्कालंकार), गौरी कल्याणम् (गोविन्द नाथ), सौलोचनीयम् (श्री विष्णुदत्त शुक्ल वियोगी), अहल्याचरित (सखाराम शास्त्री), विध्यवासिनीविजयम् (त्र्यम्बक शेवडे), श्रीराधाचरित (आचार्य कालिकाप्रसाद शुक्ल), सीतास्वयम्वर (नागराज), जानकी जीवन (प्रो. राजेन्द्र मिश्र), पारिजातहरण (पं. उमापति शर्मा द्विवदी कविपति)** इत्यादि महाकाव्य स्त्री-चरित्र प्रधान हैं। इन समस्त आधुनिक महाकाव्यों में नारी जीवन की महत्ता तथा उसकी कर्तव्य परायणताओं का रचनाकारों ने सचित्र वर्णन किया है।

इसी परम्परा में कालिदास संस्थान से प्रकाशित प्रो. रेवाप्रसाद द्विवदी विरचित उत्तरसीताचरितम् महाकाव्य है, जिसमें सीता के उदात्त एवं कर्तव्यनिष्ठ चरित्र को कवि ने बड़ी मार्मिकता के साथ उपस्थापित किया है। 10 सर्गों में निबद्ध प्रस्तुत महाकाव्य में कवि ने अनेक स्थलों पर नायिका सीता के माध्यम से समाज में व्याप्त अनेक प्रकार की कुरीतियों तथा समाज में नारी (चैतन्य) उत्थानादि को चित्रित किया है।

प्रस्तुत महाकाव्य के प्रथम सर्ग के 16वें पद्य में कवि ने सीता के माध्यम से समाज की प्रत्येक नारी को दृढ़ निश्चयी होने का जो सन्देश दिया है, वह अत्यन्त ही श्लाघनीय है। कवि कह रहा है कि-

सुते! विधौ वामविधायिनी व्रतं सुताय मे स्निग्धमना न याऽत्यजः।
पतिव्रतानामभिरक्षितत्रपा त्वमेव वन्द्याऽसि ममैव साधुना।।[3]

1. भीष्मचरितम्-18
2. वही
3. उत्तरसीताचरितम्-1/16

अर्थात्– कौशल्या, सीता से कहती हैं कि बेटी सीता! दैव (भाग्य) के प्रतिकूल होने पर भी जो तुमने अपने स्नेहपूर्ण चित्त के द्वारा दृढ़व्रत धारण करके मेरे पुत्र राम का साथ नहीं छोड़ा तथा अपने पातिव्रत्य का पालन किया। इसलिए मुझ सास (कौशल्या) के लिए तुम मेरे पुत्रों राम और लक्ष्मण से भी अत्यन्त वन्दनीया हो। इस प्रकार कवि ने इस पद्य में वर्तमान समय में भी प्रत्येक स्त्री को अपने कर्तव्य–वचन से विमुख न होने का सन्देश दिया है। परन्तु वर्तमान में स्त्रियों में इन सब बातों का अभाव देखा जा सकता है, जो भारतीय सभ्यता और संस्कृति के पतन का प्रमुख कारण है। अतः प्रत्येक अध्यवसायियों से तो कम से कम यह उम्मीद की जानी चाहिए कि जो जीवन के मानवीय मूल्य हैं, हमारे कर्तव्य हैं, हम उनसे विमुख न होवें।

स्त्री गौरव को रेखांकित करते हुए कवि इसी सर्ग के निम्न पद्य में कहता है कि–

त्वयापि पुत्रि प्रथितामिमां सृतिं विहातुमुत्प्रेरितयापि रक्षिता।
चरित्रमुद्रा यदियं गरीयसी ततोऽसि रामादपि लक्ष्मणादपि॥[1]

अर्थात्– हे पुत्री सीता! तुम्हे तथा तुम्हारे व्रत को तोड़ने के लिए, अन्य जनों (रावणादि) द्वारा बलपूर्वक प्रेरित किये जाने पर भी, तुमने जो अपने व्रत को नहीं तोड़ा तथा अपने चरित्र की रक्षा (रावण से) की। इस कारण हे सीता! तुम मेरे लिए मेरे पुत्र राम और लक्ष्मण से भी बढ़कर हो। इस प्रकार प्रस्तुत पद्य में कवि ने सीता के सच्चरित्र के माध्यम से हमारा ध्यान उन स्त्रियों की ओर केन्द्रित किया है, जो विषम या विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी अस्मिता की रक्षा सीता माता के समान ही करती है और ऐसा करते हुए चाहे उनके प्राण ही क्यों न चले जाए। आज भी समाज में ऐसी स्त्रियाँ हैं, जिनका शोषण उनके कार्यस्थलों तथा अन्य अनेक स्थलों पर होता है। वर्तमान में बहुत–सी स्त्रियाँ ऐसी भी हैं, जो इसका विरोध करती हैं, और चाहे ऐसा करते हुए उनके प्राण ही क्यों न चले जाएँ। इसी प्रकार कवि का भी सन्देश इस बात में सन्निहित है कि वर्तमान समय में भी विषम परिस्थितियों में स्त्रियों को अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए सजग रहना चाहिए।

प्रथम सर्ग के अधोलिखित पद्य में कवि ने स्त्री हृदय में विद्यमान ममता, समता, दया तथा करूणादि भावों को उद्घाटित करते हुए इस प्रकार कहा है–

अथार्करोचिः प्रतिमश्चरित्रतस्तया बभाषे भरतः लक्ष्मणः।
मुदा च मातृर्हृदयेन चापि तत्कृतज्ञभावाच्च परिप्लुतात्मना॥

इयं जटा चीरमिदं च वां सुतौ कुलस्य देशस्य च नः प्रतीकताम् ।
समर्पण - स्वार्थाधियो रणस्थले गते युगेभ्योऽत्र वसुन्धरातले ॥[2]

अर्थात्– सीता के सच्चरित्र की प्रशंसा करने के पश्चात् प्रसन्नता, मातृत्व और कृतज्ञता से परिपूर्ण हृदया माता कौशल्या ने सूर्यप्रभा के समान उज्ज्वल चरित्र वाले भरत तथा लक्ष्मण से कहा – बच्चों तुम दोनों के ये चीर और ये जटाएँ समर्पण बुद्धि और स्वार्थबुद्धि के युद्धस्थल इस धराधाम पर युगों–युगों के लिए हमारे वंश और हमारे राष्ट्र के प्रतीक चिह्न बन गए हैं।

1. वही–1/18
2. उत्तरसीताचरितम्–1/18

प्रस्तुत पद्य में कवि ने नारी के उस गुण का विवेचन किया है, जिसके कारण उसे करुणा की देवी कहा जाता है। परन्तु वर्तमान समय में ऐसा आभास होता है कि मातृत्व आदि गुण नारी हृदय से समाप्त होते जा रहे हैं। वर्तमान काल में बहुत-सी नारियों में इन्हीं गुणों के अभाव के कारण, उनमें अविवेकशीलता व्याप्त हो गयी है, जिसके कारण वे अपने नवजात शिशुओं को कूड़ेदान में भी फेंकने से नहीं हिचकिचाती हैं। ऐसी घटनाएँ आज समाज में आम होती जा रही हैं। जहाँ आज की नारियाँ अपने नवजात शिशुओं के साथ ऐसा आचरण करती दिखाई दे रहीं हैं, वहीं कौशल्या राम-माता होते हुए भी भरत तथा लक्ष्मण को भी अपना सहोदर पुत्र मानती हुई, सदुपदेश देने में कोई भेद नहीं करती। ऐसा प्रतीत होता है कि इस पद्य में कवि ऐसी नारियों के हृदय में परिवर्तन करना चाहता है, जो अपने मातृत्व आदि गुणों को नष्ट कर रहीं हैं।

तृतीय सर्ग के अधोलिखित पद्य में आचार्य द्विवेदी नारी-चरित्र को अत्यन्त श्रेष्ठ बताते हुए कह रहे हैं-

अस्तु मे भवदभीप्सिता स्थितिर्हन्त कुत्रचिदपि क्षमातले।
विश्वमस्तु तु विशल्यतां गतं काममद्य सह कीर्तिभिस्तव॥[1]

अर्थात्- सीता जी राम से कह रही हैं जहाँ आप चाहें, मैं वहाँ रह सकती हूँ। परन्तु प्रजा को कष्ट नहीं होना चाहिए। प्रस्तुत पद्य में नारी हृदय की सहन-शीलता का सर्वोत्कृष्ट निदर्शन कवि ने कराया है। सीता जी यहाँ केवल करुणा की पात्र नहीं हैं, अपितु पतिव्रता पत्नी के आदर्श का निर्वहण करने के साथ-साथ वे एक महान् स्त्री हैं, जो समाज के कल्याण के लिए अपने समस्त सुखों के साथ-साथ अपना जीवन भी त्यागने के लिए तैयार हैं। कवि ने सीता के माध्यम से वर्तमान समय की उन नारियों को सन्देश देना चाहा है, जो अपनी मिथ्या मान-प्रतिष्ठा के कारण अपने परिवार के बहुत से लोगों को कष्ट देते हुए एकल-परिवार में रहना पसन्द करती हैं। परन्तु एक नारी का परम कर्तव्य यह है कि वह सम्पूर्ण परिवार तथा समाज के भी उत्थान में अपने को कृत संकल्प रखें। प्रायः आज के समय में स्त्रियाँ पश्चिमी सभ्यता का अन्धा-अनुकरण करती हुई, अपनी ही प्रत्येक बात का समर्थन करवाना चाहती हैं। ऐसी ही स्त्रियों को यहाँ सन्देश देना कवि का अभीष्ट प्रतीत होता है।

तृतीय सर्ग के अधोलिखित पद्य में पुरुष की अपेक्षा नारी जीवन के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए कवि कह रहा है कि-

वस्तुतो यदि सुमानुषी सृतिः पद्मिनी, श्रयति पद्मतां प्रिया।
साऽस्ति चेद् यदि शिखा विभावसोरूष्मतां स्पृशति तत्र च प्रिया॥[2]

अर्थात्- सत्य है कि यदि दाम्पत्य-जीवन कमलिनी है, तो उसमें कमल प्रिया ही होती है और यदि वह (दाम्पत्य-जीवन) अग्नि की शिखा है तो उसमें ऊष्मा का स्थान भी प्रिया ही लेती है। प्रस्तुत पद्य में कवि ने दाम्पत्य जीवन में नारी के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए बतलाया है

1. वही-3/9
2. उत्तरसीताचरितम्-3/62

कि इस सांसारिक जीवन में स्त्री का महत्त्व अत्यधिक है। क्योंकि वह इस जीवन रूपी गाड़ी का दूसरा चक्र है, जिसके बिना गृहस्थी रूपी गाड़ी नहीं चल सकती। महाभारत में स्त्रियों को गृह की लक्ष्मी माना गया है- स्त्रियः श्रियः गृहस्य। यहाँ कवि ने दाम्पत्य-जीवन की प्राणस्वरूपा नारी की उपमा प्रस्तुत पदार्थों के प्राणस्वरूप अंशों से की है, जिसके बिना कमलिनी तथा अग्नि दोनों का होना व्यर्थ है। कवि ने नर की अपेक्षा नारी के जीवन को यहाँ अंशांशिभाव में उपस्थापित करने का प्रयास किया है। इस सन्दर्भ में प्राचीन काल से ही अर्धनारीश्वर भगवान् शिव तथा पार्वती प्रमाण हैं।

चतुर्थ सर्ग के अधोलिखित पद्य में कवि नारी हृदय की वेदना का वर्णन करते हुए बतला रहा है कि जिस समय नारी की विरह-वेदना का आधिक्य होता है उस समय उसकी क्या स्थिति होती है, यह वही जानती है अथवा भगवान्। कवि ने यहाँ सीता की वेदना का साम्य भ्रमरी की वेदना से इस प्रकार प्रस्तुत किया है। यथा-

कुसुमास्तरणे कृतस्थितिर्भ्रमरी चेत् करकाभिरर्द्यताम्।
बिभृयादियमत्र दुःक्षणे मृदु साम्यं यदि जानकीचितेः॥[1]

अर्थात्- कमल पुष्प की पंखुड़ियों पर पली भ्रमरी यदि उपलवृष्टि द्वारा दण्डित की जाए तो कदाचित् वह इस विषम क्षण में सीता की चेतना का थोड़ा-सा साम्य धारण कर सकती है। कवि यहाँ यह बतलाना चाह रहा है कि सीता की अन्तः चेतना को जो दुःख निर्वासित होने पर उठाना पडा; वह भ्रमरी के कष्ट से भी अधिक है। भ्रमरी से तुलना करने का तात्पर्य इस बात में निहित है कि इतनी वेदना पर उसका प्राणान्त हो सकता है; पर स्त्री हृदय का प्राणान्त तो सम्भव नहीं है। वह इसका सामना करती है। इसलिए कवि ने यहाँ पर भ्रमरी के दुःख से सीता के दुःख की तुलना करते हुए सीता के दुःख को बड़ा बतलाया है तथा सीता को इस दुःख को सहन करने वाली सहनशीला नारी के रूप में उपस्थापित कर वर्तमान कालीन स्त्री समुदाय को भी यह उपदेश प्रदान किया है।

नारी के बिना ये सम्पूर्ण संसार ही अपूर्ण है, इसी कारण ब्रह्मा ने संसार की पूर्णता के लिए नारी का निर्माण किया। स्त्रियों से ही संसार पूर्ण होता है, उसी से पुरुष तथा पुरुष के कार्य भी पूर्ण होते हैं। इसका वर्णन कवि चतुर्थ सर्ग के अधोलिखित पद्य में इस प्रकार कर रहा है-

द्वयतापरिधेर्विमोक्षणादथवा लोकमतेर्विशोधनात्।
पुरुषः प्रमदासखः क्षमो जनताध्वान्तमपोहितुं स्वसः॥[2]

अर्थात्- लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला, सीता जी से कह रही हैं दीदी! स्त्री के साथ पुरुष जनता के अन्धकार को दूर कर सकता है या तो द्वैत की सीमाओं को काटकर या फिर जनता को ही बदलकर। इस प्रकार कवि का मत है कि स्त्री वो शक्ति है, जिसके साथ मिलकर पुरुष बड़े से बड़े कार्य को निःसन्देह सम्पन्न कर सकता है। और यह लोकोक्ति भी सर्वमान्य है- प्रत्येक

1. वही-4/8
2. उत्तरसीताचरितम्-4/55

कार्यसफल पुरुष के पीछे किसी स्त्री का हाथ होता है। चाहे फिर वह हाथ किसी भी रूप हो (माँ, बहन, पत्नी आदि)। वर्तमान समय में नारी को अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। इसी प्रकार चतुर्थ सर्ग के पद्य संख्या 56 में नारी को दीपक की प्रभा के समान बतलाया गया है, जो अंधेरी रात के कालुष्य को नष्ट कर सकती है। पुरुष बाती से युक्त दीपक भले ही है। परन्तु प्रभा ही तो प्राण है, उस दीपक का। उसके बिना तो पुरुष रूपी दीपक व्यर्थ ही है। यथा-

प्रमदाप्यथ मानवं श्रिता सदशं दीपमिव प्रभा तमः।
परिवर्त्तयितुं प्रगल्भते जगतीमानसकल्मषं भृशम्॥[1]

चतुर्थ सर्ग के अधोलिखित पद्य में कवि ने नारी को मर्यादा-रहित पुरुष के समक्ष प्रबल हो जाने का सन्देश देते हुए कहा है-

पुरुषः स्थितिमीदृशीं यदि प्रतिहन्तुं क्रमते स्वतस्ततः।
अबला प्रबलात्वमीयुषी किमु न स्याज्जगती-शिवेच्छया॥[2]

अर्थात्- यदि पुरुष अपनी मर्यादा को अनावश्यक रूप से भंग करना चाहता है तो स्त्री को उसका प्रबल विरोध करना चाहिए। विश्वकल्याण के लिए उसे अबला नहीं अपितु प्रबला (सबला) हो जाना चाहिए। कवि ने नारी तथा पुरुष दोनों को समान रूप से सम्पूर्ण सृष्टि का कर्ता स्वीकार किया है। लेकिन अगर पुरुष अपनी मर्यादा का उल्लंघन करता है तथा उसे नष्ट करना चाहता है तो नारी को अपनी निर्बलता का परित्याग कर प्रबल हो जाना चाहिए, अपने तथा राष्ट्रहित के लिए। वर्तमान समय में भी नारी को अबला मानते हुए उसका अहित करने वाले समाज में कितने ही भेड़ियें सदृश पुरुष व्याप्त हैं, तो उसे ऐसी स्थिति में हर परिस्थिति का सामना करना चाहिए। पुरुष प्रधान समाज प्राचीनकाल में था अब नहीं है। अब स्त्रियाँ भी हर क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा अग्रणी हैं। अतः किसी भी प्रकार की दुष्प्रवृत्ति वाले कुपुरुषों का प्रत्येक स्त्री को विरोध करना चाहिए।

नारी नर से महान् है। उसका त्याग और बलिदान सर्वदा प्रशंसनीय है। पुरुष उसके सदृश त्याग और समर्पण वाला नहीं हो सकता। इसी सन्दर्भ का आख्यान षष्ठ सर्ग के अधोलिखित पद्य में कवि नारी को दूसरे के प्रति सम्पूर्ण रूप से समर्पित मानते हुए कर रहा है-

अकृत मनसी - 'हन्त हन्त नारी जगति समर्पितचेतना परार्थे।
न खलु न खलु विद्यतेऽत्र तस्या अणुपरिमाणमपि 'स्व'-संज्ञितत्वम्॥[3]

अर्थात्- सम्पूर्ण जगत् की वस्तु का त्याग कर देने पर सीता के मन में विचार आया- हाय; नारी का सब कुछ संसार में केवल दूसरों के लिए ही समर्पित है। सम्पूर्ण संसार में परमाणु के बराबर भी ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसे उसकी अपनी वस्तु कहा जा सके। प्राचीन काल से वर्तमान समय तक नारी की स्थिति में अत्यधिक सुधार की स्थिति निश्चित रूपेण हुई है। और नारी

1. वही-4/56
2. वही-4/58
3. उत्तरसीताचरितम्-6/4

प्रत्येक क्षेत्र में अपना वर्चस्व पुरुष जाति से स्वीकार करवा चुकी है। परन्तु फिर भी नारी का सब कुछ दूसरों के लिए ही होता है। यह सबसे महान् गुण उस ब्रह्मा के समान है, जो प्रत्येक क्षण विश्व को देता ही रहता है, लेता कुछ नहीं है। वर्तमान समय में भी नारी को अपने समर्पण भाव का ध्यान रखते हुए अपना कार्य करना चाहिए। अन्यथा नारी–अस्मिता (गौरव) के ऊपर महान् कलंक लग जाएगा।

षष्ठ सर्ग के अधोलिखित पद्य में कवि ने नारी को ही सभ्यता की जननी मानते हुए इस प्रकार कहा है–

इयमिह मुनिबालिकाः स्वशिल्पे कुशलकरा असृजन्नितान्तसूक्ष्मे।
कृषि-कुल-भुवि येन सभ्यताया अपि परमश्चरमो विकास आसीत्।।[1]

अर्थात्– सीता ने आश्रम की मुनिकन्याओं के हाथ अपनी अत्यधिक सूक्ष्म शिल्पकला के द्वारा कुशल बना दिए, जिससे कृषिकुल की तपोभूमि में भी सभ्यता का परम और चरम विकास दिखाई देने लगा। सभ्यता की जीती–जागती मिसाल है नारी। वह प्रत्येक क्षण उसका विकास–विस्तार करती रहती है। किसी भी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में महिलाओं का योगदान रहा है तथा किसी भी युग में किसी भी राष्ट्र की नारी संस्कृति का मापदण्ड् होती हैं।

स्त्री के लिए कहा गया है कि ये नरक को भी स्वर्ग बना सकती है, तो गॉव को नगर बनाना उनके लिए साधारण–सी बात है, जिसका वर्णन कवि इस प्रकार कर रहा है–

विपिनभुवि पुरत्वमत्र जज्ञे यदि किल केवलयैव रामपत्न्या।
किमिव पुरपुरन्ध्रयो न कुर्युर्जनपदसीम्नि, रुचिं यदि श्रयेयुः।।[2]

अर्थात्– यदि एक अकेली स्त्री सीता जंगल को सभ्यता के विकास के द्वारा नगर बना सकती है तो नगर की महिलाएँ यदि अपने कार्यो में रुचि ले तो वे गॉवों में क्या–क्या नहीं कर सकती। कवि का तात्पर्य इस बात में निहित है कि नारी वह शक्ति है, जो संसार के प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन कर सकती है। नारी अपने सामर्थ्य, अपनी शक्ति से सदैव परिवर्तन करती आई है और करती रहेगी। वर्तमान नारी का यह स्वरूप इसी परिवर्तन का परिणाम है, जो आज वह यहाँ तक विकास कर पाई है और करती जा रही है। उसे प्रत्येक क्षेत्र में सर्वथा सजग रहने की आवश्यकता है।

नवम सर्ग के अधोलिखित पद्य में कवि ने सीता के माध्यम से स्त्रियों को कृत्य–कुकृत्य का विवेक कर महान् कार्य करने का सन्देश दिया है, जिससे उसे तो गौरव प्राप्त होता ही है, उसके माता–पिता तथा परिवार को भी हर्ष प्राप्त होता है। कवि का कथन है–

तां सर्वसभ्यैरभिनन्द्यमानामवेक्ष्य हृष्टः स सभापतिश्च।
सर्वोऽपि गेही तनयाजनस्य समादरे हृष्यति हि स्वभावात्।।[3]

---

1. वही–6/30
2. उत्तरसीताचरितम्–6/31
3. वही–9/57

अर्थात्– सभापति जनक जी ने देखा कि सब लोक सीता जी को प्रणाम कर रहें हैं तो वे भी खुश हो गये। प्रत्येक गृहस्थ अपनी बच्चियों का समादर देखता है, तो उसका खुश होना स्वाभाविक ही है। नारी को ऐसे कार्य करने का कवि निर्देश कर रहा है, जिससे उसके माता–पिता को खुशी प्राप्त हो। नारी को कभी–भी ऐसे कार्य नहीं करने चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार का कष्ट उनके द्वारा उनके पितृजनों को प्राप्त हो। वर्तमान समय को अगर देखा जाए तो बहुत–सी उच्च श्रेणियों के परिवार की ऐसी पुत्रियाँ हैं जो अपने माता–पिता के विपरीत आचरण करती हैं सर्वथा अपने ही मन के कार्यो को करने में ही स्वयं को श्रेष्ठ समझती हैं। कवि का यह सन्देश प्रत्येक वर्ग की नारियों के लिए है कि उन्हें कभी भी विपरीत आचरण नहीं करना चाहिए। जैसा कि कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तलम् के चतुर्थ अंक के प्रस्तुत पद्य में इस तथ्य को उद्घाटित किया है–

शुश्रूषस्व गुरुन् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने
भर्तुर्विप्रकृताऽपि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।
भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी
यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः॥[1]

इसी प्रकार उत्तरसीताचरितम् के नवम सर्ग के 58वें पद्य में पुत्रियों को ही माता–पिता की लाज कहा गया है। जनक जी के वत्सल मुख से सीता जी के लिए ये कहना कि बेटी मेरी! तू मेरे सफेद हुए बालों की लाज सिद्ध हुई। जो तुम ने अपने चरित्र की रक्षा की। यथा–

अथोद्गता तस्य मुखाच्च वाणी पुत्रीं प्रति प्रीतिभृतः प्रसह्य।
'वत्से मम' त्वं सिततां गतानां लज्जासि सिद्धा मम मूर्धजानाम्॥[2]

इस प्रकार कवि ने महाकाव्य के सम्पूर्ण सर्गों में नारियों में जागृति उत्पन्न करने का महत्त्वपूर्ण प्रयास किया है। प्रस्तुत लघुकाय शोध–पत्र में महाकाव्य के कुछ स्फुट पद्यों को उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किया गया है। स्त्री चैतन्यता अर्थात् स्त्रियों की सर्वगुणसम्पन्नता, उचितानुचित विवेक सम्पन्न शिष्ट एवं नम्रव्यवहार, स्त्रियों के गले को सुशोभित करने वाली वह पुष्प–माला है, जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र उसकी सुगन्धि से प्रसन्न–मन हो विकास और विस्तार को प्राप्त करता है।

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम्–4
2. उत्तरसीताचरितम्–6/31

GAVAYA, GAURAMRIGA AND GAYAL IN ANCIENT INDIAN LITERATURE AND CULTURE

Shri K.G.Sheshadri

INTRODUCTION

Ancient Indian literature is rich in description of Fauna that one finds it interesting to know the observations made by ancient Sages and Poets on these animals. Among them several domesticated animals like cows, horses, elephants, camels and others are described. Apart from the domestic bulls, cows and buffaloes ancient India was famous for wild classes of these animals. The Gavaya is a wild ox *[Bos gavaeus]*[1]. The wild ox has horns that rise from sides of the *occiput*, first outward and then forward. The hump is slightly reduced than the domestic ox with females being smaller than male. The males have black hair all over body except legs that are white from knee downwards. Tails terminate in large tuft of hair. Color of female is not deep black but grey on top of neck and shoulders. The Gaur or *Gaura Mṛga [Bos Gaurus]* has both wild and domestic aspects especially occuring in several mountainous parts of Central India and slopes of mountains, areas in Karnataka, Tamil Nadu, Madhya Pradesh and Nepal. It is deep brownish black except a tuft of curling dirty white hair between the horns and rings of same colour just above the hoof. It is misnamed as the bison. The Horns are flattened to a great degree. Tails are shorter than typical oxen and distinct ridge running from shoulders are either pale or reddish brown. The Gaur is easily recognizable by the high convex ridge on forehead between the horns. It is the tallest of all oxen and found in large forest regions of India from South to the foot of North Eastern Himalayas; the Grass jungles of Ganges valley. It generally prefers hilly districts and also found in elevations of 2000 to 5000 feet. They are shy and retreat at once if intruded by humans. The food mainly comprises of grass, bamboo shoots and leaves, bark of trees. The bison *[Gavaeus Gaurus]* is distributed throughout India and is generally called Jungle buffalo[2]. They move in form of herds of 30 to 40 individuals. There are also shy and retreat on intrusion by humans. Its food consists of leaves, twigs, grasses, tuberous shoots. It has never been domesticated in South India. It utters some distinct sounds some of which resemble sounds made by elephants.

---

1. Prater, S.H., *The Book of Animals*, 1971, Bombay Natural History Society, Oxford University Press, Delhi.
2. Sanderson, G.P., *Thirteen years among the wild beasts of India - their haunts and habits from personal observations with an account of modes and capturing and taming elephants*," Asian educational Servcies, Delhi, 2000.

The Gayal *[Bos Frontalis]* is a species of bull that is peculiar to the mountains and wild woods. It feeds on tender leaves, shoots[1].

There are both wild and domestic varieties of Gayals. In shape of the head it appears like a buffalo but differs from both the buffalo and the cow. The color is generally brown varying from light to deep shade, hair of belly is light color and at times a white forehead. Females produce calves once in 3 years. The eyes resemble common ox, ears are longer and broader, tips of horns are rounded. It has a sharp ridge which commences on hinder part of neck slopes gradually up. Domestic gayals have horns that are thick, massive and less curved than in Gaur extending from sides of head. Some are pale colored while others completely white. It is smaller than Gaur and docile in behaviour[2]. Generally it is found only in Assam, Nepal, Chittagong hills and known here as "*Mithun*".

The present paper tries to glean the orgin, description, behaviour and other beliefs of the Gavaya, *Gaura Mṛga* and Gayals as gleaned from ancient Indian literature and culture.

GAVAYA, GAURA AND GAYALS IN VEDIC TEXTS

Since Vedic times there has been mention of the *Gavaya, Gaura and Gayals.* The *Ṛgveda*[3] RV *[*4.21.8*]* states `He finds the *Gavaya and Gaura*'. RV *[*8.9.3*]* and RV *[*8.9.45*]* also mentions about the *Gaura Mṛga.*

The *Yajurveda Saṁhitā*[4] YV *[*XXIV.28*]* in context of *A[vamedha Yaja* mentions that the *Gavaya* is for guardian of the virtuous *[B]haspati].* The same text states that *Gaura Mṛga* is to be offered to *Mitra* YV *[*XXIV.28*]* elsewhere stating that the animal had to be offered to *Indra* YV *[*24.32*]*. The *Gayal* (*Go Mṛga*) had to be offered to *Vāyu and Prajpati.* RV *[*1.16.5*]*, RV *[*4.58.2*]*, RV *[*5.78.2*]* and RV *[*7.69.6*]* also mention about the *Gaura Mṛga.* The female Gaur known as *Gauri* is mentioned in RV *[*1.84.10*]*, RV *[*4.12.6*]* and RV *[*9.12.3*]*. The *Kapiṣṭhala Kathā Saṁhitā*[5] mentions about *Gavaya* as in *[*25.8 ; 118.12-13*]*.

---

1. Vasey, George., *A monograph of Genus Bos-the Natural history of Bulls, Bisons, and Buffaloes,* John Russell Smith Publishers, London, pg. 51-70, pg. 97-104.
2. Geer, Alexandra Van der., *Animals in Stone- Indian mammals sculptured through time,* Handbook of Oriental studies, Section 2, South Asia, Brill Boston, 2008, Chapter 4, pg. 83-87.
3. Arya, Ravi Prakash, Joshi, K. L., *Ṛgveda Saṁhita* (RV), 2005, With English translation according to H. H. Wilson and *Syāṇcārya Bhāṣya,* Vols. I-IV, Parimal Publications, New Delhi.
4. Griffith, Ralph T. H., *Śukla Yajurveda Saṁhitā with English Translation,* 1990, Nag Publishers, Delhi.
5. Vira, Raghu., *Kapiṣṭhala Kathā Saṁhitā.,* 1932, Meherchand Lacchmandas Publishers, New Delhi.

gavayaṁ āraṇyaṁ anu te diśāmi|

The *Yajurveda Saṁhitā [*13.4*]* mentions about the wild *Gavaya.* Likewise the text also mentions about wild *Gauras [*13.48*]* thus suggesting that there must have been tame or domesticated *Gauras* also in the past. The *Gavaya, Gayal and Gaura* are also mentioned by the *Maitrāyaṇi Saṁhitā*[1] MS *[*III.14.10*].* A wild variety of *Gavaya* is mentioned by the text MS *[*II.7.17*].* The MS *[*III.10.2*]* mentions that the gods immolated a man as a victim, his sap (*medhas*) went out of him and entered a horse. The horse being immolated, the sap entered a cow, then a sheep, goat and so on. The Gods dismissed them as unfit for sacrifices and they became Gavaya. The *Taittirīya Saṁhitā*[2] TS *[*5.5.11 - 5.5.24*]* in context of *Aśvamedha Yajna* states that Gayal *[Gavaya]* is to be offered to the Bull (*vṛṣabha*). TS *[*2.1.10.2*]* mentions a semi domesticated variety of Gayal. That is neither wild nor tame. A wild variety of *Gavaya* is mentioned by TS *[*4.2.10.13*]. Bhaṭṭa Bhāskara's* commentary on *Taittirīya Saṁhitā* states that the *Gavaya* is similar to the cow but bereft of the dewlap (*sāsnārahitah*). He describes the *Gaura Mṛga* as being white or red. The *Go Mṛga* is said to be roaming free of its will and having interest in harming people (*svecchācāraḥ lokapīanaruciḥ*). The *Atharveda Saṁhitā*[3] AV *[*II.8*]* in describing the sap theory as in MS *[*III.10.2*]* states that the Gods dismissed these living beings as no more fit for sacrifice and these sapless creatures such as horse and cow became *Gaura Mṛga* and *Gavaya [*or Gayal*]*, The *Brāhmaṇas* also mention these animals. The Sap theory of *MaitryaGi Saṁhitā* is also described by *Aitereya Brāhmaṇ*a[4] AB *[*II.8*]* wherein the *Gavaya* is mentioned as also in AB *[*III.34*]* where the *Gaura Mṛga* finds a place. The Gayal is mentioned in *Taittirīya Brāhmaṇ*a[5] TB *[*3.8.20.5*].* The *Gavaya* is mentioned in *Śatapatha Brāhmaṇ*a[6] SB *[*1.2.3.9*]* while the same text refers to the Gayal in SB *[*13.3.4.3*]* and SB *[*13.5.2.10*].* Several *Dharmaśāstras* also have details regarding *Gaura, Gavaya and Gayal.* The *Āpastambha Dharmaśāstra*[7] *[*I.17.29*]* states that Gayal meat are not to be eaten.

---

1. Dharmadhikari, T. N. *et al,, Maitrayaniya Saṁhitā,* Vedic texts- a revision, 1990, Prof. C. G. Kashikar Felicitation Volume, Motilal Banarsidass Publishers, Delhi.
2. Kashyap, Dr. R. L., *Kṛṣṇa Yajurveda Taittirīya Saṁhitā,* 2011, Sri Aurobindo Kapali Shastry Institute of Vedic Culture, Bangalore, Vols. I-IV.
3. K. L. Joshi, *Atharvaveda Saṁhitā* (AV) *with Sanskrit text, English translation according to W. D. Whitney and Sāyaṇcārya Bhāṣya,* 2004, Parimal Publications, New Delhi.
4. *Aitereya Brāhmaṇa,* Vols I-III, Nag Publishers, New Delhi, 2003.
5. Kumar, Prof. Pushpendra., *Kṛṣṇa Yajurveda Taittirīya Brāhmaṇa with Sāyaṇcārya Bhāṣya,* 1998, Nag Publishers, New Delhi, Vols. I-III.
6. *Śatapatha Brāhmaṇa according to Mādhyandina recension and Bhāṣya of Sāyaṇcārya and Harisvmin,* 1990, Vols. I-V, Nag Publishers, New Delhi.
7. Olivelle, Patrick., "*The Dharmaśātras Law codes of pastambha, Gautama, Baudhāyana and Vasiṣṭha,* 1999, New York: Oxford UP, Republished by Motilal Banarsidass Publishers, Delhi.

एकखुर उष्ट्र गवय ग्रामसूकर शरभ गवां। *ekakhura uṣṭra gavaya grāmasukkara śarabha gavāṁ*|

The *Vasiṣṭha Dharmaśāstra*[1] *[*14.41*]* also supports this view. The *VicGu Saṁhitā*[2] *[*80.9*]* mentions that the flesh of *Gavaya* is a dietary article for satisfying the manes *[Pitṛs]* for a period of 9 months. The *Parāśara Saṁhitā*[3] *[*6.12*]* states that for killing a *Gavaya*, one should atone by fasting for 7 days and then satisfy the Brahmins. The *Gavaya* is mentioned in *Śāṅkhyaṇa Śrauta Sutra*[4] *[*16.3.14*]*.

GAVAYA, GAURA AND GAYAL IN EPICS AND PURANAS

Several *Purāṇas* and the Epics also flourish details about the behaviour of these animals. Sage *Vālmīkiés Rāmāyaṇa*[5] *[Ayodhyā Khaṇda]* 29.3*]* has Lord *Rma* telling Devi *Sīta* to not accompany him to the forest as Antelopes, lions, tigers, elephant, Gayals and other beasts would run away seeing her. In same *Khaṇda* *[*CIII.42*]*, the text states that boars, wolves, lions, buffaloes, bears, tigers, *GokarGas*, *Gavayas* spotted dear felt stricken with terror. Elsewhere the text states that *Gavaya* are progeny of *Vaivasvata Manu*. But this may mean to be a person's name rather than referring to the animal. Sage *Vysa's Mahābhārata*[6] *[Vana Parva]* states that *Gavayas* were offered for breakfast thus referring to the consumption of its meat. *Gavayas* were also chased by the *Kauravas* in the *Dvaitavana* during their hunt. The *Vana Purva [Tīrthayātrā Parva*, CXLVI*]* states that boars, deers, buffaloes, lions, tigers and *Gavayas* began to cry as *Bhima* rushed shaking the earth with his tread, out of fear.

The *Bhāgavata Purāṇa*[7] *[*VIII.10.9É12*]* states that during the battle between demons and Demigods, soldiers also fought on backs of *Gavayas and Arunas* along with other animals. The *Vyu Purāṇa*[8] states that *Gavayas* are progeny of *Mṛgamanda*, wife of *Pulaha*. The *Skandha Purāṇa*[9] *[*IV.i.35 - 75*]* while describing the spiritual

1. Olivelle, Patrick., *Ibid.*,
2. Tarkaratna, P., (Ed.), *Knaviṁśati Saṁhitā,* Bangabasi Pustak Vibhaga, Kolkata. Also *Dharmaśātras*-Text and translation, Dutt, M. N., H. C. Das Elysium Press, Kolkata, 1907.
3. Tarkaratna, P., (Ed.), *Ibid.*,
4. Hillebrandt, A., *Śāṅkhyaṇa Śrauta Sktra* with commentary of Varadadattasuta Anartiya, Bibliotheca Indica series, Asiatic Society, Kolkata.
5. Mudholakara, Srinivasa Katti (ed.), *Śrīmad Vālmīki Rāmāyaṇa,* with commentaries- *Tilaka of Rāma, Rāmāyaṇa Śiromaṇi of Śivasahaya and Bhuṣaṇa of Govindarja*, 1991, Parimal Publications, New Delhi.; Also edition by Calcutta Sanskrit series, Metropolitan Publishing House, Calcutta, 1931-42.
6. *Śriman Mahābhārata* with commentary of *Chaturdhara Nīlakaṇṭha ṭīkā, Nāmānukramaṇikāa* and notes by Mishra, Mandan, Vols. I-IX, , 1988, Nag Publishers, New Delhi, numbers in *Ślokas* indicate the *Parva, Adhyāya, Śloka.*
7. Shastri, Acharya Jagadishlal, 1988, *Bhāgavata Purāṇa* , With commentary of *Śrīdhara Svāmin,* Vol. I-II, Motilal Banarasidass Publishers, New Delhi.
8. Tagare, G. V.*, Vāyu Purāṇa,* Ancient Indian Tradition and Mythology series Vol. 37-38, Motilal Banarasidas Publishers, New Delhi., Sanskrit text from *Vāyu Purāṇa,* Anandashram Sanskrit Series No.49, Pune.
9. Bhatt, G. P., *Skandha Purāṇam* , 1993, With English translation, 20 Vols, Motilal Banarsidas Publishers, New Delhi. Sanskrit text from Venkateshwar Press, Bombay.

influence of Sage *Agastya*'s hermitage states that *Gavayas* abandon acute rivalry with porcupines and stays together at one place.

GAVAYA, GAURA AND GAYALS IN POST-VEDIC TEXTS

Several Post-Vedic texts also flourish details about *Gayals, Gavayas, Gaura Mrigas* and so on. The *Ko[as* give several synonyms of the term `*Gavaya*' as *Vanagoḥ, Balabhadra, Mahāgavaḥ, Vanadhenuḥ and Bhillagavī.*

The *Udyotakāra Nage[a* on *Patạjali's Mahbhcya*[1] *[*I.I.44*]* mentions the maxim of outline of image of wild ox *[rekhāgavayanyāya]* in which a person who has not seen a wild ox goes to a person who knows about it and sketches the animal using a piece of chalk.

Kauṭilya's Arthaśāstra[2] states that the skins of Gavayas were used for various purposes along with skins of other animals. The *Suśruta Saṁhitā*[3] *[*46.94*]* includes *Gavaya* among animals that frequent marshy areas moving on banks of rivers. The animal lacks a hump and dew lap and closely resembles a cow. The *Charaka Saṁhitā*[4] *[Sutra Sthāna*, 27. 39*]* and *Aṣṭāṅga Hṛdaya Sutra*[5] *[*VI. 50*]* also mention about *Gavaya.*

The *Daddhabha Jātaka*[6] *[*No.322*]* has reference to *Gavayas. Kālidāsa's* works like *Kumāra Sambhava*[7] *[*I.56*]* and *ṛtusaṁṁhāra*[8] *[*I.23, 27*]* refer to *Gavayas. Bāṇabhaṭṭa's Harṣacarita*[9] *[*Chap.VIII*]* in describing the Vindhya forest states that the female Gayals were watched by motionless wolves as they gave milk to their young ones.

---

1. M. M. Pt. Shivadatta Sharma, *Patnjali Vyākaraṇa Mahābhāṣya with commentaries Bhāṣyapradīpa of Kaiyāṭa upādhyāya and Bhāsya Pradīpoddyot of Nāgeśa Bhaṭṭa,* 1988, Chaukhambha Publications, Kashi, Vol. 1-2.
2. Venkatanathacharya, N. S., *Kauṭilya Arthaśāstra.,* Oriental Research Institute, Series No. 158, Mysore, 1986.
3. Bhishagratna, Kaviraj Kunjalal, Mitra, Dr. Jyotir and Dwivedi, Dr. Laxmidhar (ed.s), *Suśuta Saṁhita* Text with English translation, 1983, Vols. I-III., Chowkhambha Sanskrit Series, Varanasi
4. Sharma, Dr. Ramkaran., Dash, Vaidya Bhagawan., *Charaka saṁhita* - Text with translation and notes based on *Chakrapāṇi's Aāyurvedadīpikā*, Chowkhambha Sanskrit Series No. 94, Vol.I-VII, 1976, 1977, 1988, 1997, 1998, 2001, 2002, Chowkhambha Publications, Varanasi.
5. Srikanthamurthy, Dr. K. R., *Aṣṭāṅga Hṛdaya Sutra* of Vagbhata, Vols. I-III, Chowkhambha Sanskrit Series, Varanasi.
6. Cowell, E. B., *The Buddhist Jatakas,* 1990, Vols. I-VI, Munshiram Manoharlal Publishers, Delhi.
7. *Kumārasambhava of Kālidāsa with commentaries of Mallinātha Charitravardhana and Sitārāma,* 1989, Nag Publishers, New Delhi.
8. Kale, M. R.,2002, *Ṛtusaṁhāra of Kālidāsa,* Sanskrit text with English translation and notes, New Delhi.
9. Parab, K. Pandurang., *Bṇabhaṭṭa's Harṣacarita,* 1925, Javaji Publishers, Mumbai.

The *Rājanighaṇṭu* gives the qualities of flesh of *Gavaya*. The *Mṛgapakṣiśāstra*[1] *of Haṁsadeva*, a Jain author of 13th c .A.D. also gives the characteristics of *Gavaya* mistaking them to be a type of musk deer. Their ears are long and do not like scent of human beings and run away. They occur in different colours, possess anger and cannot be caught easily. The *Bhojanakutkhala*[2] *of Raghunātha Suri* dated to 17th c. A.D gives qualities of flesh of *Gavaya* and states that it is strengthening, an aphrodisiac, nourishing and imparts taste.

गवयस्यामिषं बल्यं रुच्यं वृष्यं च बृंहणम्। *gavayasyāmiṣaṁ balyaṁ rucyaṁ vṛṣyaṁ ca bṛṁhaṇaṁ*|- *Māṁsa Prakaraṇam*

Thus *Gavayas, Gayals and Gaurs* are described in ancient literature that still further research in other texts may reveal much more about these animals.

ACKNOWLEDGEMENTS

I would like to thank the Secretary, *Mythic Society, Bangalore* and Secretary, *Kannada Sahitya Parishat, Bangalore* for providing the necessary references.

1. *Mṛgapakśiśāstra of Hamsadeva*, 1927, Translated by Sundaracharya, M., Published by Krishnaswamy, V., Kalahasti.
2. *Bhojanakutkhalam of Raghunātha Suri*, Text with English translation, Institute of Ayurveda and Integrative Medicine (IAIM) and Foundation for Revitalization of Local Health traditions (FRLHT), Bangalore, 2012.

लेखकसूची

1. **प्रो. अमिता शर्मा,** साहित्यसंस्कृतिसङ्कायप्रमुखचरा, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्, नवदेहली-16

2. **डॉ. दीपककुमारद्विवेदी,** पूर्वशोधच्छात्रः, न्यायवैशेषिकविभागस्य, श्रीलालबहादुरशास्त्री-राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्, नवदेहली-16

3. **डॉ. सियंका द्विवेदी,** पूर्वशोधच्छात्रा न्यायवैशेषिकविभागस्य, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रिय-संस्कृतविद्यापीठम्, नवदेहली-16

4. **श्रीमती सुरभिशर्मा,** शोधच्छात्रा, सर्वदर्शनविभागस्य, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृत-विद्यापीठम्, नवदेहली-16

5. **डॉ. रामनारायणद्विवेदी,** सहायकाचार्यः, व्याकरणविभागस्य, राजकुमारीगणेशशर्मासंस्कृतविद्यापीठम् पटोरी, दरभंगा, बिहारः

6. **श्रीरामनरेशत्रिपाठी,** शोधच्छात्रः, विशिष्टाद्वैतवेदान्तविभागस्य, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृत-विद्यापीठम्, नवदेहली-16

7. **प्रो. बच्छराज दूगड़,** जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय, लाडनूँ, राजस्थान - 341 306

8. **डॉ. पी. के. पण्डा,** सहाचार्य, संस्कृत विभाग, रामजस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली-7

9. **डॉ. अरुण मिश्र,** निदेशक, शोध एवं परियोजना, भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् 36 तुगलकाबाद इन्स्टिट्यूशनल एरिया महरौली बदरपुर रोड, नई दिल्ली-62

10. **डॉ. कमलेश रानी,** सहायकाचार्य, संस्कृत विभाग, कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

11. **K.G. Sheshadri,** *Ex- IISc. Proj. Asst with interests in Ancient Indian Sciences and Indology,* RMV Clusters, Phase-2, Block-2, 5th floor, Flat No.503, Devinagar, Lottegollahalli, Bangalore–560094